THE BOOK WAS DRENCHED

UNIVERSAL
LIBRARY

OU_186143

UNIVERSAL
LIBRARY

H375-1P29R G.H.2584
चंपापेपर, जीना-Checked 1969
अरबी प्रारंभिक पाठ्य क्रम 1/1953
6 DEC 1956 Vasant Vora
B. Tech Iyear

नीना पतापोवा

रूसी

प्रारंभिक पाठ्यक्रम

प्रथम पुस्तक

हिन्दी तथा रूसी भाषाओं की
कुछ विशेषताओं का तुलनात्मक विवेचन
ले० मि० पोमेरानत्सेव तथा
ये० पे० चेलिशेव द्वारा किया गया है

विदेशी भाषा प्रकाशन गृह
मास्को १९५८

Н. Ф. ПОТАПОВА

УЧЕБНИК РУССКОГО ЯЗЫКА

Часть первая

अनुवादक : यशवन्त

प्रस्तावना

"रूसी" के प्रारभिक पाठ्यक्रम मे प्रथम पुस्तक तथा द्वितीय पुस्तक का समावेश है (प्रथम पुस्तक के प्रकाशन के पश्चात् शीघ्र ही द्वितीय पुस्तक प्रकाशित होगी)।

रूसी भाषा का यह प्रारभिक पाठ्यक्रम मुख्यतया अध्यापक की सहायता से पढने वाले प्रौढ विद्यार्थियों के लिये बनाया गया है। फिर भी यह पुस्तक रूसी भाषा स्वय-शिक्षक का भी काम दे सकेगी। इस पुस्तक मे पाठ्य सामग्री को इस प्रकार प्रस्तुत किया गया है जिससे विद्यार्थी किसी की सहायता के बिना भी रूसी भाषा का अध्ययन कर सके। इसमे अधिकाश अभ्यासों की कुजिया भी दी गई है।

इस प्रारभिक पाठ्यक्रम का उद्देश्य यह है कि विद्यार्थी इसकी सहायता से बोलचाल की रूसी भाषा का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त कर सके एव रूसी समाचारपत्रो तथा आसान ललित साहित्य को पढ एवं समझ सके। पाठ्य सामग्री का चुनाव, उसे प्रस्तुत करने का क्रम, अभ्यासों की सख्या तथा स्वरूप इन सबका उद्देश्य उपर्युक्त लक्ष्य की प्राप्ति का ही रहा है। पाठ्यक्रम मे रूसी व्याकरण तथा स्वर-शास्त्र के मुख्य नियमो का समावेश है और लगभग ५,००० शब्दों का कोश तथा कई प्रचलित वाक्-व्यवहारों तथा मुहावरो का सग्रह भी इसमे है।

प्रथम पुस्तक के चार भाग है। प्रत्येक भाग मे लगभग दस अध्यायों का समावेश है और हर भाग मे रूसी भाषा के कुछ निश्चित विशेष अगों के बारे मे विचार किया गया है। अध्यायों को इस प्रकार प्रस्तुत किया गया है जिससे विद्यार्थी क्रमिक रीति से भाषा व्यवहार पर अधिकार प्राप्त कर सके।

रूसी भाषा के इस प्रारभिक पाठ्यक्रम को बनाते समय व्याकरण तथा शब्द-संग्रह के संबंध की ओर काफी ध्यान दिया गया है। विद्यार्थी को रूसी भाषा के बुनियादी तत्त्वों से परिचित कराया जाने के बाद बारहवे अध्याय से अध्यायों को 'क' तथा 'ख' मे विभाजित किया गया है। 'क' भाग मे व्याकरण के नये नियमों पर बल दिया गया है। 'ख' भाग मे दी गई विस्तृत पाठ्य सामग्री मे इनका व्यावहारिक प्रयोग किया गया है।

"रूसी", प्रारभिक पाठ्यक्रम, इसी लेखिका द्वारा अंग्रेजी भाषा-भाषियों के लिये लिखित तथा १९४६ मे प्रकाशित अग्रेजी पुस्तक "रूसी" (भाग १) का परिष्कृत स्वरूप है। पद्धति सबधी सिद्धान्तो को आगे विकसित किया गया है तथा पुस्तक के सामान्य स्वरूप मे पूर्णतया परिवर्तन किया गया है।

इस पुस्तक के सुधार मे सहायक सुझावो या सम्मतियो के लिये लेखिका अत्यन्त आभारी रहेगी। सुझाव या सम्मतियाँ निम्नलिखित पते पर भेजी जायं: विदेशी भाषा प्रकाशन गृह, जूबोव्स्की बुलवार, २१, मास्को।*

पतापोवा

---

* Издательство литературы на иностранных языках, Москва, Зубовский бульвар, 21

रूसी वर्णमाला

वर्ण		हिन्दी में निकटतम उच्चारण — जैसे*	वर्णों के नाम
मुद्रित	हस्तलिखित		
Аа		आम मे आ	आ а
Бб		बतख में ब	бэ
Вв		वजन में व	вэ
Гг		गरुड मे ग	гэ
Дд		दवात मे द	дэ
Ее		चाहिये मे ये (अध्याय ४ देखिये)	е (йэ)
Ёё		योगी में यो	ё (йо)
Жж		डिवीजन मे ज (अध्याय ८ देखिये)	жэ
Зз		जमीन मे ज	зэ
Ии		ईख मे ई	и
Йй		यमुना मे य	й (и краткое—ह्रस्व)
Кк		कमल मे क	ка
Лл		लडका मे ल (अध्याय २ देखिये)	эл (эль)
Мм		मकई में म	эм
Нн		नगर मे न	эн

* जहाँ रूसी ध्वनि तथा उसके हिन्दी प्रतिरूप के उच्चारण मे विशेष अंतर है वहाँ विद्यार्थियों का ध्यान उन अध्यायों की ओर आकृष्ट किया जाता है जिनमें सबंधित उच्चारणों का अन्तर स्पष्ट किया गया है।

वर्ण		हिन्दी में निकटतम उच्चारण — जैसे	वर्णों के नाम
मुद्रित	हस्तलिखित		
Оо	*О о*	ओस में ओ	ओ о
Пп	*П п*	पतंग में प	пе пэ
Рр	*Р р*	रथ में र	ер эр
Сс	*С с*	सरकार में स	ес эс
Тт	*Т т*	तलवार में त	те тэ
Уу	*У у*	ऊन में ऊ	у у
Фф	*Ф ф*	फ़सल मे फ़	еф эф
Хх	*Х х*	हल में ह	ха ха
Цц	*Ц ц*	उत्सव में त्स (अध्याय ७ देखिये)	це цэ
Чч	*Ч ч*	चमच में च	че че
Шш	*Ш ш*	शहर में श	ша ша
Щщ	*Щ щ*	निश्चय में श्च (अध्याय ८ देखिये)	ща ща
Ъъ	*ъ*	(अध्याय ६ देखिये)	"कठोर चिन्ह" „твёрдый знак"
Ыы	*ы*	इतवार में इ (लेकिन कठोर — अध्याय ७ देखिये)	ы
Ьь	*ь*	(अध्याय ५, ६ देखिये)	"मृदु चिन्ह" „мягкий знак"
Ээ	*Э э*	एकड़ में ए	е э
Юю	*Ю ю*	युग में यु	ю ю (йу)
Яя	*Я я*	याद में या	я я (йа)

पहला भाग

УРОК 1 — पहला अध्याय

भाषण ध्वनियाँ तथा वर्ण:

स्वर: а, о, у, э.

व्यंजन: м, д, т, в, с.

व्याकरण

भाषण ध्वनियाँ तथा वर्ण

रूसी ध्वनियाँ हिन्दी ध्वनियों से कई बातों में भिन्न हैं। उदाहरणार्थ, रूसी में 'ट', 'ठ', 'ड', 'ढ', 'ण' की ध्वनियाँ नहीं हैं जब कि रूसी में कुछ ध्वनियाँ ऐसी हैं जिनके प्रतिरूप हिन्दी में नहीं है। कुछ रूसी ध्वनियों का उच्चारण उनके हिन्दी प्रतिरूपों से भिन्न होता है।

१. स्वर

а

रूसी а का उच्चारण 'आम' शब्द के आ जैसा होता है। फिर भी वह उतना दीर्घ नहीं है।

о

रूसी о की ध्वनि लगभग वही है जो हिन्दी में 'ओर' शब्द में ओ की है।

у

रूसी у का उच्चारण हिन्दी के 'ऊन' शब्द के ऊ की तरह होता है।

э

रूसी э 'एकड़' शब्द के ए के समान है।

सारांश

सभी रूसी स्वर-ध्वनियाँ मध्य परिमाण की लंबाई रखती हैं। याने उनका उच्चारण न बहुत दीर्घ होता है और न बहुत ह्रस्व ही।

रूसी भाषा में स्वर-ध्वनि के दीर्घ या ह्रस्व उच्चारण से शब्द के अर्थ पर कोई प्रभाव नही पड़ता। फिर भी विविध भावदर्शक छटाओं को प्रकट करने के लिये रूसी स्वर-ध्वनियों का दीर्घ उच्चारण किया जाता है। इसी लिये a! o! और э! इन विस्मयादिबोधकों में स्वरों का दीर्घ उच्चारण करने की प्रवृत्ति प्रचलित है।

Аа, Оо, Уу, Ээ इन वर्णों के नाम और उनके उच्चारण एक से हैं।

उच्चारण कीजिये:

a — y,	a — o,	a — э
o — a,	o — y,	o — э
y — a,	y — o,	y — э
э — a,	э — o,	э — y

२. व्यंजन

М

м का उच्चारण 'मकई' शब्द के म जैसा है। इस वर्ण का नाम *эм* (एम) है।



उच्चारण कीजिये:

ма — мо — му — мэ

Д, Т

रूसी д का उच्चारण 'दवात' शब्द के द जैसा है और т का उच्चारण 'तलवार' शब्द के त जैसा है।

д घोष व्यंजन है जब कि т अघोष है। तुलना करके देखिये:

дом — घर और том — (ग्रन्थ का) खण्ड

Дд वर्ण का नाम *дэ* है और Тт वर्ण *тэ* कहलाता है।

निम्नलिखित ध्वनि-संयोगों का उच्चारण बायें से दाये तथा ऊपर से नीचे इस क्रम से कीजिये:

да — да, до — до, ду — ду, дэ — дэ

та — та, то — то, ту — ту, тэ — тэ

да — हाँ, там — वहाँ, тут — यहाँ

в

रूसी в का उच्चारण हिन्दी के 'वजन' शब्द के व जैसा है।

Вв वर्ण का नाम *вэ* है।

उच्चारण कीजिये:

ва — во — ву — вэ

вот — यहाँ है (यह)

с

रूसी с का उच्चारण 'सरकार' शब्द के स जैसा है।

Сс वर्ण का नाम *эс* है।

мост पुल

व्याकरण

१. वर्तमान काल में सहकारी क्रियाओ का अभाव — रूसी मे हिन्दी की 'है', 'हैं' आदि सहकारी क्रियाओं के समान क्रियाओं का उपयोग वर्तमान काल मे आम तौर पर नही किया जाता:

Дом там का अर्थ हे: घर वहाँ है।

२. रूसी में प्रश्न पूछते समय संबधित विधानार्थक वाक्य ही का शब्द-क्रम जारी रखते हुए वाक्य का उच्चारण प्रश्नार्थक लहजे मे किया जाता है:

Дом там? (क्या) घर वहाँ है?

पढ़िये :

Вот дом.	यह घर है।
Вот мост.	यह पुल है।
Дом там.	घर वहाँ है।
Мост тут.	पुल यहाँ है।
Дом там?	(क्या) घर वहाँ है?
Да, дом там.	जी हाँ, घर वहाँ है।
Мост тут?	(क्या) पुल यहाँ है?
Да, мост тут.	जी हाँ, पुल यहाँ है।

सुलेखन

Аа, Оо, Уу, Ээ

Вв, Дд, Мм, Тт, Сс

Дом. Мост. Вот дом.

Там мост, дом.

अभ्यास

१. ऊपर दिये गये वर्णों में से प्रत्येक को तीन बार लिखिये।

२. इस पृष्ठ पर दिये गये आठ वाक्यों को फिर से लिखिये।

३. निम्नलिखित शब्दों के वर्णों के नाम लिखिये:

вот, мост, дом, там

४. रूसी में अनुवाद कीजिये:

१. घर यहाँ है।	२. पुल वहाँ है।
३. यह घर है।	४. यह पुल है।

УРОК 2– दूसरा अध्याय

भाषण ध्वनियाँ तथा वर्ण:
स्वर и.
व्यंजन: р, б, п, з, н, л, ф.
शब्दांश तथा शब्द में बल

भाषण ध्वनियाँ तथा वर्ण

१. स्वर И

रूसी и का उच्चारण 'ईख' शब्द की ई जैसा है।

फिर भी, हिन्दी ध्वनि की तुलना में रूसी и का उच्चारण बल (स्वराघात) दिये हुए शब्दांश में भी ह्रस्व है किन्तु वह 'इमारत' शब्द की इ जितना ह्रस्व नही है।

и – –और

и́ва – –सरपत वृक्ष

टिप्पणी: и́ва शब्द में и पर [′] चिन्ह लगाया गया है। यह बल-सूचक चिन्ह है और जब किसी स्वर पर यह चिन्ह दिया जाता है तब उसका अर्थ है कि सबंधित शब्दांश पर बल दिया जाय और अधिक जोर से उसका उच्चारण किया जाय। देखिये पृष्ठ १५।

Ии वर्ण का नाम उसके उच्चारण जैसा ही है।

२. व्यंजन

р

रूसी р का उच्चारण 'रथ' शब्द के र जैसा है।



हिन्दी में ड़ वर्ण से जो ध्वनि प्रकट होती है उसको प्रकट करने के लिये रूसी भाषा में कोई वर्ण नहीं है और ऐसी ध्वनि भी नहीं है।

Рр वर्ण का नाम है *эр*

उच्चारण कीजिये:

ра	ро	ру	рэ
ра — ра	ро — ро	ру — ру	рэ — рэ
ар	ор	ур	эр

ра́ма चौखट рот मुँह

Ира* (एक स्त्री का नाम) двор आँगन

трава́ घास аэродро́м** हवाई अड्डा

Вот двор. यह आँगन है।

Там ива и трава́. वहाँ एक सरपत वृक्ष तथा घास है।

б, п

रूसी **б** का उच्चारण 'बतख' शब्द के ब जैसा है।

रूसी **п** का उच्चारण 'पतंग' शब्द के प जैसा है।

б घोष व्यंजन है जबकि **п** अघोष व्यंजन है। तुलना करके देखिये:

борт — जहाज की बगल तथा **п**орт — बंदरगाह

Бб वर्ण को *бэ* कहते है और **Пп** वर्ण को *пэ* कहते है।

брат भाई	**п**а́рта स्कूली डेस्क
рабо́та काम	**п**орт बंदरगाह
труба́ नल	с**п**орт खेलकूद

з

रूसी **з** का उच्चारण 'जमीन' के ज जैसा है।

з घोष व्यंजन है। उसका रूसी अनुरूप अघोष व्यजन है **с** (पहला अध्याय देखिये)। तुलना कीजिये:

зуб — दाँत और **с**уп — झोल

टिप्पणी: зуб शब्द के अन्त मे **б** का उच्चारण [п] जैसा होता है।

---

* रूसी व्यक्तिवाचक सज्ञाओं का पहला अक्षर बड़ा लिखा जाता है।

** Аэродро́м शब्द की а और э ध्वनियों का उच्चारण दो अलग अलग ध्वनियों के रूप में किया जाना चाहिये।

З з वर्ण को *зэ* कहते हैं।

ва́за	गुलदान
ро́за	गुलाब
завО́д	मिल, कारखाना

टिप्पणी: завО́д शब्द के अन्त मे д का उच्चारण [т] जैसा होता है।

Вот ва́за и ро́за.	यह गुलदान और गुलाब है।
Вот дом и двор.	यह घर और आँगन हैं।
Там завО́д.	वहाँ कारखाना है।

Н

रूसी **н** का उच्चारण 'नगर' शब्द के न जैसा है।

н घोष व्यंजन है।

н वर्ण का नाम *эн* है।

उच्चारण कीजिये:

на — на, но — но, ну — ну, нэ — нэ

нос नाक	Дон दोन (सोवियत सघ की एक नदी)
но́та सुर (सगीत का)	страна́ देश
Ива́н (एक पुरुष का नाम)	сно́ва फिर
он वह (पु०)	
Вот Дон и мост.	यह दोन नदी तथा पुल है।
Ива́н сно́ва тут. Вот он.	इवान फिर यहाँ है। यह वह है।

Л

रूसी **л** का उच्चारण 'लडका' शब्द के ल के समान किन्तु उससे कुछ कठोर है।

रूसी **л** का उच्चारण करते समय जिह्वामूल उसी तरह ऊपर उठता है जैसा कि **у** के उच्चारण में। और बाद में जिह्वाग्र को ऊपर वाली दतपक्ति के पीछे तक लाना चाहिये जैसा कि **д, т, н** के उच्चारण में किया जाता

है। ध्यान रहे कि जिह्वाग्र का झुकाव नीचे की ओर होना चाहिये। जिह्वा की इस स्थिति में विशेषतापूर्ण कठोर रूसी л का सही उच्चारण किया जा सकता है।

л घोष व्यंजन है।

Лл वर्ण का नाम *эл* है।

उच्चारण कीजिये:

л — ал л — ол ул — эл

ла — ла ло — ло лу — лу

мол सेतुबध	зал सभागृह	ла́мпа दीपक, लैम्प
пол फ़र्श	бал नृत्य	план खाका, ढाँचा, योजना
стол मेज़	плот लट्ठों की नाव	сла́ва प्रसिद्धि
стул कुर्सी	слон हाथी	луна́ चाँद
Ура́л उराल (सोवियत संघ की एक पर्वतमाला)		тала́нт बुद्धि, प्रतिभा

Вот стул, стол, пол. यह कुर्सी, मेज तथा फ़र्श है।

Вот ла́мпа, план. यह दीपक तथा योजना है।

Стол тут, ла́мпа там. मेज़ यहाँ है, दीपक वहाँ है।

Вот зал. Тут стул, стол и ла́мпа. यह सभागृह है। यहाँ कुर्सी, मेज तथा दीपक है।

Ф

रूसी ф बड़ी हद तक 'फ़सल' शब्द के फ के समान है।

ф का उच्चारण в की तरह किया जाता है लेकिन в घोष व्यंजन है जब कि ф अघोष है। तुलना कीजिये:

ва́за गुलदान और фа́за अवस्था

Фф वर्ण का नाम है *эф*।

фра́за वाक्यांश	флот नौका-दल
ф**о**́рма आकार	футбо́л फ़ुटबॉल

Вот порт. Тут флот. यह बंदरगाह है। यहाँ नौका-दल है।

३. शब्दांश तथा शब्द में बल

१. रूसी भाषा के शब्दों की बनावट निम्न प्रकार की हो सकती है:

(क) एक अंश वाले — дом

(ख) दो अश वाले — стра-на́ — страна́

(ग) तीन अंश वाले — ра-бо́-та — рабо́та

(घ) तीन से अधिक अश वाले; लेकिन ऐसे शब्दों की संख्या कम है।

२. एक से अधिक शब्दांश वाले शब्दों में केवल एक शब्दांश पर बल दिया जाता है, बाक़ी शब्दांश बलरहित रहते हे।

शब्दांशों का बल हिन्दी की अपेक्षा रूसी मे अधिक ज़ोरदार होता है।

रूसी में बलरहित शब्दांश की अपेक्षा बलसहित शब्दांश बहुत ही ज़ोर के साथ बोला जाता है और इसलिये वह दीर्घोच्चारित होता है। मतलब यह कि शब्दांश के बल का प्रभाव स्वरों के उच्चारण पर पड़ता है:

(क) जिन स्वरों पर बल दिया जाता है उनका उच्चारण स्पष्ट तथा पृथक् होता है (बलरहित स्वर की अपेक्षा बलसहित स्वर के उच्चारण में अधिक समय लगता है और स्वरेंद्रियों पर अधिक तनाव पड़ता है)।

(ख) बलरहित स्वर कुछ अस्पष्ट रहते हे और उनका उच्चारण भी लबा नही होता (इनके उच्चारण में कम समय लगता है और स्वरेंद्रियों पर ज्यादा तनाव नहीं पड़ता)।

३. (क) कुछ रूसी शब्दों में पहले शब्दाश पर बल होता है:

ка́рта नक़्शा, ла́мпа दीपक

(ख) अन्य शब्दों में अन्तिम शब्दांश पर बल होता है:

страна́ देश, футбо́л फ़ुटबॉल

(ग) ऐसे भी शब्द हे जिनमें बीच के शब्दांश पर बल होता है:

рабо́та काम

टिप्पणी: विद्यार्थियों की सुविधा के लिये इस पुस्तक में बलसहित शब्दांश (′) चिन्ह से सूचित किया गया है। फिर भी शब्दारंभ के बड़े वर्णों पर यह चिन्ह नहीं लगाया गया है, भले ही वे बलसहित हों।

पढ़िये (बलरहित a का उच्चारण बलसहित a के उच्चारण से ज़रा अस्पष्ट और ह्रस्व कीजिये):

Вот стол, стул, ла́мпа.	यह मेज़, कुर्सी तथा दीपक हैं।
Там стол, ва́за, ро́за.	वहाँ मेज, गुलदान तथा गुलाब हैं।
Вот зал, пол, ла́мпа.	यह सभागृह, फ़र्श तथा दीपक हैं।
Там порт, там мол, там флот.	वहाँ बदरगाह है, वहाँ सेतुबंध है, वहाँ नौका-दल है।
Там двор, дом и мост. Вот заво́д.	वहाँ आँगन, घर तथा पुल है। यह कारखाना है।
Тут ра́ма, стол, стул и па́рта.	यहाँ चौखट, मेज, कुर्सी तथा स्कूली डेस्क है।
Вот двор. Тут и́ва. Тут трава́.	यह आँगन है। यहाँ सरपत वृक्ष है। यहाँ घास है।

सुलेखन

Ии, Бб, Пп, Ззъ, Нн. Лл, Рр
Страна. Брат. Работа. Дом и двор.
Зал. План.

अभ्यास

१. उपर्युक्त अक्षरों तथा शब्दों में से प्रत्येक को तीन बार लिखिये।

२. उपर्युक्त सात वाक्यों को फिर से लिखिये।

३. उपर्युक्त वाक्यों से वे शब्द बतलाइये जिनमें दो a है। यह निश्चित कीजिये कि इन दो a में से किसका उच्चारण स्पष्ट तथा पृथक् है और किसका उच्चारण अधिक अस्पष्ट है।

४. निम्नलिखित शब्दों के बलसहित स्वरों पर निशान लगाइये:
фаза, фраза, форма, завод, работа, страна, слава, футбол, ива, трава, рама, труба, нота, снова, луна
इस अध्याय में दी गई शब्द-सूचियों से सहायता लीजिये।

५. उपर्युक्त शब्दों के लिये हिन्दी शब्द लिखिये।

६. रूसी में अनुवाद कीजिये:
यह दीपक, कुर्सी तथा मेज हैं। वहाँ स्कूली डेस्क है। यहां योजना है।

УРОК 3 — तीसरा अध्याय

भाषण ध्वनियाँ तथा वर्ण:
व्यंजन: г, к, х.
बलरहित स्वर а तथा о.
वर्णविचार: बलरहित स्वरों का लेखन

भाषण ध्वनियाँ तथा वर्ण

१. व्यंजन

г, к

रूसी г का उच्चारण 'गरुड' शब्द के ग जैसा है।
रूसी к का उच्चारण 'कमल' शब्द के क जैसा है।



г घोष व्यंजन है जब कि к अघोष है। तुलना कीजिये:

густ घना और куст झाडी

Гг वर्ण को *гэ* कहते हैं और **Кк** वर्ण को *ка* कहते हैं।

грамм	ग्राम	нога́	पैर
гром	मेघध्वनि	Во́лга	वोल्गा (सोवियत संघ की एक नदी)
вагóн	रेल का डिब्बा		
бума́га	काग़ज		

ка́рта	नक़्शा	замо́к	ताला
кана́л	नहर	гудо́к	सीटी
рука́	हाथ	стано́к	खराद
бу́ква	वर्ण (अक्षर)	класс	कक्षा
Баку́	बाकू (अजेरबैजान सोवियत जनतंत्र की राजधानी)	вокза́л	रेलवे स्टेशन
		ко́мната	कमरा
нау́ка	विज्ञान	уро́к	अध्याय, पाठ

а और у का उच्चारण दो पृथक् ध्वनियों के रूप में करना चाहिये।

Вот класс. Тут уро́к.	यह कक्षा है। यहाँ अध्याय है।
Вот ка́рта и бума́га.	यह नक़्शा और काग़ज़ है।
Там вокза́л. Там ваго́н.	वहाँ रेलवे स्टेशन है। वहाँ रेल का डिब्बा है।
Вот рука́. Вот нога́.	यह हाथ है। यह पैर है।

х

रूसी х 'हल' शब्द के ह के समान है।



х ध्वनि का उच्चारण लगभग उसी तरह किया जाता है जिस तरह к का। लेकिन उसमें फ़र्क यह है कि उच्चारण के समय जिह्वा तालु के पिछले हिस्से को स्पर्श नहीं करती बल्कि सिर्फ़ उसके निकट आती है और उच्छ्वास के लिये मार्ग खुला रहता है।

x ध्वनि का उच्चारण दीर्घ किया जाता है जब कि **к** एक क्षणिक ध्वनि है।

x अघोष व्यंजन है।

Xx वर्ण का नाम *xa* है।

халáт ड्रेसिंग-गाउन	хор गायक-समूह	бýхта उपसागर
сáхар शक्कर	холм पहाड़ी	вáхта पहरा

Вот зал. Там хор. Вот бýква «**х**» (**ха**).
Тут урóк. Вот бýква «**к**» (**ка**).
Вот бýхта. Там холм. Тут канáл.

२. बलरहित स्वर o

१. बल के स्थान के अनुसार शब्द का अर्थ बदल सकता है। उदाहरणार्थ निम्नलिखित समान हिज्जेवाले दो शब्दों की तुलना करके देखिये:

замóк ताला — बल दूसरे शब्दांश पर है।
зáмок क़िला — बल पहले शब्दांश पर है।

२. बलरहित शब्दाशों को दो प्रकारों में बाँटा गया है — बलसहित शब्दांश के पूर्ववर्ती (पहले के) शब्दांश और परवर्ती (बाद के) शब्दांश। **бумáга** शब्द में तीन शब्दांश हैं। इनमें से:

(१) **бу-** बलसहित शब्दाश के पहले का बलरहित शब्दाश है।
(२) **-má-** बलसहित शब्दाश है।
(३) **-га** बलसहित शब्दांश के बाद आया हुआ बलरहित शब्दांश है।

} **бумáга**

३. पिछले अध्याय में यह बतलाया गया था कि बलरहित शब्दांशों के सभी स्वरों का उच्चारण बलसहित शब्दांशों के स्वरों से अस्पष्ट किया जाता है। **o** स्वर के उच्चारण के बारे में कुछ खास विशेषताएं हैं। किसी शब्द में उसके स्थान के अनुसार उसका उच्चारण बदलता है:

(क) जब **o** स्वर बलसहित शब्दांश के पूर्ववर्ती बलरहित शब्दांश में आता है तब उसका उच्चारण अस्पष्ट रूसी **a** जैसा किया जाता है:

о → [а]

Москвá	मास्को	горá	पर्वत
онá	वह (स्त्रीलिंग)	водá	पानी
онó	वह (नपुं०)	фонтáн	फुहारा
окнó	खिड़की	доскá	फलक, काला तख्ता
ногá	पैर	вокзáл	रेलवे स्टेशन
		дорóга	मार्ग

(ख) जब о पहले खुले शब्दांश में आता है तब उसके बलसहित शब्दांश के पूर्ववर्ती न रहते हुए भी उसका उच्चारण अस्पष्ट रूसी а जैसा किया जाता है:

оборóна प्रतिरक्षा

(ग) बाक़ी सभी बलरहित शब्दांशों में о का उच्चारण और भी अस्पष्ट तथा हल्का होता है:

головá	सिर	хлóпок	रूई
потолóк	छत	лóтос	कमल
мóлот	हथौड़ा		

बलरहित о के उच्चारण की ओर खास ध्यान दिया जाय।

३. वर्णविचार

बलरहित स्वरों का लेखन

रूसी हज्जेलिखते समय धातु तथा विभक्ति में आनेवाले बलरहित तथा बलसहित स्वरों में कोई भेद नहीं किया जाता।

एक ही धातु से बने विभिन्न शब्दों में बल विभिन्न शब्दांशों पर पड़ सकता है:

он — बल धातु के स्वर पर पड़ता है

онá, онó } बल धातु के स्वर पर नहीं बल्कि विभक्ति पर पड़ता है

यद्यपि онá, онó शब्दों के o का उच्चारण [a] जैसा किया जाता है तथापि वर्ण o याने जो वर्ण बलसहित धातु में होता है वही (он) लिखा जाता है।

Водá शब्द में विभक्ति बलसहित है जब कि кóмната शब्द में वह बलरहित है। फिर भी दोनों विभक्तियाँ उसी वर्ण से सूचित की जाती हैं। इस तरह धातुओं और विभक्तियों में हिज्जे की समानता रखी जाती है।

पाठ

1. Эго кáрта. Тут Москвá. Эго канáл. Там Дон, Вóлга, Урáл. Эго Бакý. Тут бýхта.

2. Вот дом. Эго завóд.

3. Тут водá. Эго канáл. Вот мост. Вог хлóпок. Там фонтáн.

4. Это вокзáл. Тут вагóн.

5. Эго кóмната. Эго класс. Тут урóк. Вот пол, поголóк и окнó. Вот стул, стол, лáмпа, кáрта и доскá.

6. Вот фрáза. Тут слóво «завóд», слóво «рабóта», слóво «станóк» и слóво «хлóпок».

7. Вот фрáза. Тут слóво «водá», слóво «рабóга».

8. Вот бýква «ф» («эф»), бýква «з» («зэ») и бýква «х» («ха»).

सुलेखन

Фф, Гг, Кк, Хх
Гудок. Урок. Буква.
Бумага. Карта. Вот буква эн.
Вот буква ха.

अभ्यास

१. उपर्युक्त अक्षरों में से प्रत्येक को तीन बार लिखिये। उपर्युक्त शब्दों को फिर से लिखिये।

२. पाठ को फिर से लिखिये।

३. पाठ में से ऐसे सभी शब्द चुन लीजिये जिनमें बलरहित о है। उनको लिखिये तथा उनका उच्चारण कीजिये।

४. निम्नलिखित शब्दों में बल-सूचक चिन्ह लगाइये.

молот, оборона, гора, нога, рука, голова, халат, сахар, вахта, наука

इस अध्याय मे दी गई शब्द-सूचियों से सहायता लीजिये।

५. रूसी मे अनुवाद कीजिये:

१. यह नक्शा है। यहां वोल्गा है। यह नहर है। वहां पुल है। यह उपसागर है। यह बाकू है। २. यह कक्षा है। यहां फलक, नक़्शा तथा दीपक है। यहां अध्याय है। यह 'कारखाना' शब्द है।

УРОК 4 — चौथा अध्याय

भाषण ध्वनियाँ तथा वर्ण:

व्यजन **й**.

वर्ण **я, е, ё, ю.**

व्याकरण:

संज्ञा का लिंग

स्वामित्व-सूचक सर्वनाम **мой** तथा **твой.**

क्रिया के प्रत्यय **-ю, -у** तथा **-ёт.**

भाषण ध्वनियाँ तथा वर्ण

१. व्यजन **Й**

रूसी **й** का उच्चारण 'यमुना' शब्द के य के निकट है।
й वर्ण को ह्रस्व इ कहते हैं।

(क) स्वरोत्तर **й**

रूसी **ай** का उच्चारण 'आय' जैसा है।
" **эй** " " 'एय' " "
" **ой** " " 'ओय' " "

उच्चारण कीजिये:

ай — ай

ой — ой

эй — эй

ध्यान रखिये कि प्रथम स्तम्भ में दी गई स्वर-ध्वनियों से दो पृथक् शब्दांश बनते हैं और उन्हें एकरूप नहीं बनाना चाहिये। दूसरे स्तम्भ की स्वर ध्वनि + **й** से एक ही शब्दांश बनता है।

май	मई
комба́йн	कंबाइन

Байка́л बायकाल (पूर्वी साइबेरिया का एक विशाल सरोवर)

Алта́й	अल्ताय (पश्चिमी साइबेरिया	мой	मेरा
	तथा अंशतः मंगोलिया के	твой	तेरा, तुम्हारा
	लोकतंत्रात्मक जनतंत्र में	домо́й	घर को
	स्थित पहाड़ी प्रदेश)		

Это мой брат. Там твой брат.
Вот ка́рта. Тут Алта́й и Байка́л.

(ख) स्वरपूर्व й

й ध्वनि जब **а, э, о, у** स्वरों के पहले रहती है तब वह सुनी जा सकती है लेकिन उसका उच्चारण उस उच्चारण से बहुत कुछ अस्पष्ट होता है जब वह उन्हीं स्वरों के बाद रहती है। ये ध्वनिसंयोग निम्नलिखित वर्णों से सूचित किये जाते हैं:

Яя, Ее, Ёё, Юю

२. वर्ण **я, е, ё, ю**

я

я वर्ण लेखन में निम्नलिखित दो ध्वनियों का संयोग (सधि) सूचित करता है: अस्पष्ट **й** + **а**। इसका उच्चारण 'यदि' शब्द के य जैसा अथवा 'याद' शब्द के या जैसा होता है।

я	मैं	мая́к	आकाशदीप
я иду́	मैं जाता-ती हूँ, मैं जा रहा-ही हूँ	моя́	मेरी
я́хта	सैर करने की नाव	твоя́	तेरी, तुम्हारी
Ялта	याल्ता (सोवियत संघ के एक नगर	я́блоко	सेब
	का नाम)	я́года	बेरी
я́сно	स्पष्ट, साफ़		

Вот бу́хта. Тут я́хта и мая́к.
Вот бу́ква **я**. Это я́сно.

е

е वर्ण का प्रयोग लेखन में निम्नलिखित दो ध्वनियों का संयोग सूचित करता है: अस्पष्ट **й** + **э**। इसका उच्चारण 'प्रत्येक' शब्द के ये जैसा होता है।

Я е́ду.	मैं जा रहा-ही हूं। मैं जाता-ती हूं।
Я е́ду домо́й.	मैं घर जा रहा-ही हूं। मैं घर जाता-ती हूं।
Он ест.	वह खा रहा है। वह खाता है।
Он ест я́блоко.	वह सेब खा रहा है। वह सेब खाता है।

ё

ё वर्ण से निम्नलिखित दो ध्वनियों का संयोग सूचित होता है: अस्पष्ट **й** + **о**। इसका उच्चारण 'योगी' शब्द के यो जैसा होता है।

ёлка चीढ	он поёт वह गाता है; गा रहा है।
моё मेरा	он даёт वह देता है; दे रहा है।

Ива́н поёт. Мой брат даёт уро́к.
Вот зал. Тут поёт хор.
Вот дом. Вот моё окно́.

ю

ю वर्ण से निम्नलिखित दो ध्वनियों का संयोग सूचित होता है **й** + **у**; इसका उच्चारण 'युग' शब्द के यु जैसा अथवा 'यूथ' शब्द के यू जैसा होता है।

юг* दक्षिण	кают़а जहाज का कक्ष
на юг दक्षिण में	я пою́ मैं गाता-ती हूं; गा रहा-ही हूं।
ю́нга जहाजी लड़का	я даю́ मैं देता-ती हूं; दे रहा-ही हूं।

Юра — **Ю**рий (एक पुरुष के नाम) का लघुरूप

Ира даёт уро́к. Юра поёт. Я е́ду на юг.

---

* юг शब्द के अन्त में г का उच्चारण [к] जैसा किया जाता है।

इस प्रकार **я, е, ё, ю** में से प्रत्येक वर्ण का ध्वनि-मूल्य दो ध्वनियों के बराबर है। इनका उच्चारण इस प्रकार तब होता है जब ये शब्द के आरंभ में होते हैं या स्वर के बाद आते हैं। ये वर्ण जब व्यंजन के बाद आते हैं तब उनका कार्य अलग होता है जिसकी चर्चा अगले अध्याय में की जायगी।

Яя [йа], **Ее** [йэ], **Ёё** [йо], **Юю** [йу] वर्णों के नाम उनके उच्चारण के समान ही हैं।

व्याकरण

१. संज्ञा का लिंग

१. हिन्दी में संज्ञा के केवल दो लिंग (पुल्लिंग और स्त्रीलिंग) होते हैं लेकिन रूसी संज्ञाओं के तीन लिंग होते हैं: पुल्लिंग, स्त्रीलिंग और नपुंसक लिंग।*

२. व्यक्तिवाचक तथा कुछ मनुष्येतर प्राणिवाचक संज्ञाओं का लिंग उनकी जाति (पुरुष, स्त्री, जड) के अनुसार निश्चित होता है; उदाहरणार्थ **брат** 'भाई' संज्ञा पुल्लिंग है।

३. संज्ञा का लिंग अक्सर शब्द के अंत्याक्षर के अनुसार निश्चित किया जा सकता है। व्यक्ति अथवा मनुष्येतर प्राणिवाचक संज्ञाओं को छोड़कर अन्य संज्ञाओं का लिंग सूचित करने की दृष्टि से यह महत्वपूर्ण बात है।

इस तरह सभी व्यंजनान्त संज्ञाएं पुल्लिंग होती हैं:

дом, стол, завóд

जिन संज्ञाओं के अन्त में **а** होता है उनमें से बहुतांश स्त्रीलिंग होती हैं:

странá, рукá

---

* आगे चल कर शब्दसंग्रह तथा व्याकरण विभाग में हम पुल्लिंग, स्त्रीलिंग और नपुंसक लिंग संज्ञाओं को क्रमशः पु०, स्त्री० और नपु० अक्षरों से सूचित करेंगे।

कुछ ऐसी पुल्लिंग संज्ञाएं हैं जिनके अंत में -а होता है। इस श्रेणी में निम्नलिखित प्रकार की संज्ञाएं आती हैं:

(क) कुछ पुल्लिंग व्यक्तिवाचक संज्ञाएं; उदाहरणार्थ Лукá।

(ख) रूसी पुल्लिंग व्यक्तिवाचक संज्ञाओं के कई लघुरूप; उदाहरणार्थ Юрий का लघुरूप Юра।

अंत्याक्षर о वाली लगभग सभी संज्ञाएं नपुंसक लिंग होती हैं:

окнó, слóво

२. स्वामित्व-सूचक सर्वनाम мой तथा твой

स्वामित्व-सूचक सर्वनाम мой — मेरा, твой — तेरा, उनके बाद आने वाली संज्ञा के लिंग के अनुसार रूपांतरित होते हैं:

पुल्लिंग	мой брат	твой брат
स्त्रीलिंग	моя́ ла́мпа	твоя́ ла́мпа
नपुंसक लिंग	моё слóво	твоё слóво

३. क्रिया के प्रत्यय -ю, -у तथा -ёт

वर्तमान काल उत्तम पुरुष एकवचन सूचक क्रियाओं के अन्त में बहुधा -ю प्रत्यय रहता है (स्वर के बाद यह अनिवार्य है):

я пою́

कुछ स्थानों में (व्यंजन के बाद) -у प्रत्यय रहता है:

я иду́

अन्य पुरुष एकवचन में -ёт प्रत्यय लगता है। -ёт प्रत्यय हमेशा बलसहित होता है:

он поёт, он даёт

पाठ

1. Это Я́лта. Вот бу́хта. Вот мол. Там я́хта. Вот каю́га. Тут ю́нга.

2. Вот зал. Тут пое́т хор. Я пою́, и Юра пое́т.

3. Тут ка́рта. Вот Алта́й и Байка́л.

4. Вот фра́за: «Это мой брат». Тут сло́во «брат». Вот бу́ква «б» («бэ») и бу́ква «т» («тэ»). Это я́сно.

5. Я е́ду домо́й. Вот дом. Это мое́ окно́. Там моя́ ко́мната.

सुलेखन

Я я, Ее, Ёё, Ю ю, й

Я пою. Мой брат даёт урок.

अभ्यास

१. उपर्युक्त अक्षरों तथा वाक्यों में से प्रत्येक को तीन बार लिखिये।

२. पाठ को फिर से लिखिये।

३. निम्नलिखित शब्दो में बल-सूचक चिन्ह लगाइये:

комбайн, яблоко, ягода, ясно, урок, ёлка

इस अध्याय मे दी गई शब्द-सूचियों से सहायता लीजिये।

४. निम्नलिखित संज्ञाओं के लिंग बतलाइये:

страна́, сло́во, стул, ла́мпа, рог, рука́, ка́рта, я́блоко

५. स्वामित्व-सूचक सर्वनाम мой — मेरा — को उपर्युक्त अभ्यास ४ मे दिये गये शब्दों के साथ इस प्रकार लिखिये जिससे वह संबंधित शब्दों के लिंगानुसार हो।

उदाहरणार्थ: мой брат, моя́ ко́мната, आदि।

६. रूसी मे अनुवाद कीजिये:

वह कमरा है। वह कक्षा है। मै यहाँ एक पाठ देता हूँ। वहाँ एक सभागृह है। मेरा भाई यूरा वहाँ गा रहा है। यह नक़्शा है। यहां वोल्गा है और वहां दोन है।

УРОК 5— पाँचवाँ अध्याय

भाषण ध्वनियाँ तथा वर्ण:
कठोर और मृदु व्यजन
लेखन में मृदु व्यंजनों को सूचित करने का तरीक़ा
व्याकरण।
क्रिया का प्रत्यय -ит.

भाषण ध्वनियाँ तथा वर्ण

१. कठोर और मृदु व्यंजन

(क) मृदु व्यजनों का उच्चारण

पिछले अध्यायों में हमने б, п, в, ф, з, с, д, т, н, л, р, г, к, х व्यजनों का विचार किया।

इन व्यंजनों का उच्चारण जिस प्रकार किया जाता है उसके अनुसार उन्हें कठोर व्यंजन कहा जाता है।

रूसी में कठोर व्यंजनों के अनुरूप मृदु व्यजन होते है।

मृदु व्यंजनों का उच्चारण करते समय स्वरेंद्रियों की स्थिति वही रखनी चाहिये जो संबंधित मृदु व्यजनों के अनुरूप कठोर व्यंजनों के उच्चारण में रहती है और इसके अलावा जिह्वा को कुछ अतिरिक्त हरकत करनी पड़ती है। उदाहरणार्थ मृदु н का उच्चारण करते समय होंठों को एक साथ उसी तरह दबाया



जाता है जिस तरह कठोर н के उच्चारण में; लेकिन इसके अलावा जिह्वा को तालु तक उसी दिशा में उठाया जाता है जिस प्रकार и (ई) स्वर के या й (य) के उच्चारण में।

दूसरा उदाहरण: रूसी ध्वनि т का उच्चारण करते समय जिह्वाग्र को ऊपर वाली दंतपंक्ति के पीछे दबाया जाता है। मृदु т का उच्चारण करते समय जिह्वा को साथ-साथ एक और हरकत करनी पड़ती है — उसे तालु तक इस तरह उठाया जाता है जिस तरह и या й के उच्चारण में। तालु की दिशा में जिह्वा की इस अतिरिक्त हरकत को व्यंजनों का तालव्यीकरण कहते हैं।

इससे अतालव्यीकृत कठोर व्यंजन की अपेक्षा मृदु व्यंजन के उच्चारण में अधिक ऊँची ध्वनि निकलती है।

मृदु व्यंजनों के उच्चारण का अभ्यास शुरू करने से पहले आप को и या й ध्वनि का उच्चारण करने में जिह्वा को अभ्यस्त कराना चाहिये। बाद में साथ-साथ व्यंजन ध्वनि т, з, н, आदि का उच्चारण करने का प्रयत्न कीजिये। й को पृथक् कर स्वतंत्र ध्वनि के रूप में उसका उच्चारण नहीं करना चाहिये। व्यंजन ध्वनि के बाद й का उच्चारण किसी भी हालत में नहीं करना चाहिये।

(ख) व्यंजनों का मृदु उच्चारण कब होता है

१. व्यंजन का मृदु उच्चारण सूचित करने के लिये उसके बाद एक विशेष अक्षर ь ("मृदु" चिन्ह) रखा जाता है:

мать माता	дéньги पैसा	свáдьба विवाह	

व्यंजन के मृदु अथवा कठोर उच्चारण पर शब्द का अर्थ निर्भर कर सकता है। तुलना कीजिये:

брат — भाई और брать — लेना

г, к, х वर्णों के बाद मृदु चिन्ह कभी नहीं लगाया जाता।

२. е, ё, и, ю, я वर्णों के पहले भी व्यंजनों का उच्चारण मृदु किया जाता है (चौथा अध्याय देखिये)।

(क) де, де, ди, дю, дя

де́ти	बच्चे	где	कहाँ
студе́нт	विद्यार्थी	ро́дина	मातृभूमि
студе́нтка	विद्यार्थिनी	дя́дя	चाचा

Воло́дя व्लादीमिर (एक पुरुष के नाम) का लघुरूप

(ख) те, тё, ти, тю, тя

тётя	बुआ, मौसी, चाची, मामी	костю́м	पोशाक (सूट)
карти́на	चित्र	Ви́тя	वीक्तर (एक पुरुष के नाम) का लघुरूप
тень	छाया		

(ग) не, нё, ни, ню, ня

не́бо	स्वर्ग, आकाश	колхо́зник	सामूहिक कृषक
нёбо	तालु	те́хник	शिल्पी (टेकनीशियन)
кни́га	पुस्तक	Ню́ра	आन्ना (एक स्त्री के नाम) का लघुरूप
ня́ня	परिचारिका	Со́ня	सोफ़्या (एक स्त्री के नाम) का लघुरूप
		Ва́ня	इवान (एक पुरुष के नाम) का लघुरूप

(घ) ме, ми, мя; ве, ви; фе, фи

ме́сто	स्थान	Ве́ра	एक स्त्री का नाम
мел	खड़िया	Ви́тя	वीक्तर नाम का लघुरूप
мир	शांति	профе́ссор	प्रोफ़ेसर
зна́мя	पताका	фи́зик	पदार्थवैज्ञानिक

(च) зе, зи; се, си

газе́та	समाचारपत्र	се́но	घास
зима́	जाड़ा	си́ла	शक्ति
		здесь	यहाँ

(छ) ре, ри, рю

тарéлка रिकाबी
фáбрика फ़ैक्टरी
рю́мка छोटा गिलास

говорю́ मैं बोलता-ती हूं; बोल रहा-ही हूं।
говори́т (वह) बोलता-ती है; बोल रहा-ही है।

(ज) ги; ки, ке; хи, хе

гимн	स्तोत्र, तराना	хи́мик	रसायनज्ञ
по-ру́сски	रूसी में	хи́нди	हिन्दी
Ники́тин	एक पुरुष का कुलनाम	схéма	खाका
ке́пка	टोपी	по-хи́нди	हिन्दी में

टिप्पणी: г, к, х का मृदु उच्चारण केवल е या и के पहले किया जाता है।

व्याकरण

क्रिया का प्रत्यय -ит

अन्य पुरुष एकवचन में कई रूसी क्रियाओं का प्रत्यय -ит रहता है।

он говори́т

पाठ

1. Студе́нт Ви́тя Ники́тин говори́т: «Моя́ Ро́дина — СССР (эсэсэсэ́р). Я студе́нт. Я фи́зик. Мой брат Воло́дя — хи́мик. Моя́ мать — профе́ссор. Мой дя́дя Ва́ня — колхо́зник, моя́ тётя Ню́ра — те́хник. Я говорю́ по-ру́сски. Я понима́ю по-хи́нди».

2. Со́ня здесь. Она́ даёт уро́к. Она́ говори́т по-ру́сски: «Это газе́та и кни́га. Там карти́на и ва́за. Здесь стол, ла́мпа и стул. Вот доска́ и мел».

3. Вот дом. Там двор и фонта́н. Здесь фа́брика. Здесь моя́ рабо́та. Моё ме́сто здесь. Вот мой стано́к. Где твоё ме́сто? Там.

4. Там зал. Там ёлка и де́ти. Там поёт хор. Ве́ра там? Нет, она́ здесь.

टिप्पणी: СССР — सोवियत समाजवादी जनतंत्र संघ

6

Здесь моя мать и мой дядя.

अभ्यास

१. ь अक्षर को कई बार लिखिये।

२. पाठ को फिर से लिखिये।

३. निम्नलिखित शब्दों में मोटे टाइप में दिये गये व्यजनों मे से कठोर तथा मृदु व्यंजन बताइये:

да—дя́дя; она́—Со́ня; тётя—там; мир—мост; ва́за—газе́та; фа́брика—фи́зик; мост—ме́сто; страна́—кни́га; здесь—нос; кана́л—Ню́ра

४. यह बताइये कि किन शब्दों में एक ही वर्ण й + स्वर सूचित करता है तथा किन शब्दों में व्यंजन की मृदुता सूचित करता है:

мая́к—зна́мя; Ню́ра—кают́а; мел—е́ду; ёлка—тётя

५. निम्नलिखित शब्दों में बल-सूचक चिन्ह लगाइये:

тарелка, говорит, зима, сила, сено, знамя, небо, книга, няня, дети

इस अध्याय में दी गई शब्द-सूची को देखिये।

६. तीसरे तथा चौथे अभ्यास में दी गई शब्दों की जोड़ियों को किसी से कहलवा कर लिखिये।

७. निम्नलिखित वाक्यों का रूसी में अनुवाद कीजिये:

विद्यार्थिनी सोन्या कहती है: "मेरे चाचा प्रोफ़ेसर है। मेरा भाई सामूहिक कृषक है। मै विद्यार्थिनी हूं। मै रूसी में बोलती हूं।"

УРОК 6 — छठा अध्याय

भाषण ध्वनियाँ तथा वर्ण :
- मृदु व्यंजन (क्रमश:)
- बलरहित e.

व्याकरण :
- संज्ञा का लिंग (क्रमश:)
- क्रिया का प्रत्यय -ет.
- प्रश्नार्थक वाक्य की बनावट
- पूर्ण तथा संक्षिप्त उत्तर

भाषण ध्वनियाँ तथा वर्ण

१. मृदु व्यंजन (क्रमश:)

ль

ль वर्ण का उच्चारण हिन्दी के ल से मृदुतर है।



उच्चारण कीजिये:

ль — ля — ле — лё — ли — лю

ель	चीढ
земля́	जमीन
лес	जंगल
самолёт	विमान
и́ли	या
лю́ди	जनता, लोग

л — ль; ла — ля; лэ — ле; лу — лю

л के कठोर या मृदु उच्चारण पर शब्द का अर्थ अक्सर निर्भर किया करता है। तुलना कीजिये:

л		ль
мол сетубадх	और	моль патंга
мел кड़िया	और	мель छिछला पानी
лук प्याज	और	люк विवर मार्ग

२. बलरहित е

जब बलसहित शब्दांश के पूर्ववर्ती बलरहित शब्दाश में मृदु व्यंजन के बाद е वर्ण आता है तब उसका उच्चारण अस्पष्ट किया जाता है और उसकी ध्वनि लगभग и जैसी होती है।

е→ [и]

сестра́	बहन	он лети́т	वह उड़ता है; उड़ रहा है
стена́	दीवाल	земля́	ज़मीन
река́	नदी		

अन्य बलरहित शब्दांशों में е का उच्चारण और भी हल्का तथा अस्पष्ट होता है;

по́ле	खेत	впереди́	सामने
се́вер	उत्तर (दिशा)	не понима́ю	(मैं) नहीं समझता-ती

टिप्पणी:

निषेध-वाचक अव्यय не सामान्यत: बलरहित होता है और बाद में आने वाले शब्द के साथ उसका उच्चारण किया जाता है, मानो एक ही शब्द हो।

व्याकरण

१. संज्ञाओं का लिंग

(क्रमश:, चौथा अध्याय देखिये)

१) अन्त में -я वाली बहुतांश संज्ञाएं स्त्रीलिंग होती हैं:

тётя बुआ, मौसी, चाची, मामी, земля́ ज़मीन

पुल्लिंग व्यक्ति सूचित करनेवाली कुछ संज्ञाओं तथा व्यक्तिवाचक संज्ञाओं के लघुरूपों के अंत में -я रहता है।

дя́дя (चाचा), Ва́ня

२) अन्त में -е वाली संज्ञाए नपुंसक-लिंग होती है:

по́ле खेत

२. क्रिया का प्रत्यय -ет

अन्य पुरुष एकवचन में कई रूसी क्रियाओं के अन्त में बलरहित -ет प्रत्यय होता है:

он рабóтает वह काम करता है; कर रहा है।

३. प्रश्नार्थक वाक्यों की बनावट

पूर्ण तथा सक्षिप्त उत्तर

प्रश्नार्थक वाक्य निम्न प्रकारों से बनाये जा सकते हे:

१) प्रश्नार्थक शब्द का प्रयोग करते हुए:

१. Кто э́то?	(क) Это мой брат.	यह मेरा भाई है।
यह कौन है?	(ख) Мой брат.	मेरा भाई।
२. Где он?	(क) Он там.	वह वहाँ है।
वह कहाँ है?	(ख) Там.	वहाँ।

उपर्युक्त उदाहरणों में प्रश्नार्थक वाक्य, प्रश्नार्थक सर्वनाम кто? 'कौन' और प्रश्नार्थक क्रियाविशेषण где? 'कहाँ' की सहायता से बनाये गये हे।

२) प्रश्नार्थक शब्द का प्रयोग न करते हुए:

१. Это кни́га?	(क) Да, э́то кни́га.	जी हाँ, यह पुस्तक है।
यह पुस्तक है?	(ख) Да, кни́га.	जी हाँ, पुस्तक है।
२. Это завóд?	(क) Нет, э́то фáбрика.	जी नही, यह फेक्टरी है।
यह मिल है?	(ख) Нет, фáбрика,	जी नहीं, फेक्टरी है।
	(ग) Нет, э́то не завóд.	जी नहीं, यह मिल नहीं है।

उपर्युक्त उदाहरणों में प्रश्नार्थक लहजे की सहायता से प्रश्न पूछे गये हे। ऐसे मामले में वाक्य के शब्दों का क्रम बदलने की आवश्यकता नहीं। तुलना कीजिये:

Это кни́га. (विधान का लहजा)

Это кни́га? (प्रश्न का लहजा)

प्रश्न जिस शब्द के संबंध में है उसका उच्चारण ऊंची आवाज़ में और ज़ोर से किया जाता है।

विरामचिन्ह: हिन्दी की तरह रूसी में भी प्रश्न के बाद प्रश्नचिन्ह रखा जाता है।

प्रश्नार्थक शब्दसहित या रहित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण (क और ग उदाहरण देखिये) और संक्षिप्त (ख उदाहरण देखिये) हो सकते हैं।

प्रश्न के उत्तर में да 'जी हाँ' और нет 'जी नहीं' शब्द, बोलने में ज़रा रुक कर और लेखन में स्वल्पविराम की सहायता से, बाक़ी वाक्य से पृथक् किये जाते है।

पाठ

1. Вот лети́т самолёт. Внизу́ земля́. Внизу́ по́ле, лес и лю́ди. Вот река́. Это Во́лга. Самолёт лети́т на се́вер. Впереди́ Москва́.

2. Это самолёт? Да, э́то самолёт. Он лети́т на се́вер и́ли на юг? Самолёт лети́т на се́вер.

3. Вот ка́рта. Это Москва́? Да, э́то Москва́. Это ре́ка? Нет, э́то кана́л. Это Во́лга? Нет, э́то Москва́-река́. А где Баку́? Баку́ там.

4. Это фа́брика? Да, э́то фа́брика. Здесь моя́ рабо́та. Вот мой стано́к. Кто э́то? Это моя́ сестра́. Она́ те́хник? Да, она́ те́хник.

5. Это кни́га? Да, это кни́га. Это моя́ кни́га. Здесь газе́та. Где бума́га: там и́ли здесь? Она́ здесь. Вот доска́ и мел.

6. Стол там? Да, стол там. Стул там и́ли здесь? Мой стул здесь. Ла́мпа там? Нет. Где ла́мпа? Она́ здесь. Где твоя́ кни́га? Вот она́.

अभ्यास

१. पाठ को फिर से लिखिये।

२. निम्नलिखित संज्ञाओं का लिंग बताइये:

сестра́, самолёт, река́, по́ле, лес, стена́, мел, ня́ня, сло́во

३. निम्नलिखित वाक्यों में से

(क) бलरहित **о** वाले,

(ख) бलरहित **е** वाले

शब्द सूचित कीजिये:

1. Самолёт лети́т на се́вер. Впереди́ река́. 2. Где твоя́ сестра́? Она́ рабо́тает.

४. उपर्युक्त वाक्यों को किसी से कहलवाकर लिखिये।

УРОК 7 — सातवाँ अध्याय

भाषण ध्वनियाँ तथा वर्ण:
स्वर ы.
व्यंजन ц.

भाषण ध्वनियाँ तथा वर्ण

१. स्वर **Ы**

हिन्दी में रूसी ы के समान कोई स्वर-ध्वनि नहीं है। कुछ ही अंश तक यह 'इतवार' शब्द की इ ध्वनि जैसी है।



ы का उच्चारण करने के लिये जिह्वा को जितना हो सके उतना पीछे खींच लीजिये; उसको न आगे जाने दीजिये, न ही ज्यादा ऊपर उठने दीजिये जैसा कि и के उच्चारण में करना पड़ता है।

ы और и पृथक् ध्वनियाँ हैं।

हम ы ध्वनि का उच्चारण करते हैं या и ध्वनि का, इस बात पर अक्सर शब्द का अर्थ निर्भर करता है। तुलना कीजिये:

мы	हम	और	ми	संगीत का स्वर (ग)
мы́ло	साबुन	और	ми́ло	सुन्दर, सुंदरता से

ы वर्ण रूसी शब्द के आरंभ में या स्वर के बाद कभी नहीं आता। यह हमेशा कठोर व्यंजन के बाद आता है।

इस वर्ण का नाम उसके उच्चारण जैसा ही है।

ты	तू	ры́нок	बाज़ार
вы	तुम, आप	ры́ба	मछली
мы	हम	сыр	पनीर
сын	पुत्र	ды́ня	तरबूज
высоко́	ऊँचे	ты́ква	कद्दू
бы́стро	तेज, तेजी से	фру́кты	फल
तुलना कीजिये:		तुलना कीजिये:	

о — ы		а — ы	
дом घर	дым धुआँ	бал नृत्य	был था
сон सपना	сын पुत्र	ма́ло थोड़ा	мы́ло साबुन

Где дым, там ого́нь. जहाँ धुआँ वहाँ अग्नि।

पाठ

1. Самолёт лети́т высоко́. Самолёт лети́т бы́стро. Вот ′река́ Дон. Мой сын лети́т на юг.

2. Ива́н и Ви́ктор, где вы? Мы здесь. Я здесь, ты там. Мой сын здесь.

3. Вот ры́нок. Здесь ры́ба и сыр. Вот ды́ня и ты́ква. Там фру́кты. Это ды́ня? Нет, э́то ты́ква.

4. Вот дом. Это фа́брика. Здесь рабо́тает мой сын.

उच्चारण कीजिये:

о → а]: самолёг, высоко́, бы́стро, ого́нь

२. व्यंजन **ц**

ц ध्वनि को कुछ हद तक **т** तथा **с** ध्वनियों का एक ध्वनि के रूप में उच्चारित संयोग माना जा सकता है, लेकिन इस ध्वनि का प्रथम अंश — **т** —

दूसरे अंश की अपेक्षा अस्पष्ट सुनाई देता है। यह ध्वनि इस प्रकार सूचित की जा सकती है: тс = ц.

इसी के समान ध्वनि हिन्दी के संयुक्ताक्षर त्स में सुनाई देती है (उदाहरणार्थ 'उत्सव', 'वत्स' शब्दों में त्स)।

ц ध्वनि अघोष तथा हमेशा कठोर होती है। इसकी अनुरूप मृदु ध्वनि रूसी में नहीं है।

Цц वर्ण को *ци* कहते हैं।

цыга́н	जिप्सी	колхо́зница	सामूहिक कृषक स्त्री
оте́ц	पिता	рабо́тница	कामगार स्त्री
кузне́ц	लोहार	столи́ца	राजधानी
бое́ц	सैनिक, योद्धा		

वर्णविचार: १. ц के बाद и और ы का उच्चारण ы जैसा किया जाता है; и वर्ण अधिकतर विदेशी भाषाओं से आये हुए शब्दों में लिखा जाता है।

ци [цы]:	ци́фра	अंक
	на́ция	राष्ट्र

जब कभी ц के बाद е वर्ण आता है तब इनके संयोग का उच्चारण हमेशा [цэ] किया जाता है।

це [цэ]:	центр	केन्द्र
	цех	वर्कशाप
	офице́р	अफ़सर

पाठ

1. Вот цех. Здесь рабо́тает мой оте́ц. Мой оте́ц — кузне́ц, и твой брат кузне́ц.

2. Ты кузне́ц. Я студе́нт. Кто твой брат? Мой брат — офице́р. Моя́ мать — колхо́зница. Моя́ сестра́ — рабо́тница. Вот фа́брика. Здесь рабо́тает моя́ сестра́.

3. Вот лети́т самолёт. Он лети́т высоко́? Да, он лети́т высоко́. Самолёт лети́т бы́стро. Впереди́ Москва́ Москва́ — столи́ца СССР. Москва́ — центр СССР.

सुलेखन

ы

Самолёт летит высоко и быстро.

Ц ц

Москва — столица СССР

अभ्यास

१. लिखित अक्षर **ы** तथा **ц** को तीन-तीन बार लिखिये। उपर्युक्त वाक्यों को फिर से लिखिये।

२. ३९ तथा ४० पृष्ठों पर दिये गये पाठ को फिर से लिखिये।

३. रूसी मे अनुवाद कीजिये :

१) मैं शिल्पी हूं। मेरी माता कामगार (स्त्री) है। मेरा भाई अफ़सर है। तुम विद्यार्थी हो।

२) यह वर्कशाप है। मेरा पुत्र यहाँ काम करता है। वह धातु का काम करने वाला है।

३) वहाँ विमान ऊँचा उड रहा है। वह तेज उड़ रहा है।

УРОК 8 — आठवाँ अध्याय

भाषण ध्वनियाँ तथा वर्ण:
व्यजन ш, ж, ч, щ.
वर्णविचार:
ж, ш, ч, щ के बाद स्वर
व्याकरण:
स्वामित्वसूचक सर्वनाम наш तथा ваш.
ь अन्त्याक्षर वाली सज्ञाएं

भाषण ध्वनियाँ तथा वर्ण

१. व्यजन

Ш ш

ш का उच्चारण 'शहर' शब्द के ш जैसा है। Шш वर्ण को ша कहते हैं।

наш* } हमारा
на́ша } हमारी
на́ше }

ваш } तुम्हारा, आपका
ва́ша } तुम्हारी, आपकी
ва́ше }

шко́ла स्कूल
шкаф आलमारी
ша́хта खान,
каранда́ш पेन्सिल

пи́шет लिखता (लिखती) है
де́вушка लडकी
Ма́ша मरीया (एक स्त्री के नाम) का लघुरूप
Ми́ша मिखाइल (एक पुरुष के नाम) का लघुरूप
хорошо́ अच्छा
шуми́т सरसर आवाज करता (करती) है
пшени́ца गेहूँ
маши́на मशीन

Вот ваш каранда́ш. Вот наш каранда́ш.
Ма́ша пи́шет. Ми́ша пи́шет хорошо́.

* व्याकरण देखिये।



По́ле. Шуми́т пшени́ца.

Ж

ж का उच्चारण 'डिवीजन' शब्द के ज जैसा है।

ж का उच्चारण ш के उच्चारण की तरह ही किया जाता है लेकिन ш अघोष व्यंजन है जब कि ж घोष व्यजन है।

Жж वर्ण का नाम *жэ* है।

журна́л	पत्रिका	то́же	भी
жизнь	जीवन	уже́	पहले ही, अभी
граждани́н	नागरिक	гражда́нка	नागरिक स्त्री
инжене́р	इजीनियर	жа́рко	गरम (क्रियाविशेषण)

Жи́лин एक कुलनाम

Же́ня पुल्लिग नाम Евге́ний तथा स्त्रीलिंग नाम Евге́ния का लघुरूप

Вот журна́л «Нау́ка и жизнь». यह "विज्ञान तथा जीवन" (नामक) पत्रिका है।

Ле́то. Уже́ жа́рко. (अब) ग्रीष्म ऋतु है। गरमी अभी छा चुकी है।

ч

रूसी ध्वनि ч का उच्चारण 'चमच' शब्द के च जैसा है।

ч अघोष व्यंजन है; यह हमेशा मृदु होता है।

Чч वर्ण को *ча* कहते हैं।

чай	चाय	рабóчий	कामगार
часы́	घड़ी	я читáю	मैं पढ़ता हूँ; पढ़ रहा हूँ।
сейчáс	अब	он читáет	वह पढ़ता है।
óчень	बहुत	дочь	पुत्री
ученúк	(स्कूली) छात्र	врач	डॉक्टर
ученúца	" छात्रा	рýчка	क़लम
учéбник	पाठ्यपुस्तक	что	क्या
учúтель	अध्यापक	что э́то?	यह क्या है?
учúтельница	अध्यापिका		

Ученúк сейчáс читáет.

Он читáет óчень хорошó.

टिप्पणी: **что** शब्द में ч का उच्चारण अक्सर ш [што] होता है।

Что э́то? Это рýчка.

щ

हिन्दी में रूसी ध्वनि щ जैसी कोई ध्वनि नहीं है।

щ वर्ण हमेशा मृदु रहता है। इसका उच्चारण लंबे मृदु ш [шьшь] या [шч] जैसा होता है। कुछ हद तक इसका उच्चारण 'निश्चय' शब्द के श्च जैसा और 'अवश्य' शब्द के श्य जैसा होता है।

Щщ वर्ण *ща* कहलाता है।

товáрищ	साथी	защúта	प्रतिरक्षा
Щýкин	एक रूसी पुल्लिंग कुलनाम	щель	दरार
вещь	वस्तु	щётка	बुरुश
щи	गोभी का झोल	ещё	अब भी, अधिक

Вот товáрищ Щýкин.

ж, ч, ш, щ भाषण ध्वनियों के विशिष्ट उच्चारण के कारण उन्हें ऊष्म वर्ण कहा जाता है:

жук жужжи́т झींगुर भनभनाता है। ручёй журчи́т झरना कलकल करता है।

шёлк шурши́т रेशमी वस्त्र सरसराता है। щёпка трещи́т लकड़ी चुरमुराती, कड़कड़ाती है।

स्वर-ध्वनियों के संबध में कुछ भी नियम क्यों न हो:

(क) ऊष्म वर्ण ж और ш का कठोर उच्चारण होता है:

жа, жу, жи, же, жо
ша, шу, ши, ше, шо

(ख) ऊष्म वर्ण ч और щ का मृदु उच्चारण होता है:

ча, чу, чи, че, чо
ща, щу, щи, ще, що

वर्णविचार: १. यद्यपि ж और ш कठोर ध्वनियाँ हैं तथापि उनके बाद э या ы वर्ण कभी नहीं आता बल्कि हमेशा е या и आता है। ж और ш के बाद е वर्ण का उच्चारण [э] जैसा होता है (उदाहरणार्थ инженёр, пшени́ца शब्दों में) और и वर्ण का उच्चारण [ы] जैसा होता है (उदाहरणार्थ жизнь, маши́на शब्दों में)। ऐसे कुछ शब्द हैं, और ये मूलतः विदेशी शब्द हैं, जिनमें ж और ш का मृदु उच्चारण किया जाता है। इनके संबंध में बाद में विचार किया जाएगा।

२. यद्यपि ч और щ वर्ण मृदु ध्वनि सूचित करते हैं तथापि उनके बाद я और ю वर्ण कभी नही आते बल्कि उनके बदले а या у वर्ण आता है:

чай चाय Щу́кин श्चूकिन

व्याकरण

१. स्वामित्व-सूचक सर्वनाम наш और ваш

एकवचन स्वामित्व-सूचक सर्वनाम мой — 'मेरा' की तरह बहुवचन स्वामित्व-सूचक सर्वनाम наш — 'हमारा' और ваш — 'तुम्हारा' के भी तीन लिंग होते हैं:

पुल्लिंग	наш брат	ваш оте́ц
स्त्रीलिंग	на́ша сестра́	ва́ша мать
नपुंसक लिंग	на́ше ме́сто	ва́ше сло́во

इन उदाहरणों से स्पष्ट होगा कि उपर्युक्त सर्वनामों के लिंग उनके बाद आनेवाली संज्ञाओं के अनुसार रहते हैं।

ваш — 'आपका' का उपयोग जब आदर-सूचक शब्द के रूप में किया जाता है तब उसका प्रथमाक्षर कभी कभी बड़ा लिखा जाता है।

Это Ва́ша кни́га. यह आपकी पुस्तक है।

२. संज्ञाओं का लिंग। ь अंत्याक्षरवाली संज्ञाएं।

(क्रमशः, चौथा और छठा अध्याय देखिये)

ь अंत्याक्षरवाली सज्ञाएं पुल्लिंग या स्त्रीलिंग संज्ञाएं होती हैं:

слова́рь (पु०) शब्दकोश, शब्दसंग्रह
учи́тель (पु०) अध्यापक
мать (स्त्री०) माता

ऊष्म वर्ण + ь वर्ण जिन संज्ञाओं के अंत में है वे संज्ञाएं हमेशा स्त्रीलिंग संज्ञाएं होती है:

дочь (स्त्री०) पुत्री вещь (स्त्री०) वस्तु

जिन संज्ञाओं के अन्त में ऊष्म वर्ण ж, ч, ш, щ है लेकिन जिनके बाद में ь वर्ण नहीं है वे पुल्लिंग संज्ञाए होती है:

това́рищ (पु०) साथी, каранда́ш (पु०) पेन्सिल, врач (पु०) डॉक्टर

Това́рищ और **врач** शब्द पुल्लिंग और स्त्रीलिंग व्यक्तियों के बारे में व्यवहार किये जा सकते है।

पाठ

1. Инжене́р Жи́лин — граждани́н СССР (эсэсэсэ́р). Студе́нт Ми́ша — то́же граждани́н СССР. Рабо́тница Же́ня — гражда́нка СССР. Де́вушка Ма́ша то́же гражда́нка СССР.

2. Вот ша́хта. Здесь рабо́тает мой брат. Мой брат — рабо́чий. Мой оте́ц — врач. Моя́ дочь — учени́ца. Я инжене́р. Вот завод. Здесь я рабо́таю. Вот маши́на. Здесь рабо́тает това́рищ Жи́лин. Он рабо́чий? Нет, он инжене́р. Това́рищ Щу́кин —

рабо́чий. Он хорошо́ рабо́тает? Да, он хорошо́ рабо́тает. Вот твой учени́к Ми́ша и моя́ учени́ца Же́ня.

3. Вот кни́га. Это наш уче́бник. Здесь каранда́ш. Это ваш каранда́ш. Там ва́ша кни́га и газе́та. Вот журна́л «Нау́ка и жизнь». Это ва́ша кни́га? Да, моя́. Я чита́ю. Я чита́ю по-ру́сски. Я чита́ю уже́ хорошо́.

सुलेखन

Жж, Шш, Щщ, Чч

Вот наш журнал.

Товарищ Щукин-наш рабочий.

अभ्यास

१. उपर्युक्त अक्षरों तथा वाक्यों में से प्रत्येक को तीन बार लिखिये।

२. पाठ को फिर से लिखिये।

३. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बताइये:

а) шко́ла, шкаф, журна́л, уче́бник, цех, по́ле, уро́к

б) кни́га, ру́чка, каранда́ш, ме́сто, вещь, врач

४. उपर्युक्त а) में दिये गये शब्दों के साथ **наш** सर्वनाम के तथा б) में दिये गये शब्दों के साथ **ваш** सर्वनाम के योग्य रूप लिखिये (उदाहरणार्थ **на́ша** шко́ла, **ва́ша** кни́га).

५. रूसी में अनुवाद कीजिये:

१) यह स्कूल है। हमारी माताजी अध्यापिका हैं।

२) यह खान है। तुम्हारे पिताजी वहाँ हैं। तुम्हारे पिताजी कामगार हैं।

३) यह कौन है? यह साथी श्चूकिन है। वह सोवियत सघ का नागरिक है।

४) मेरा भाई अभी छात्र है। तुम्हारा भाई (पहले ही) इंजीनियर हो चुका है।

УРОК 9— नवाँ अध्याय

भाषण ध्वनियाँ तथा वर्ण:
घोष तथा अघोष व्यंजन
घोष व्यंजनों का अघोष में परिवर्तन
पृथक्करण चिन्हों के रूप में ъ और ь.

भाषण ध्वनियाँ तथा वर्ण

१. घोष तथा अघोष व्यंजन

रूसी व्यंजनों को घोष तथा अघोष व्यंजनों में विभाजित किया जाता है। रूसी के कुछ घोष व्यंजनों के लिये उनके अनुरूप अघोष व्यंजन हैं:

घोष:	б	в	д	г	—	ж	—	—	з	—	л	м	н	р	й
अघोष:	п	ф	т	к	х	ш	ч	щ	с	ц	—	—	—	—	—

घोष व्यजन л, м, н, р, й के अनुरूप अघोष व्यजन रूसी मे नही है। अघोष व्यंजन х, ц, ч, щ के अनुरूप घोष व्यंजन नहीं है।

२. घोष व्यंजनों का अघोष में परिवर्तन

रूसी उच्चारण की एक खास विशेषता यह है कि शब्दान्त का व्यंजन हमेशा अस्पष्ट ध्वनि वाला रहता है। इसके फलस्वरूप घोष व्यंजनों का अघोष व्यंजनों में परिवर्तन होता है। अत: शब्दान्त में घोष व्यंजन का उच्चारण उसके अनुरूप अघोष व्यंजन जैसा किया जाता है।

उच्चारण कीजिये:

б → [п]	клуб	क्लब	в → [ф]	Иванóв	एक पुल्लिंग कुलनाम
	хлеб	पावरोटी		Кúев	किएव (उक्रइनी सोवियत समाजवादी जनतंत्र की राजधानी)
д → [т]	сад	बग़ीचा	ж → [ш]	нож	छुरी
	завóд	कारखाना		рожь	राइ
г → [к]	друг	मित्र	з → [с]	колхóз	सामूहिक फ़ार्म
	юг	दक्षिण		морóз	पाला

शब्दान्त का व्यंजन कठोर हो या मृदु हो उसका घोष से अघोष में परिवर्तन होता ही है।

जब अघोष व्यंजन के पहले घोष व्यंजन होता है तब शब्द के आरभ में या मध्य में भी उपर्युक्त परिवर्तन हो सकता है।

उदाहरणार्थ: **всё** (सब) शब्द में **в** का उच्चारण [ф] जैसा किया जाता है क्योंकि वह अघोष व्यंजन **с** के पहले आया है [фсё]।

За́втрак (नाश्ता) शब्द में **в** का उच्चारण [ф] जैसा किया जाता है क्योंकि वह अघोष व्यंजन **т** के पहले आया है।

Ло́жка (चमच) शब्द में **ж** का उच्चारण [ш] जैसा किया जाता है क्योंकि वह अघोष व्यंजन **к** के पहले आया है।

पाठ

1. Вот хлеб, ма́сло и сыр. Там чай? Нет, там ко́фе и молоко́. Вот мёд и са́хар. Это за́втрак? Да, э́то за́втрак. Вот стака́н и ча́шка. Вот ва́ша таре́лка, ва́ша ло́жка, ваш нож и ва́ша ви́лка.

2. Здесь ры́ба, мя́со и о́вощи. Это обе́д? Нет, э́то наш у́жин. Вот ды́ня и фру́кты. Там фру́кты? Нет, там о́вощи.

शब्दसंग्रह *

ви́лка	(स्त्री०) कांटा (खाने का)	**мя́со**	(नपु०) माँस
за́втрак	(पु०) नाश्ता	**обе́д**	(पु०) मुख्य भोजन
ко́фе	(पु०) कॉफी	**о́вощи****	(ब०व०) तरकारी
ло́жка	(स्त्री०) चमच	**стака́н**	(पु०) गिलास
ма́сло	(नपुं०) मक्खन	**у́жин**	(पु०) दिनान्त भोजन
мёд	(पु०) शहद	**хлеб**	(पु०) पावरोटी
молоко́	(नपु०) दूध	**ча́шка**	(स्त्री०) कप, प्याला

---

* शब्दसंग्रह पाठ के बाद दिये जायंगे।

** केवल बहुवचन में प्रयोग की जानेवाली संज्ञाओं का रूसी में कोई लिंग नहीं माना जाता है।

उच्चारण कीजिये

обе́д, молоко́, мя́со, ме́д, хлеб, нож, ло́жка

३. पृथक्करण चिन्हों के रूप में ъ और ь

पृथक्करण चिन्ह द्वारा व्यंजन और स्वर के बीच й (य) ध्वनि का अस्तित्व सूचित होता है।

ь "मृदु" चिन्ह केवल व्यंजनों की मृदुता को सूचित करने के लिये प्रयोग किया जाता है सो बात नहीं। यह जब я, е, ё, ю वर्णों के पहले आता है — उदाहरणार्थ семья́ (परिवार) और статья́ (लेख) शब्दों में — तब व्यंजन और स्वर के बीच पार्थक्य सूचित करता है और पृथक्करण चिन्ह का काम देता है।

पृथक्करण चिन्ह का काम देते समय ь उसके पहले के व्यंजन की मृदुता भी सूचित कर सकता है:

семья́	परिवार
статья́	लेख
Татья́на	रूसी स्त्रीलिंग व्यक्तिवाचक नाम
Улья́новск	वोल्गा किनारे का एक शहर

टिप्पणी:

Улья́новск — वोल्गा किनारे का एक बड़ा शहर, व्ला० इ० लेनिन का जन्मस्थान।

दूसरा पृथक्करण चिन्ह है "कठोर" चिन्ह ъ। यह मुख्यतया я, е, ё, ю वर्णों के पहले के उपसर्गों के बाद आता है। उदाहरणार्थ съезд (काग्रेस), объявле́ние (विज्ञापन)।

съезд शब्द में с- उपसर्ग है और объявле́ние शब्द में об- उपसर्ग है।

पाठ

1. Я е́ду на съезд. Вот клуб. Здесь объявле́ние. Здесь наш съезд. Я иду́ на съезд.

2. Вот моя́ семья́: мать, оте́ц, брат, сестра́. Вот мой сын Никола́й и моя́ дочь Татья́на.

3. Это журна́л. Здесь ва́ша статья́ «Го́род Улья́новск». Вот карти́на «Семья́».

सुलेखन

ъ

Объявление. Съезд.

ь

Статья. Семья.

अभ्यास

१. ъ अक्षर को तीन बार लिखिये और उपर्युक्त शब्दों को फिर से लिखिये।

२. निम्नलिखित शब्दों में घोष तथा अघोष व्यजन दिखाइये:

дом, газе́га, жизнь, шко́ла, фа́брика, ла́мпа

३. यह बताइये कि निम्नलिखित शब्दों के अंतिम व्यजनों का उच्चारण किस प्रकार होता है:

клуб, съсзд, колхо́з, заво́д

४. निम्नलिखित संज्ञाओं के लिग बताइये:

хлеб, ма́сло, молоко́, ко́фе, мёд, мя́со, обе́д, у́жин, клуб, съезд, объявле́ние

५. ऊपर के दो पाठों को फिर से लिखिये और उन अन्त्य व्यंजनों को रेखांकित कीजिये जो घोष व्यंजनों के वर्ग में से हे लेकिन जिनका उच्चारण अघोष व्यंजनों की तरह किया जाता है।

УРОК 10— दसवाँ अध्याय

भाषण ध्वनियाँ तथा वर्ण:
स्वर तथा व्यंजन (सारांश)
वर्णविचार:
व्यंजनों तथा ц के बाद स्वर
э के साथ लिखे जाने वाले शब्द

भाषण ध्वनियाँ तथा वर्ण

१. स्वर तथा व्यंजन (सारांश)

(क) स्वर

१) रूसी में छः स्वर हैं:

а, о, у, э, ы, и

२) सभी बलसहित (साघात) स्वरों का उच्चारण स्पष्ट तथा साफ़ किया जाता है। उनके उच्चारण उनके नामों जैसे ही हैं।

बलरहित (निराघात) शब्दांशों में उनकी ध्वनि कुछ अस्पष्ट रहती है।

(क) बलरहित о और а तथा е और я के उच्चारण की ओर विशेष ध्यान देना चाहिये।

जब о या а बलरहित शब्दांश के पहले आते हैं अथवा किसी भी खुले आरंभिक शब्दाश में रहते है तब उनका उच्चारण अस्पष्ट а की तरह किया जाता है (तीसरा अध्याय देखिये):

оборóна प्रतिरक्षा

बाक़ी सभी बलरहित शब्दांशों में а और о का उच्चारण और भी अस्पष्ट किया जाता है:

кáрта नक़्शा голова́ सिर
каранда́ш पेंसिल я́блоко सेब

(ख) बलरहित शब्दांश के पहले е और я स्वरों की ध्वनि बदल कर и ध्वनि की सी हो जाती है (छठा अध्याय देखिये):

сестрá बहन язы́к भाषा стенá दीवाल

बाक़ी बलरहित शब्दांशों में **е** और **я** का उच्चारण इससे भी अस्पष्ट होता है:

пóле खेत тётя बुआ, मौसी, मामी, चाची

३) (क) शब्दारंभ में अथवा स्वरोत्तर [йа], [йэ], [йо], [йу] ध्वनि-संयोग **я, е, ё, ю** अक्षरों द्वारा सूचित किये जाते हैं:

яхта एक क़िस्म की नाव **ю**нга जहाज़ी लडका

маяк आकाशदीप каюта जहाज का कक्ष

(ख) वही वर्ण **я, е, ё, ю** जब व्यंजनों के बाद आते हैं तब उनसे[а], [э], [о], [у] ध्वनियाँ सूचित होती है और उनके पहले के व्यंजनों की मृदुता भी:

земля́ जमीन дя́дя चाचा

ме́сто जगह самолёт विमान

(ग) **и** के पहले भी व्यजनों का मृदु उच्चारण किया जाता है:

кни́га पुस्तक лю́ди लोग

(ख) व्यंजन

१) रूसी में परस्परानुरूप कठोर और मृदु व्यजनों की पन्द्रह जोड़ियाँ है। तीन ऐसे व्यजन है जो सामान्यत: कठोर होते है और तीन ऐसे व्यंजन है जो हमेशा केवल मृदु होते है।

ь वर्ण व्यंजन की मृदुता सूचित करता है (नवाँ अध्याय देखिये)।

सामान्यत: कठोर	कठोर और मृदु		हमेशा मृदु
ж ш ц	б	бь	ч щ й
	п	пь	
	д	дь	
	т	ть	
	в	вь	
	ф	фь	
	з	зь	
	с	сь	
	л	ль	
	м	мь	
	н	нь	
	р	рь	
	г }		
	к }	**е** और **и** के	
	х }	पहले मृदु	

२. वर्णविचार

(क) व्यंजनोत्तर स्वर

१) **а, э, о, у, ы** वर्ण आम तौर पर कठोर व्यजनों के बाद आते हैं। उदाहरणार्थ:

ла́мпа, дом

२) **я, е, ё, ю, и** वर्ण आम तौर पर मृदु व्यंजनों के बाद आते हैं। उदाहरणार्थ:

земля́, лю́ди

३) **ж, ч, ш, щ** और **г, к, х** के बाद **и, у, а** वर्ण हमेशा लिखे जाते हैं लेकिन **ы, ю, я** वर्ण कभी भी नहीं लिखे जाते, उदाहरणार्थ:

жить रहना Щу́кин एक पुल्लिंग कुलनाम

अपवाद—मूलत: विदेशी कई शब्द, उदाहरणार्थ: Жюри́

४) **ц** के बाद **и** या **ы** लिखा जा सकता है। लेकिन उच्चारण हमेशा [цы] होता है।

अधिकतर शब्दों में **ц** वर्ण जब शब्द के आरंभ मे होता है तब उसके बाद **и** वर्ण आता है, **ы** वर्ण नहीं (मूलत: विदेशी शब्दों के बारे में यह नियम विशेष रूप में लागू है):

цирк सरकस ци́фра अंक

-ция प्रत्यय में **ц** के बाद हम **и** लिखते हैं, उदाहरणार्थ:

на́ция राष्ट्र револю́ция क्रान्ति

शब्दांत में **ц** के बाद अक्सर **ы** लिखा जाता है:

отцы́ पिता (बहुवचन)

(ख) वर्ण э

э वर्ण सामान्यत: शब्द के आरभ में या स्वर के बाद आता है:

э́поха युग аэродро́м हवाई अड्डा

э वर्ण **э́тот** (यह) शब्द के सभी रूपों में तथा मूलत: विदेशी शब्दों मे भी प्रयोग किया जाता है।

व्यंजन के बाद यह शायद ही लिखा जाता है। मूलत: विदेशी शब्द **э** या **е** के साथ लिखे जा सकते हैं। देखिये: Мэ́ри और Ме́ри.

पाठ

1. Зима́. Вот лес. Всю́ду снег. Снег блести́т. Он блести́т я́рко. Моро́з. Вот река́. Здесь лёд. Лёд то́же блести́т. Со́лнце све́тит и не гре́ет. Хо́лодно. Очень хо́лодно.

2. Ле́то. Вот по́ле. Как краси́во вокру́г! Как я́рко све́тит со́лнце. Оно́ све́тит и гре́ет. Шуми́т, шуми́т пшени́ца. Тепло́. Очень тепло́. Колхо́зница Ма́ша рабо́тает и поёт. Она́ рабо́тает хорошо́ и поёт то́же хорошо́.

शब्दसंग्रह

блести́т	चमकता-ती है; चमक रहा-ही है	**гре́ет**	गरमाता-ती है; गरमाहट देता-ती है
вокру́г	इर्द-गिर्द, चारों ओर	**как**	कैसे
всю́ду	सर्वत्र	**колхо́зница**	(स्त्री०) सामूहिक कृषक स्त्री

краси́во	सुन्दर	со́лнце	(नपुं०) सूरज
лёд	(पु०) जमी हुई बरफ़	тепло́	गरम है
све́тит	जगमगाता-ती है ; जग-	хо́лодно	शीतल है
	मगा रहा-ही है	я́рко	उज्ज्वलता से , उज्ज्वल ,
снег	(पु०) हिम, बरफ़		तेज़

उच्चारण

г → [к]	снег, вокру́г
в → [ф]	всю́ду
з → [с]	моро́з
д → [т]	лёд, съезд
е → [и]	тепло, блести́т, о́чень

टिप्पणी: л वर्ण со́лнце शब्द में अनुच्चारित है।

सुलेखन

Зима. Мороз. Всюду снег и лёд.
Ярко блестит снег. Это фабрика.
Здесь работает мой друг Миша Иванов.
Там наш съезд. Вот объявление.
Я еду на съезд.
Там карта. Тут план. Это наш план.

अभ्यास

१. यह बताइये कि निम्नलिखित शब्दों में कौनसे व्यंजनों का मृदु उच्चारण होता है और यह स्पष्ट कीजिये कि लेखन में उनकी मृदुता कैसे सूचित की जाती है:

мать, ро́дина, о́чень, лёд, снег, тепло́, дя́дя

२. नीचे दिये गये शब्दों को निम्नलिखित आधार पर दो स्तम्भो में लिखिये:

(क) ऐसे शब्द जिनमें **е, ё, ю, я** वर्ण अस्पष्ट **й** का स्वर के साथ सयोग सूचित करते है: **юг**, каю́та.

(ख) ऐसे शब्द जिनमें **е, ё, ю, я** वर्ण उनके पहले के व्यजन की मृदुता सूचित करते है: не́бо.

мая́к, самолёт, де́ти, лю́ди, он поёт, я зна́ю, моя́, е́ду, я́хта, ёлка

३. यह बताइये कि निम्नलिखित शब्दों में (क) **о** वर्ण का उच्चारण कैसे किया जाता है:

моя́, Москва́, това́рищ, колхо́зник, она́, моро́з, хорошо́, хо́лодно

(ख) **е** वर्ण का उच्चारण कैसे किया जाता है:

лети́т, река́, ле́то, земля́, учени́к, де́ти

(ग) अन्त्य व्यजनों का उच्चारण कैसे किया जाता है:

клуб, колхо́з, сад, хлеб, Ивано́в, мёд, снег

४. कौनसा वर्ण आवश्यक है:

	ы या **и**		**а** या **я**
ж...знь	जीवन	ч...й	चाय
маш...на	इंजिन	ч...сы́	घडी

५. रूसी मे अनुवाद कीजिये:

सूरज तेज जगमगाता है। पाला (पडा) है। हिम चमकता है।

६. वर्णमाला (सभी वर्णों के क्रम तथा नामों) को कंठस्थ कीजिये। (वर्णमाला इस पुस्तक के आरम्भ में दी गई है)

УРОК 11— ग्यारहवाँ अध्याय

पहले भाग का सारांश

(पहले से दसवें अध्याय तक)

पाठ

Это ка́рта СССР. Вот се́вер, юг, восто́к и за́пад. Вот Ленингра́д[1] и река́ Нева́[2]. Здесь река́ Во́лга и река́ Дон. Вот го́род Улья́новск, го́род Сталингра́д и кана́л Во́лга-Дон.

Вот юг, здесь Кавка́з, го́род Тбили́си[3] и гора́ Эльбру́с[4]. Здесь тепло́. Ярко све́тит со́лнце. Вот го́род и порт Оде́сса[5]. Здесь то́же тепло́.

Там се́вер. Там го́род и порт Архáнгельск[6]. Там ещё зима́, хо́лодно. Всю́ду снег и лёд.

Вот столи́ца СССР. Столи́ца СССР — Москва́.

शब्दसंग्रह

восто́к	(पु०) पूर्व	се́вер	(पु०) उत्तर
го́род	(पु०) शहर	столи́ца	(स्त्री०) राजधानी
за́пад	(पु०) पश्चिम	юг	(पु०) दक्षिण

Примечания. टिप्पणियाँ :

1. Ленингра́д — सोवियत संघ में दूसरे क्रमांक का विशालतम शहर। एक महत्वपूर्ण बंदरगाह।

2 Нева́ — वह नदी जिसके तट पर लेनिनग्राद शहर बसा हुआ है।

3. Тбили́си — जॉर्जियन सोवियत समाजवादी जनतंत्र की राजधानी।

4 Эльбру́с — काकेशस पर्वतमाला में तथा युरोप में सर्वोच्च शिखर।

5. Оде́сса — काला सागर के तट पर स्थित एक बड़ा शहर तथा बंदरगाह।

6. Архáнгельск — रूस के उत्तर में श्वेत समुद्र के तट पर स्थित एक बड़ा शहर तथा बंदरगाह।

गिनिये :

१ — 1 оди́н, २ — 2 два, ३ — 3 три, ४ — 4 четы́ре, ५ — 5 пять, ६ — 6 шесть, ७ — 7 семь, ८ — 8 во́семь, ९ — 9 де́вять, १० — 10 де́сять, ११ — 11 оди́ннадцать, १२ — 12 двена́дцать.

उच्चारण :

о → अस्पष्ट [а] : одúн

е → [и] : четы́ре

е → अत्यन्त अस्पष्ट [и] : четы́ре, во́семь

я → अत्यन्त अस्पष्ट [и] : де́вять, де́сять

अभ्यास

१. वर्णमाला को पढ़िये :

а б в г д е ё ж з и й к л м н о п
р с т у ф х ц ч ш щ ъ ы ь э ю я

२. निम्नलिखित भौगोलिक नामों को वर्णमाला के क्रमानुसार लिखिये :
Москва́, Ленингра́д, Сталингра́д. Улья́новск, Алта́й, Кавка́з, Во́лга, Байка́л, Дон, Баку́, Ура́л, Архáнгельск, Оде́сса, Ялта, Памúр, Эльбру́с, Ри́га, Тбили́си

३. निम्नलिखित व्यक्तिवाचक संज्ञाओं को वर्णमाला के क्रमानुसार लिखिये :
Юрúй, Ива́н, Ви́ктор, Михаúл, Марúя, Со́фья, Екатери́на, Анна

४. ऊष्म वर्ण कहलानेवाली रूसी ध्वनियों के नाम बताइये।

५. जिन स्वरों के पहले и ध्वनि सुनी जाती है उनको सूचित करनेवाले वर्णों का नाम बताइये।

६. यह बताइये कि किन वर्णों के पहले (ж, ш, ц को छोड़ कर) व्यंजनों का मृदु उच्चारण किया जाता है।

७. निम्नलिखित वाक्यों को पढ़िये और हिन्दी में उनका अनुवाद कीजिये :

1. Вот дом, двор и сад. Это шко́ла. Вот ко́мната. Это класс. Здесь мой сын Ми́ша Ивано́в. Това́рищ Щу́кин — учúтель. Он даёт уро́к.

2. Здесь книга, газе́та и журна́л. Там каранда́ш и бума́га. Вот ка́рта. Здесь го́род Москва́. Москва́ — столúца СССР.

3. Самолёт летúт на юг. Там сейча́с ле́то. Ярко све́тит со́лнце. Там тепло́, о́чень тепло́. Впереди́ го́род и порт Оде́сса.

८. सातवें अभ्यास में दिये गये वाक्यों को किसी से कहलवा कर लिखिये।

९. स्मरण से रूसी वर्णमाला को बड़े और छोटे अक्षरों में लिखिये।
उदाहरणार्थ: Aa

१०. निम्नलिखित संख्याओं में से प्रत्येक का रूसी नाम बताइये और उनको शब्दों में लिखिये:

३, ७, ५, २, ८, ६, ९, ४, १०, १२

ध्वनि संबंधी अभ्यास

(पुनरावृत्ति)

प्रथम भाग में आये हुए निम्नलिखित शब्दों का उच्चारण कीजिये। जिन शब्दों का अर्थ आप नहीं जानते हैं उन्हे इस पुस्तक के अन्त में दिये गये शब्दसंग्रह में देख लीजिये।

१. स्वर-ध्वनियाँ

o → अस्पष्ट a (बलसहित शब्दांश के पूर्ववर्ती शब्दांश मे):

онá, онó, окнó, одúн, обéд, огóнь, огéц, офицéр, Одéсса, аэродрóм, горá, водá, моя́, моё, твоя́, твоё, пою́, поёт, Москвá, колхóзник, самолёт, боéц, высокó, морóз, товáрищ, солдáт, по-рýсски

तुलना कीजिये:

बलसहित o		बलरहित o
он	—	онá
мой	—	моя́
твой	—	твоя́
дом	—	домóй
стол	—	столúца

о → अत्यन्त अस्पष्ट а (बलसहित शब्दांश के बाद के शब्दांश में):

э́то, сло́во, не́бо, ме́сто, мо́лот, ма́ло, мы́ло, ми́ло, бы́стро, я́сно, хло́пок, о́вощи, я́блоко, ло́тос, шко́ла

о → **अस्पष्ट а (बलसहित शब्दांश के पूर्ववर्ती शब्दांश में)**
о → **अत्यन्त अस्पष्ट а (बलसहित शब्दांश के पूर्ववर्ती दूसरे शब्दांश में):**

голова́, потоло́к, молоко́, говорю́, говори́т, хорошо́

е → अस्पष्ट и (बलसहित शब्दांश के पूर्ववर्ती शब्दांश में):

стена́, сестра́, лети́т, блести́т, река́, земля́, учени́к, учени́ца, сейча́с, тепло́, во́семь, впереди́, блести́т, о́чень

е → अत्यन्त अस्पष्ट и (बलसहित शब्दांश के बाद के शब्दांश में):

по́ле, рабо́тает, се́вер, впереди́

я → अस्पष्ट и (बलसहित शब्दांश के पूर्ववर्ती शब्दांश में):
язы́к

я → अत्यन्त अस्पष्ट и (बलसहित शब्दांश के बाद के शब्दांश में):

тётя, дя́дя, де́вять, де́сять

ы (बलसहित तथा बलरहित शब्दांश में केवल कठोर व्यंजन के बाद):

мы, вы, ты, сын, дым, сыр, ды́ня, ты́ква, высоко́, бы́стро, ры́нок, язы́к, часы́, камы́ш

तुलना कीजिये:

व्यंजन + и		व्यंजन + ы
мир	—	мы
ми́ло	—	мы́ло
винт	—	вы
оди́н	—	дым
зима́	—	язы́к

२. व्यंजन-ध्वनियाँ

कठोर л

ла — ла́мпа, план, сла́ва, тала́нт, сала́т, хала́т, шко́ла

ло — ло́тос, плот, слон, флот, молоко́, я́блоко, поголо́к

ло [ла] — голова́, молоко́, хо́лодно, я́блоко

лу — лук, клуб, луна́

л — стол, стул, пол, мол, бал, был, зал, кана́л, футбо́л, вокза́л, Ура́л, Бэйка́л, Алта́й, Во́лга, шёлк, холм, колхо́з, таре́лка, ви́лка

मृदु л

ля — земля́

ле — лес, ле́то, хлеб, объявле́ние

ле [ли] — лети́т, блести́т, по́ле

ли — и́ли, Сталингра́д

лю — люк, лю́ди, револю́ция

ль — моль, соль, учи́тель, учи́тельница, Эльбру́с, Архан-гельск, Ульяновск

तुलना कीजिये :

мягкое л	твёрдое л
мель	мел
люк	лук
земля́	шко́ла
столи́ца	стол

मृदु д

дя — дя́дя, Воло́дя

де — де́ти, здесь, студе́нт, студе́нтка, где, де́вять, де́сять, де́ньги

ди — ро́дина, лю́ди, впереди́

дю — дюйм

дь — сва́дьба

मृदु त

тя — тётя, Ви́тя

те — оте́ц

тё — тётя

ти — карти́на, Ники́тин, лети́т

тю — костю́м

ть — мать, Татья́на, статья́, пять, шесть, де́вять, де́сять

मृदु न

ня — ня́ня, Со́ня, Ва́ня, Та́ня. Же́ня, ды́ня

не — не́бо, нет, кузне́ц, инжене́р

нё — нёбо

ни — те́хник, колхо́зник, понима́ю, граждани́н

ню — Ню́ра

нь — ого́нь, де́ньги, жизнь, о́чень

मृदु म

мя — мя́со, зна́мя

ме — мел, ме́сто

мё — мёд

ми — мир, шуми́т

мь — семь, во́семь

मृदु व

ве — ве́тка, ве́ра, вещь, све́тит

ви — винт, ви́лка

मृदु ज

зи — зима́

зе — газе́та, земля́ (е- > и)

मृदु स

си — си́ла, краси́во

се — сéно, семь, сéвер

сь — здесь

ж — हमेशा कठोर

жа — жáрко

же — Жéня, ужé, тóже (е अस्पष्ट है), инженéр

жи — Жúлин, ýжин, жизнь

жу — жук, жужжúт, журнáл

ж — гражданúн, граждáнка

कठोर р

ра — рáма, рабóчий, рабóгает, травá, фрáза, брат, странá, грамм, рабóтница, гражданúн, граждáнка, горá, врач, красúво, сестрá, цúфра, карандáш, Урáл

ро — рóза, рóдина, рот, оборóна, дорóга, гром, урóк, хорошó

ру — рукá, ручéй, вокрýг, рýчка, фрýкты, Эльбрýс, друг

ры — рынок, рыба

р — двор, пáрта, спорт, фóрма, кáрта, мир, центр, сыр, офицéр, жáрко, журнáл, инженéр

мृदु р

ре — тарéлка, грéет

ри — три, говорúт, фáбрика

рю — трюм, говорю́

щ — हमेशा मृदु

ще — щéпка, щель

щё — щётка, ещё

щи — защúта, óвощи, трещúт

щу — Щýкин

щ — вещь, товáрищ

ц — हमेशा कठोर

ца — пшени́ца, сголи́ца, рабо́тница, колхо́зница, пти́ца

це — центр, цех, офице́р

ц — оте́ц, кузне́ц, бое́ц

कठोर **х**

ха — хала́т, са́хар

хо — холм, хор, хо́лодно

х — я́хта, бу́хта, хлеб, хло́пок, те́хник

मृदु **х**

хи — хи́мик

хе — схе́ма

अघोषीकृत व्यजन

शब्द के अन्त मे. клуб, хлеб, сад, заво́д, го́род, друг, юг, снег, вокру́г, лёд, съезд, обе́д, мёд, Ивано́в, Ки́ев, нож, рожь, колхо́з, моро́з, Кавка́з

अन्य अघोषीकृत व्यजन से पहले (शब्दारंभ मे या शब्द के बीच मे) все́, всю́ду, за́втрак, Карка́з, Улья́новск

दूसरा भाग

УРОК 12ª

व्याकरण :

प्राणिवाचक तथा अप्राणिवाचक संज्ञाएं
संज्ञाओं का लिंग (सारांश)
अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम
शब्द का मूल रूप तथा विभक्ति
Нет और не के साथ वाक्यरचना
विधानार्थक या निषेधवाचक उत्तर प्राप्त करने वाला प्रश्न

ГРАММАТИКА व्याकरण

१. प्राणिवाचक तथा अप्राणिवाचक संज्ञाए

रूसी व्याकरण में प्राणिवाचक तथा अप्राणिवाचक संज्ञाएं है। प्राणिवाचक संज्ञाएं व्यक्तियों तथा मनुष्येतर प्राणियों को सूचित करती है :

брат भाई лéбедь राजहस

अप्राणिवाचक संज्ञाए वस्तुओं तथा भाववाचक कल्पनाओं को सूचित करती हैं :

книга पुस्तक знáние ज्ञान

प्रश्न जब मनुष्यों या मनुष्येतर प्राणियों से सबंधित होता है तब **кто?** — कौन? प्रश्नार्थक सर्वनाम का उपयोग किया जाता है।

Кто это? — Мой брат. यह कौन है? (यह) मेरा भाई (है)।

वस्तुओं से सबधित (और कभी-कभी प्राणियों से सबधित) प्रश्न में **что?** — क्या? प्रश्नार्थक सर्वनाम का उपयोग किया जाता है।

Что это? — Книга. यह क्या है? (यह) पुस्तक (है)।

२. संज्ञाओं का लिंग (सारांश)

१. रूसी भाषा में तीन लिग है : पुल्लिंग, स्त्रीलिग और नपुंसक-लिंग।

२. बहुतांश प्राणिवाचक संज्ञाओं का लिंग उनके द्वारा सूचित व्यक्तियों तथा मनुष्येतर प्राणियों की जाति के अनुसार निश्चित होता है, उदाहरणार्थ:

студе́нт (पु०) विद्यार्थी студе́нтка (स्त्री०) विद्यार्थिनी
актёр (पु०) अभिनेता актри́са (स्त्री०) अभिनेत्री

३. रूसी संज्ञा का लिंग संबंधित सज्ञा के एकवचन के अन्त्याक्षर के अनुसार भी निश्चित किया जा सकता है; खास कर अप्राणिवाचक सज्ञाओं के बारे में यह बात विशेष महत्वपूर्ण है क्योंकि ऐसी सज्ञाओं में लिंग-सूचक और कोई चिन्ह नहीं रहता है।

अन्त्याक्षर के अनुसार संज्ञाओं को आगे की तरह पुल्लिंग, स्त्रीलिंग तथा नपुंसक-लिंग सज्ञाओं में विभाजित किया जाता है:

पुल्लिंग	स्त्रीलिंग	नपुसक-लिंग
अन्त्याक्षर :	अन्त्याक्षर :	अन्त्याक्षर :
१. व्यंजन	-а	-о
студе́нт विद्यार्थी	страна́ देश	окно́ खिडकी
стол मेज	кни́га पुस्तक	сло́во शब्द
труд श्रम	сестра́ बहन	ме́сто जगह
२. व्यंजन + ь	-я	-е
учи́тель अध्यापक	земля́ जमीन	по́ле खेत
день दिन	фами́лия कुलनाम	зна́ние ज्ञान
путь मार्ग	семья́ परिवार	
३. -й	व्यंजन + ь	-мя
май मई	жизнь जीवन	и́мя नाम
чай चाय	дочь पुत्री	зна́мя पताका
геро́й नायक; वीर	но́вость समाचार	вре́мя समय

पुल्लिंग तथा स्त्रीलिंग संज्ञाओं से प्राणी तथा जड वस्तुए सूचित हो सकती है:

брат (पु०) भाई потоло́к (पु०) छत
сестра́ (स्त्री०) बहन стена́ (स्त्री०) दीवाल

कुछ ही अपवादों को छोड़ कर लगभग सभी नपुंसक-लिंग संज्ञाओं से जड़ वस्तुएं या भाववाचक कल्पनाएं सूचित होती हैं:

по́ле खेत вре́мя समय

४. व्यंजन + ь जिन सज्ञाओं के अन्त में है वे संज्ञाएं पुल्लिंग या स्त्रीलिंग संज्ञाएं होती है। ध्यान रखिये कि.

(क) जब ь वर्ण के पहले कोई ऊष्म वर्ण (ж, ч, ш, щ) होता है तब वह संज्ञा स्त्रीलिंग होती है: ночь रात, рожь राइ, вещь वस्तु, мышь चूहा।

(ख) जिनके अन्त में -сть वर्ण होते है वे संज्ञाएं लगभग हमेशा स्त्रीलिंग संज्ञाएं होती है: но́вость समाचार, честь सम्मान (इस नियम का अपवाद है гость अतिथि शब्द जो पुल्लिंग है)।

५. (क) पुरुष जाति सूचक कुछ सज्ञाओं के अन्त में -а या -я होता है। ऐसी संज्ञाओं का लिंग जाति के अनुसार निश्चित होता है:

мужчи́на पुरुष дя́дя चाचा

(ख) कुछ पुल्लिग व्यक्तिवाचक सज्ञाओं तथा पुल्लिंग व्यक्तिवाचक संज्ञाओं के कई लघुरूपो के अन्त में भी -а या -я वर्ण हो सकता है:

Ники́та
Ми́ша — Михаи́л का लघुरूप
Ко́ля — Никола́й का लघुरूप
Воло́дя — Влади́мир का लघुरूप

(ग) अन्त्याक्षर -ин और -ов वाले रूसी कुलनामों (ये रूसी में अत्यधिक प्रचलित है) के पुल्लिग और स्त्रीलिग में भिन्न रूप होते है: पुल्लिग रूप के अन्त में -а जोड कर स्त्रीलिंग रूप बनाया जाता है:

पुल्लिग रूप	स्त्रीलिंग रूप
Ники́тин, Ивано́в	Ники́тина, Ивано́ва

६. रूसी भाषा में -мя अन्त्याक्षर वाली दस नपुसक-लिंग सज्ञाएं है। इनमें से अधिक प्रचलित सज्ञाए पृष्ठ ६८ पर की सारणी में दी गई है।

७. कुछ रूसी सज्ञाओं का उपयोग पुरुष या स्त्री जाति के व्यक्तियों के बारे में (समान रूप में) किया जा सकता है, उदाहरणार्थ: това́рищ साथी, врач डॉक्टर, агроно́м कृषिशास्त्रज्ञ।

३. अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम

रूसी में एक ही अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम से प्राणी तथा जड वस्तुएं सूचित होती है, इस सर्वनाम के लिंगानुसार तीन रूप होते हैं: **он** पु०, **она́** स्त्री०, **оно́** नपुं०।

Вот **стол. Он** здесь. (पुल्लिग) यह मेज है। वह यहाँ है।

Где **кни́га? Она́** там. (स्त्रीलिंग) पुस्तक कहाँ है? वह वहाँ है।

Где **перо́?** Вот **оно́.** (नपुंसक-लिग) निब कहाँ है? यह है।

४. शब्द का मूल रूप तथा विभक्ति

रूसी भाषा के विद्यार्थी को शब्द के मूल रूप तथा विभक्ति का अन्तर ठीक समझ लेना चाहिये।

शब्द का वह अंतिम हिस्सा जिसके कारण शब्द का व्याकरण सबंधी रूप स्पष्ट होता है और जिसका रूपांतर हो सकता है, विभक्ति कहलाता है। विभक्ति, वाक्य में एक शब्द का दूसरे शब्द से संबंध दिखाती है। उदाहरणार्थ, संज्ञाओं के अन्त्याक्षर o और a विभक्तियाँ है। -a विभक्ति दिखा सकती है कि **кни́га** सज्ञा स्त्रीलिग, एकवचन में है; -o विभक्ति दिखा सकती है कि **сло́во** संज्ञा नपुंसक-लिग, एकवचन में है। सज्ञाओं में विभक्ति के अभाव से भी उनका व्याकरण सबंधी रूप पहचानने में सहायता मिलती है। उदाहरणार्थ, विभक्ति के अभाव से स्पष्ट होता है कि **стол** संज्ञा पुल्लिग है।

शब्द का मूल रूप है विभक्ति रहित पूर्ण शब्द। उदाहरणार्थ, **кни́га** और **сло́во** शब्दों मे मूल रूप है **книг-** और **слов-**। **дом** शब्द मे विभक्ति नही है—अत: पूरा शब्द ही मूल रूप है।

५. нет और не के साथ वाक्यरचना

нет हिन्दी 'नहीं' के समान है।

не हिन्दी 'नहीं', 'न', 'मत' के समान है।

нет शब्द का अर्थ **да** शब्द के विरुद्ध है। तुलना कीजिये:

Это кни́га?	क्या यह पुस्तक है?
Да, э́то кни́га.	जी हाँ, यह पुस्तक है।
Нет, э́то не кни́га.	जी नहीं, यह पुस्तक नही है।
Это не кни́га, а журна́л.	यह पुस्तक नही है, यह पत्रिका है।

निषेधवाचक प्रश्न के उत्तर में **нет** शब्द हिन्दी 'हाँ' के अर्थ में प्रयुक्त होता है, उदाहरणार्थ:

Вы не студе́нт? क्या तुम विद्यार्थी नही हो?
Нет, я студе́нт. क्यों नहीं, (जी हाँ) मैं विद्यार्थी हूँ।

६. विधानार्थक या निषेधवाचक उत्तर प्राप्त करने वाला प्रश्न

विधानार्थक या निषेधवाचक उत्तरापेक्षी प्रश्न रूसी मे वाक्य के उच्चारण के प्रश्नार्थक लहजे से सूचित किया जाता है; वाक्य में शब्दों का क्रम अपरिवर्तित रहता है। तुलना कीजिये:

Он чита́ет. वह पढ रहा है।
Это клуб. यह क्लब है। } (विधान का लहजा)

Он чита́ет? Это клуб? (प्रश्न का लहजा)

वाक्य में शब्दों का क्रम बदला जा सकता है लेकिन ऐसा करना आवश्यक नही है। उल्टे शब्दक्रम के साथ वही प्रश्न:

Чита́ет он? (क्या) वह पढ रहा है?
Клуб э́то? (क्या) यह क्लब है?

Произношение उच्चारण

д, т और **н** का मृदु उच्चारण कीजिये:

д [дь] дя́дя, Воло́дя, день
т [ть] путь, гость, но́вость
н [нь] конь, день, жизнь, зна́ние

СЛОВАРЬ शब्दसग्रह

агроно́м (पु०) कृषिशास्त्रज्ञ
актёр (पु०) अभिनेता
актри́са (स्त्री०) अभिनेत्री
вре́мя (नपु०) समय
геро́й (पु०) नायक; वीर
гость (पु०) अतिथि
двена́дцать 12 बारह
день (पु०) दिन
зна́ние (नपु०) ज्ञान
и́мя (नपु०) नाम
конь (पु०) घोडा
ле́бедь (पु०) राजहंस

мужчи́на (पु०) पुरुष	путь (पु०) मार्ग
мышь (स्त्री०) चूहा	труд (पु०) श्रम
но́вость (स्त्री०) समाचार	фами́лия (स्त्री०) कुलनाम
ночь (स्त्री०) रात	флаг (पु०) ध्वज
перо́ (नपुं०) निब	честь (स्त्री०) सम्मान

Примечание टिप्पणी

Флаг — ध्वज और **зна́мя** — पताका शब्दों में गड़बड न कीजिये।

УПРАЖНЕНИЯ अभ्यास

१. (क) निम्नलिखित शब्दों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।
(ख) प्राणियों, वस्तुओं तथा भाववाचक कल्पनाओं को सूचित करने वाली सज्ञाए बताइये।

учени́к, ша́хта, ры́ба, ды́ня, ме́сто, самолёт, по́ле, лес, река́, клуб, колхо́зница, страна́, нау́ка, не́бо, земля́, оте́ц, де́вушка, фа́брика, заво́д, сло́во, хлеб, ма́сло, чай, са́хар, ко́фе, молоко́, кни́га, бума́га, зна́ние, план, уро́к, бу́ква, сын, столи́ца, това́рищ, объявле́ние, дя́дя, жизнь, ночь, врач, журна́л, каранда́ш, рожь, карти́на, мать, зима́, ле́то, май, статья́, студе́нтка, бу́хта, пол, стена́, потоло́к

२. अभ्यास १ में दी गई संज्ञाओं का लिंगानुसार वर्गीकरण कीजिये। उदाहरण:

पुल्लिग	स्त्रीलिग	नपुसक-लिग
дом	ко́мната	окно́

३. रूसी में अनुवाद कीजिये:

(१) यह पाठशाला है? जी हाँ। (२) यह फेक्टरी है? जी नही, यह फ़ेक्टरी नही है, यह पाठशाला है। (३) साथी इवूकिन कामगार नहीं है, (क्या) है वह कामगार? जी हाँ, वह कामगार है। (४) यह पत्रिका नही है, (क्या) है यह पत्रिका? जी हाँ, यह पत्रिका है। (५) आप अध्यापक है? जी नहीं, मै अध्यापक नहीं हूँ, मै इजीनियर हूँ।

४. खाली जगहों में अर्थानुसार **Ива́нов, Ники́тин** कुलनामों के पुल्लिंग या स्त्रीलिंग रूप रखिये:

1. Това́рищ ... — инжене́р. 2. Ве́ра ... — студе́нтка. 3. Вот мой брат Никола́й .... 4. Со́ня ... — рабо́тница. 5. Ви́тя ... — мой това́рищ.

УРОК 12[6]

शब्द-साधन :

शब्द का धातु

प्रत्यय

कर्तृवाचक सज्ञा-प्रत्यय

ТЕКСТ पाठ

I

Вот граждани́н Ивано́в. Он ру́сский. Там гражда́нка Ивано́ва. Она́ то́же ру́сская. Кто́ это? Это това́рищ Луки́н. Он учи́тель? Нет, он инжене́р. Кто́ это? Это това́рищ Лукина́. Она́ врач? Нет, она́ агроно́м. Где она́? Она́ до́ма. Това́рищ Луки́н не ру́сский? Нет, он ру́сский. Он коммуни́ст. Това́рищ Лукина́ то́же коммуни́стка. Студе́нт Ми́ша — комсомо́лец. Студе́нтка Та́ня — комсомо́лка.

II

Арун Гупта — студе́нт. Он инди́ец. Тара Рой индиа́нка. Она́ студе́нтка? Нет, она́ журнали́стка. Она́ до́ма? Нет, она́ здесь. Рабо́чий Цой — коре́ец. Коре́ец Ким рабо́чий? Нет, он крестья́нин. Рабо́тница Ли — китая́нка. Она́ коммуни́стка. Ли Сюн — кита́ец? Да, он кита́ец. Он журнали́ст? Нет, он инжене́р. Он изуча́ет ру́сский язы́к.

Джон америка́нец. Мэ́ри америка́нка. Джим англича́нин. Его́ жена́ Кэт то́же англича́нка.

Моё и́мя Никола́й. Моя́ фами́лия Ивано́в.

III

Вот ко́мната. Пря́мо окно́. Нале́во дверь. Напра́во стои́т дива́н. Шкаф стои́т то́же напра́во. Посереди́не стои́т стол. Где стои́т дива́н? Он стои́т напра́во. Где стои́т шкаф? Он стои́т то́же напра́во. Где стои́т стол? Он стои́т посереди́не.

IV

Вот стол. Посереди́не стои́т ла́мпа. Напра́во лежи́т журна́л «Зна́ние». Нале́во лежи́т журна́л «Нау́ка и жизнь». Где газе́та «Пра́вда»? Вот она́. Где газе́та «Труд»? Она́ там. Где письмо́? Вот оно́. Это уче́бник? Нет, э́то рома́н «Война́ и мир». А э́то то́же рома́н? Нет, э́то не рома́н, э́го по́весть. Это по́весть «Сча́стье». Кни́га лежи́т и́ли стои́т? Она́ стои́т. Журна́л лежи́т и́ли стои́т? Он лежи́т. Здесь лежи́т ещё письмо́ и тетра́дь. Там лежи́т уче́бник.

СЛОВАРЬ शब्दसग्रह

америка́нец (पु०) अमरीकन
америка́нка (स्त्री०) अमरीकन स्त्री
англича́нин (पु०) अग्रेज
англича́нка (स्त्री०) अंग्रेज स्त्री
война́ (स्त्री०) युद्ध
дверь (स्त्री०) दरवाजा, द्वार
дива́н (पु०) सोफा
до́ма क्रियावि० घर पर
домо́й क्रियावि० घर को
журнали́ст (पु०) पत्रकार
журнали́стка (स्त्री०) पत्रकार स्त्री
изуча́ть पढ़ना, अध्ययन करना
инди́анка (स्त्री०) भारतीय स्त्री
инди́ец (पु०) भारतीय पुरुष
кита́ец (पु०) चीनी पुरुष
китая́нка (स्त्री०) चीनी स्त्री
коммуни́ст (पु०) कम्युनिस्ट
коммуни́стка (स्त्री०) कम्युनिस्ट स्त्री
комсомо́лец (पु०) कोम्सोमोल* सदस्य
«Зна́ние» (नपुं०) "ज्ञानिये" (एक सोवियत पत्रिका का नाम)
комсомо́лка (स्त्री०) कोम्सोमोल सदस्या
коре́ец (पु०) कोरियन
крестья́нин (पु०) किसान
крестья́нка (स्त्री०) किसान स्त्री
лежи́т पडा (पडी) है
мир (पु०) शान्ति
нале́во क्रियावि० बाये
напра́во क्रियावि० दाये
письмо́ (नपु०) पत्र
по́весть (स्त्री०) कहानी, उपन्यास
посереди́не क्रियावि० बीच मे
«Пра́вда» (स्त्री०) "प्राव्दा" (एक सोवियत समाचारपत्र का नाम)
пря́мо क्रियावि० सामने
рома́н (पु०) उपन्यास
ру́сский (पु०) रूसी
стои́т खडा रहता-ती है; खडा रह रहा-ही है।
сча́стье (नपुं०) सुख
тетра́дь (स्त्री०) कापी, वही
«Труд» (पु०) "त्रूद" (एक सोवियत समाचारपत्र का नाम)

---

* कोम्सोमोल: (कम्युनिस्ट युवक सघ) का सक्षेप।

СЛОВООБРАЗОВАНИЕ शब्द-साधन

१. शब्द का धातु

हिन्दी की तरह रूसी में भी धातु, शब्द का वह भाग है जिसमें उसका शाब्दिक अर्थ रहता है। कई शब्दों का धातु एक ही हो सकता है। उदाहरणार्थ, निम्नलिखित शब्दों में уч- धातु है: учи́ть पढाना; уче́ние अध्ययन; учи́тель अध्यापक; учени́к छात्र; уче́бник पाठ्यपुस्तक; изуча́ю मैं अध्ययन करता-ती हूँ।

शब्द के धातु तथा मूल रूप में अन्तर होता है (बारहवाँ अध्याय देखिये): कुछ शब्दों में धातु और मूल रूप एक ही हो सकते हैं, उदाहरणार्थ, стол और сло́во शब्दों में। लेकिन मूल रूप में प्रत्यय या उपसर्ग या दोनों का समावेश हो सकता है।

धातु तथा प्रत्यय सहित मूल रूप: **кита́-ец**
" " उपसर्ग " " (और विभक्ति): **на-пра́в-о**
" उपसर्ग, प्रत्यय " " (और विभक्ति): **объ-явл-е́ни-е**

२. प्रत्यय

शब्द में धातु तथा विभक्ति या अन्य चरम प्रत्यय के बीच के भाग को (यदि शब्द में विभक्ति न हो तो धातु के साथ जोड़े गये भाग को) प्रत्यय कहते हैं। प्रत्येक प्रत्यय शब्द के धातु के अर्थ का पूरक होता है। उदाहरणार्थ, निम्नलिखित प्रत्ययों से संबधित सज्ञाओं द्वारा सूचित व्यक्तियों के व्यवसाय, सामाजिक स्तर, दल-सदस्यत्व, राष्ट्रीयत्व आदि को समझ लेने में सहायता मिलती है। संज्ञा का लिंग पहचानने में भी प्रत्ययों से सहायता मिलती है।

३. कर्तृवाचक संज्ञा-प्रत्यय

पुल्लिग		स्त्रीलिग	
-ец	комсомо́лец	**-к-а**	комсомо́лка
	инди́ец	**-анк-а**	инди́анка
	кита́ец	**-янк-а**	китая́нка
-анец	америка́нец	**-анк-а**	америка́нка

-анин	граждани́н; англича́нин	**-анк-а**	гражда́нка; англича́нка
-янин	крестья́нин	**-янк-а**	крестья́нка
-ник	колхо́зник	**-ниц-а**	колхо́зница
-тель	учи́тель	**-ниц-а**	учи́тельница
-ист	коммуни́ст	**-ист-к-а**	коммуни́стка
•	студе́нт	**-к-а**	студе́нтка

УПРАЖНЕНИЯ अभ्यास

१. निम्नलिखित पुल्लिग संज्ञाओं के स्त्रीलिग रूप लिखिये। पुल्लिग या स्त्रीलिंग रूप सूचित करनेवाले प्रत्ययों को रेखाकित कीजिये:

उदाहरण: граждани́н—гражда́нка

англича́нин, америка́нец, кита́ец, не́мец, коммуни́ст, комсомо́лец, пионе́р, ученик, крестья́нин, колхо́зник, журнали́ст

२. इस अध्याय के तीसरे और चौथे पाठ में आई हुई सज्ञाओं के लिग बताइये।

३. रूसी में अनुवाद कीजिये:

(१) यह कौन है? यह साथी इवानोव है। यह क्या है? यह हमारी पाठ्यपुस्तक है।

(२) यह पत्रिका है?
- जी हाँ।
- जी नही, यह पाठ्यपुस्तक है।
- यह पत्रिका नही है,
- यह पाठ्यपुस्तक है।

(३) आपका नाम क्या है? मेरा नाम अरुण गुप्त है। और आपका नाम क्या है? मेरा नाम इवान है, मेरा कुलनाम निकितिन है।

४. निम्नलिखित शब्दों को फिर से लिखिये और उनके धातु बताइये:

उदाहरण: учу́, ученик — уч-

1) сло́во, слова́рь; 2) дом, до́ма, домо́й; 3) уче́бник, изуча́ю

УРОК 13ª

व्याकरण :
संज्ञाओं का बहुवचन
अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम का बहुवचन

ГРАММАТИКА व्याकरण

१. सज्ञाओं का बहुवचन

(क) बहुवचन कैसे बनाया जाता है

बहुवचन संज्ञाओं मे निम्नलिखित विभक्तियाँ लगती है :

पुल्लिग	स्त्रीलिंग	नपुंसक-लिग
-ы	**-ы**	**-а**
студе́нт—студе́нты	газе́та—газе́ты	сло́во—слова́
заво́д—заво́ды	страна́—страны	окно́—о́кна
мужчи́на—мужчи́ны	сестра́—се́стры	ме́сто—места́
-и	**-и**	**-я**
а) уро́к—уро́ки	кни́га—кни́ги	по́ле—поля́
нож—ножи́	кры́ша—кры́ши	мо́ре—моря́
б) геро́й—геро́и	земля́—зе́мли	зна́ние—зна́ния
в) гость—го́сти	фами́лия—фами́лии	
автомоби́ль—автомоби́ли	статья́—статьи́	
г) дя́дя—дя́ди	но́вость—но́вости	
	ночь—но́чи	
	вещь—ве́щи	

उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट होता है कि रूसी संज्ञाओं के बहुवचन में **-ы, -и** या **-а, -я** विभक्तियाँ लगती है :

१. व्यजनान्त (г, к, х और ж, ч, ш, щ को छोड़ कर) पुल्लिंग संज्ञाओं में बहुवचन की **-ы** विभक्ति लगती है : заво́д—заво́ды

(ख) **-а** अन्त्याक्षरवाली स्त्रीलिंग सज्ञाओं का बहुवचन करते समय **-а -ы** में परिवर्तित होता है और उनमें बहुवचन की **-ы** विभक्ति ही लगती है (उन

मामलों को छोड़ कर जहाँ अन्तिम शब्दांश में г, к, х और ж, ч, ш, щ वर्ण होते हैं): газéта—газéты।

टिप्पणी: विद्यार्थी को ध्यान रखना चाहिये कि -ы वर्ण г, к, х तथा ж, ч, ш, щ के बाद कभी नहीं लिखा जाता (दसवाँ अध्याय देखिये)।

२. बाकी सब पुल्लिंग तथा स्त्रीलिंग संज्ञाओं के बहुवचन में -и विभक्ति लगती है। ये संज्ञाएं इस प्रकार हैं:

(क) वे पुल्लिंग संज्ञाएं जिनके अन्त में г, к, х और ж, ч, ш, щ होते हैं (урóк—урóки);

(ख) वे स्त्रीलिंग संज्ञाएं जिनके अन्त में -а होता है और जिनके उपान्त्य अक्षर г, к, х या ж, ч, ш, щ होते हैं;

(ग) वे पुल्लिंग तथा स्त्रीलिंग संज्ञाएं जिनके एकवचन के अन्त में -я, -й, -ь होते हैं (земля́—зе́мли, дя́дя—дя́ди, геро́й—геро́и, но́вость—но́вости)।

३. एकवचन में -о अन्त्याक्षर वाली नपुंसक-लिंग संज्ञाओं के बहुवचन में -о के स्थान पर -а आता है: сло́во—слова́।

४. -е अन्त्याक्षर वाली नपुंसक-लिंग संज्ञाओं के बहुवचन में -е के स्थान पर -я आता है: по́ле—поля́।

टिप्पणी: ж, ч, ш, щ, ц व्यंजनों के बाद -я वर्ण कभी नहीं आता।

(ख) पुल्लिंग संज्ञाओं के बहुवचन के विशेष रूप

१. कुछ पुल्लिंग संज्ञाओं के बहुवचन में -а विभक्ति लगती है: дом—дома́, го́род—города́, лес—леса́। कुछ पुल्लिंग संज्ञाओं में -я विभक्ति लगती है: учи́тель—учителя́ (учи́тели), край—края́। बहुवचन में पुल्लिंग संज्ञाओं की -а और -я विभक्तियाँ बलरहित रहती हैं।

२. -ец (оте́ц) प्रत्यय वाली बहुतांश पुल्लिंग संज्ञाओं का बहुवचन -е स्वर को हटाकर तथा -ы जोड़कर बनता है (отцы́)।

३. **-анин, -янин** (граждани́н, крестья́нин) प्रत्यय वाली पुल्लिंग संज्ञाओं का बहुवचन हमेशा अन्तिम शब्दांश **-ин** को **-е** में परिवर्तित करके ही होता है: граждани́н—гра́ждане, крестья́нин—крестья́не।

४. **Ру́сский, рабо́чий** संज्ञाओं के बहुवचन है **ру́сские, рабо́чие**।

Това́рищи Ивано́в и Ники́тин ру́сские.	साथी इवानोव और निकितिन रूसी है।
Петро́в и Па́влов рабо́чие.	पेत्रोव और पावलोव कामगार है।

(ग) बहुवचन संज्ञाओं में बल की स्थिति

कुछ संज्ञाओं के बहुवचन में बल की स्थिति वही रहती है जो उनके एकवचन में होती है; जब कि कुछ संज्ञाओं में उसका स्थानातरण होता है।

१. जब एकवचन संज्ञा में संज्ञा के प्रथम या अन्तिम शब्दांश पर बल नही होता तब बहुवचन में वह अपरिवर्तित रहता है:

това́рищ—това́рищи	साथी — साथी (ब० व०)
газе́та—газе́ты	समाचारपत्र — समाचारपत्र (ब० व०)

इस नियम के कुछ अपवाद है, जहाँ संज्ञा के एकवचन में प्रथम या अन्तिम शब्दांश पर बल के होते हुए भी बहुवचन में वह अपरिवर्तित रहता है:

студе́нт—студе́нты	विद्यार्थी - विद्यार्थी (ब० व०)
кни́га—кни́ги	पुस्तक — पुस्तके

२. (क) एक — शब्दांशवाली कई पुल्लिंग संज्ञाओं का बहुवचन करते समय बल को अन्तिम शब्दाश पर स्थानांतरित किया जाता है:

стол—столы́	मेज — मेजें
мост—мосты́	पुल — पुल (ब० व०)

(ख) अनेक शब्दाश वाली कई पुल्लिग तथा नपुसक-लिग संज्ञाओं में भी बल को अन्तिम शब्दाशों पर स्थानांतरित किया जाता है:

каранда́ш—каранда́ши́	पेन्सिल — पेन्सिलें
сло́во—слова́	शब्द — शब्द (ब० व०)

(ग) जब पुल्लिंग संज्ञाओं में बहुवचन की **-а, -я** विभक्तियाँ लगती हैं तब बल को निरपवाद रीति से अन्तिम शब्दांश पर स्थानांतरित किया जाता है:

дом—дома́ घर — घर (ब० व०)
край—края́ धार — धारे

३. कुछ पुल्लिंग, स्त्रीलिंग तथा नपुंसक-लिंग संज्ञाओं के बहुवचन में बल को प्रथम शब्दांश पर स्थानांतरित किया जाता है:

рука́ — ру́ки हाथ — हाथ (ब० व०)
стена́ — сте́ны दीवाल — दीवालें
окно́ — о́кна खिडकी — खिड़कियाँ

(घ) **-ов** और **-ин** अन्त्याक्षर वाले रूसी कुलनामों का बहुवचन

-ов और **-ин** अन्त्याक्षर वाले (Ивано́в और Ники́тин जैसे) रूसी कुलनामों के बहुवचन में **-ы** विभक्ति लगती है:

сёстры Ивано́вы इवानोव बहनें
брат и сестра́ Ники́тины निकितिन भाई तथा बहन

२. अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम का बहुवचन

बहुवचन संज्ञा के स्थान पर तीनों लिगों में **они́** — वे का उपयोग किया जाता है:

Никола́й ру́сский निकोलाई रूसी है।
Ольга то́же ру́сская. ओल्गा भी रूसी है।
Они́ ру́сские. वे रूसी हैं।
Где кни́ги? **Они́** здесь. पुस्तकें कहाँ हैं? वे यहाँ हैं।

СЛОВАРЬ शब्दसंग्रह

автомоби́ль (पु०) मोटर गाडी
край (पु०) धार
кры́ша (स्त्री०) छप्पर
мо́ре (नपुं०) समुद्र
они́ वे
трина́дцать 13 तेरह

Произношение उच्चारण

(क) निम्नलिखित शब्दों में **-ы** के उच्चारण पर ध्यान दीजिये:

студе́нты, заво́ды, газе́ты, стра́ны

(ख) निम्नलिखित शब्दों में **-и** तथा **-я** के पूर्ववर्ती मृदु व्यंजनों के उच्चारण पर ध्यान दीजिये:

пути́, автомоби́ли, но́вости, дни, по́ля́, моря́

УПРАЖНЕНИЯ अभ्यास

१. निम्नलिखित संज्ञाओं के बहुवचन लिखिये और उनमें बल की स्थिति सूचित कीजिये:

(क) बल अपरिवर्तित:

उदाहरण: ка́рта — ка́рты

столи́ца, план, самолёт, колхо́з, шко́ла, маши́на, кни́га, нау́ка, фа́брика, уро́к, зна́ние, но́вость, ночь, ла́мпа, фами́лия

(ख) बल शब्दान्त पर स्थानान्तरित:

उदाहरण: сто́л — столы́

учени́к, сад, двор, мост, сло́во, ме́сто, по́ле, мо́ре, лес, дом

(ग) बल प्रथम शब्दांश पर स्थानान्तरित:

उदाहरण: страна́ — стра́ны

река́, земля́, гора́, окно́

२. यह सूचित कीजिये कि **-ец** विभक्ति वाली निम्नलिखित संज्ञाओं का बहुवचन करते समय किस स्वर को हटाया गया है:

америка́нец — америка́нцы; кита́ец — кита́йцы; комсомо́лец — комсомо́льцы; оте́ц — отцы́

३. निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन दीजिये:

उदाहरण: граждани́н — гра́ждане

англича́нин, крестья́нин

४. बाईं ओर के वाक्यों के रूसी कुलनामों से रिक्तपूर्ति कीजिये:

1. Влади́мир **Ивано́в** — студе́нт. Влади́мир и Никола́й ... — студе́нты.
2. Та́ня **Ники́тина**—комсомо́лка. Та́ня и Ве́ра ... — комсомо́лки.
3. Това́рищ **Щу́кин** — рабо́чий. Брат и сестра́ ... — рабо́чие.
4. Инжене́р **Жи́лин** — ру́сский. Ко́ля и Ва́ся ... — ру́сские.

УРОК 13[б]

ТЕКСТ

I. КАРТА

Это ка́рта СССР, вот го́род Москва́. Москва́ — столи́ца СССР. Здесь у́лицы и пло́щади, фа́брики и заво́ды, институ́ты и шко́лы, теа́тры и музе́и.





Вот Ленингра́д. Вот Сталингра́д. Вот Севасто́поль и Оде́сса. Это города́-геро́и. Там моря́. Вот ре́ки: Во́лга и Дон.

Это Кавка́з. Это Ура́л. Здесь го́ры и доли́ны, ре́ки и озёра, поля́ и леса́. Здесь города́ и колхо́зы, фа́брики и заво́ды, ша́хты.

II

Это ко́мната. Напра́во о́кна, нале́во две́ри, посереди́не стои́т стол.

Вот кни́ги, тетра́ди, ру́чки. Это уче́бник. Здесь те́ксты, грамма́тика, словари́ и упражне́ния.

III

Мы студе́нты. Сёстры Ивано́вы — учи́тельницы. Брат и сестра́ Па́вловы — колхо́зники.

СЛОВАРЬ शब्दसंग्रह

грамма́тика (स्त्री०) व्याकरण	пло́щадь (स्त्री०) चौक, मैदान
доли́на (स्त्री०) घाटी	теа́тр (पु०) नाट्यशाला, थिएटर
институ́т (पु०) उच्च विद्यालय	текст (पु०) पाठ
музе́й (पु०) संग्रहालय	у́лица (स्त्री०) सड़क
о́зеро (नपुं०) (ब० व० озёра) सरोवर	упражне́ние (नपु०) अभ्यास

Произношение उच्चारण

निम्नलिखित ध्वनि-सयोगों का उच्चारण ध्यान में रखिये :

कठोर व्यजन + ы	मृदु व्यजन + и
завóды	плóщади
тéксты	путú
столы́	автомоби́ли
гóры	двéри
доли́ны	они́

Примечание टिप्पणी:

Севастóполь — काले समुद्र का एक महत्वपूर्ण बदरगाह।

УПРАЖНЕНИЯ अभ्यास

१. पाठ मे आई हुई बहुवचन सज्ञाओं को फिर से लिखिये और उनके एकवचन रूप दीजिये। उनके लिंग बताइये।

उदाहरण: студéнты — студéнт (पु०)

२. निम्नलिखित वाक्यों की सज्ञाओं तथा पुरुषवाचक सर्वनामो के एकवचन दीजिये :

1. Где учéбники? Они́ здесь. 2. Где пи́сьма? Они́ там. 3. Где газéты? Вот они́.

३. तर्कसगत सज्ञाओं से रिक्तपूर्ति कीजिये।

उदाहरण: газéты и журна́лы

завóды и ..., институ́ты и ..., теáтры и ..., рéки и ..., городá и ..., лесá и ..., у́лицы и ..., кни́ги и ..., тéксты и ..., брат и ...

УРОК 14ª

व्याकरण :

- पुरुषवाचक सर्वनाम (सारांश)
- क्रिया का साधारण रूप
- क्रिया का वर्तमान काल; प्रथम तथा द्वितीय गण
- समुच्चयबोधक но तथा а
- निषेधवाचक वाक्य
- प्रश्नार्थक वाक्य (क्रमशः)
- सक्षिप्त उत्तर (क्रमशः)

ГРАММАТИКА व्याकरण

१. पुरुषवाचक सर्वनाम (सारांश)

हिन्दी की तरह रूसी में भी उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम **я, мы** बोलने वाले या बोलने वालों के लिये प्रयोग किये जाते हैं। मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम **ты, вы** उनके लिये आते हैं जिनसे बात की जा रही हो। अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम **он, онá, онó, онú** उस व्यक्ति या वस्तु के लिए आते हैं जिसके बारे मे बात की जा रही हो।

पुरुष	एकवचन	बहुवचन
उत्तम	я मैं	мы हम
मध्यम	ты* तू	вы तुम, आप
अन्य	он वह (पु०) онá » (स्त्री०) онó » (नपु०)	онú वे

* **Ты** हिन्दी 'तू' का समानार्थक शब्द है। रूसी में **ты** सर्वनाम सामान्यतः प्रयोग किया जाता है।

किसी व्यक्ति को नम्रतापूर्वक संबोधन करते समय **вы** (आदरसूचक) सर्वनाम का उपयोग किया जा सकता है:

Товáрищи Иванóв и Лáпин, что **вы** дéлаете?	साथी इवानोव और लापिन तुम (आप) क्या कर रहे हो (हैं)?
Товáрищ Иванóв, что **вы** дéлаете?	साथी इवानोव तुम (आप) क्या कर रहे हो (है)?

आदरसूचक संबोधन के रूप में **вы** सर्वनाम को वाक्य में बडे अक्षर में लिखा जा सकता है। ऐसी स्थिति में यह हिन्दी सर्वनाम "आप" का समानार्थक शब्द है।

२. क्रिया का साधारण रूप

१. क्रिया के साधारण रूप में अधिकांश रूसी क्रियाओं के अत में **-ть** रहता है:

чита́ть पढना	петь गाना	говори́ть बोलना

२. कुछ क्रियाओं के साधारण रूप में **-чь** अन्त्याक्षर रहते हैं; उदाहरणार्थ **мочь** "सकना" जिसके बारे में अध्याय 20[a] में विचार किया जायगा।

३. क्रिया का वर्तमान काल

रूसी भाषा में वर्तमान काल का एक ही रूप रहता है। यह रूप हिन्दी भाषा के वर्तमान काल के उन दो रूपों के समान है जो निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त है:

वह पढ़ता है — और — वह पढ रहा है।

Сейча́с он чита́ет.	वह इस समय पढ़ रहा है।
Он чита́ет по-ру́сски хорошо́.	वह रूसी अच्छी तरह से पढता है।

रूसी मे वर्तमान काल में क्रियाओं के प्रत्यय पुरुष तथा वचन के अनुसार परिवर्तित होते हैं। प्रत्येक पुरुष में एकवचन तथा बहुवचन के अनुरूप क्रिया-प्रत्यय होते हैं। इन प्रत्ययों के अनुसार रूसी क्रियाओं को प्रथम गण तथा द्वितीय गण, इस प्रकार दो गणों में विभाजित किया जाता है। (ऐसी भी कई क्रियाएं हैं जिनमें मिश्रित प्रत्यय होते हैं।)

प्रथम गण

क्रिया का साधारण रूप: **читáть** पढ़ना

वर्तमान काल				
पुरुष	एकवचन		बहुवचन	
उत्तम	я читáю	मैं पढता-ती हूँ, पढ रहा-ही हूँ	мы читáем	हम पढ़ते-ती हैं, पढ़ रहे-ही हैं
मध्यम	ты читáешь	तू पढ़ता-ती है, पढ रहा-ही है	вы читáете	तुम पढ़ते-ती हो, पढ़ रहे-ही हो
				आप पढ़ते-ती हैं, पढ़ रहे-ही हैं
अन्य	он, онá, онó } читáет	वह पढता-ती है, पढ रहा-ही है	онú читáют	वे पढ़ते-ती हैं, पढ़ रहे-ही हैं
प्रत्यय: -ю, -ешь, -ет, -ем, -ете, -ют				

क्रिया का साधारण रूप: **петь** गाना

वर्तमान काल				
पुरुष	एकवचन		बहुवचन	
उत्तम	я пою́	मैं गाता-ती हूँ, गा रहा-ही हूँ	мы поём	हम गाते-ती हैं, गा रहे-ही हैं
मध्यम	ты поёшь	तू गाता-ती है, गा रहा-ही है	вы поёте	तुम गाते-ती हो, गा रहे-ही हो
				आप गाते-ती हैं, गा रहे-ही हैं
अन्य	он, онá, онó } поёт	वह गाता-ती है, गा रहा-ही है	онú пою́т	वे गाते-ती हैं, गा रहे-ही हैं
प्रत्यय: -ю́, -ёшь, -ёт, -ём, -ёте, -ю́т				

द्वितीय गण

क्रिया का साधारण रूप: говори́ть बोलना

वर्तमान काल				
पुरुष	एकवचन		बहुवचन	
उत्तम	я говорю́	मैं बोलता-ती हूं, बोल रहा-ही हूं	мы говори́м	हम बोलते-ती हैं, बोल रहे-ही हैं
मध्यम	ты говори́шь	तू बोलता-ती है, बोल रहा-ही है	вы говори́те	तुम बोलते-ती हो, बोल रहे-ही हो आप बोलते-ती हैं, बोल रहे-ही हैं
अन्य	он, она́, оно́ говори́т	वह बोलता-ती है, बोल रहा-ही है	они́ говоря́т	वे बोलते-ती हैं, बोल रहे-ही हैं
प्रत्यय: -ю́, -и́шь, -и́т, -и́м, -и́те, -я́т				

टिप्पणी: मध्यम तथा अन्य पुरुषों के प्रत्ययों से पता चलता है कि क्रिया कौनसे गण की है।

क्रिया के साधारण रूप का मूल रूप तथा वर्तमान काल का मूल रूप —

१. प्रत्यय को हटा कर क्रिया के साधारण रूप का मूल रूप मिलता है:

говори́-ть — говори́-

пе-ть — пе-

२. विभक्ति को हटा कर वर्तमान काल का मूल रूप मिलता है:

говор-ю́ — говор-

по-ю́ — по-

उपर्युक्त उदाहरणों से स्पष्ट होता है कि क्रिया के साधारण रूप के तथा वर्तमान काल के मूल रूप भिन्न हो सकते हैं। इस बात को ध्यान में रखना आवश्यक है, क्योंकि जैसा कि आगे देखा जायगा कुछ क्रियाएं क्रिया के साधारण रूप के मूल रूप से मिलती हैं जब कि अन्य क्रियाएं वर्तमान काल के मूल रूप से।

४. समुच्चयबोधक но और а

१. समुच्चयबोधक **но** का उपयोग भिन्नता दिखाने के लिये किया जाता है:

Я не говорю́ по-ру́сски, **но** понима́ю. — मैं रूसी बोलता नही लेकिन समझता हूं।

२. समुच्चयबोधक **а** से भी भिन्नता सूचित होती है:

Он поёт, **а** я нет. — वह गाता (गा सकता) है, और (लेकिन) मैं नहीं (गाता, गा सकता)।

Это стол, **а** то — стул. — यह मेज़ है और (पर) वह कुर्सी है।

फिर भी समुच्चयबोधक **а** का उपयोग संयोजक के रूप में भी किया जा सकता है और तब उसका अर्थ समुच्चयबोधक **и** (और) के समान होता है:

Вы поёте, **а** я чита́ю. — आप गा रहे हैं और मैं पढ़ रहा हूं।

५. निषेधवाचक वाक्य

निषेधवाचक वाक्यों में क्रिया के पहले **не** का उपयोग किया जाता है:

Он **не** чита́ет. — वह नही पढता है।

Я **не** понима́ю. — मैं नहीं समझता हूं।

भिन्नता सूचक वाक्य में क्रिया को दोहराने की आवश्यकता नहीं होती बल्कि उसके बजाय **нет** शब्द रखा ज

Он чита́ет, а я—**нет**(=я не чита́ю). — वह पढता है लेकिन मैं नहीं (पढता हूं)।

६. प्रश्नार्थक वाक्य

(क्रमशः)

वर्तमान काल में **де́лать** करना क्रिया का उपयोग करते हुए प्रश्न पूछा जा सकता है:

Что ты **де́лаешь**?	तू क्या कर रहा है?
Что он **де́лает**?	वह क्या कर रहा है?
Что **де́лают** Ве́ра и Ко́ля?	वेरा और कोल्या क्या कर रहे हैं?
Что вы **де́лаете**?	तुम क्या कर रहे हो? / आप क्या कर रहे हैं?

७. संक्षिप्त उत्तर

(क्रमशः)

१. कर्ता से संबधित प्रश्नों के सक्षिप्त उत्तरों में क्रिया छोड दी जा सकती है:

Кто говори́т по-ру́сски? — Я (=я говорю́).
Кто понима́ет по-хи́нди? — Мы (=мы понима́ем).
Кто рабо́тает хорошо́? — Ве́ра (=Ве́ра рабо́тает хорошо́).

२. प्रश्न जब क्रिया के संबंध में होता है तब सक्षिप्त उत्तर में पुरुषवाचक सर्वनाम छोड़ दिया जा सकता है। ऐसे मामलों में संबधित पुरुष क्रिया के प्रत्यय से सूचित होता है:

Вы говори́те по-ру́сски? — Говорю́ (=я говорю́).
Что он де́лает? — Чита́ет (=он чита́ет).
उपर्युक्त उदाहरणों में **я, он** सर्वनाम छोड दिये गये है।

СЛОВАРЬ शब्दसंग्रह

говори́ть (говорю́, говори́шь) द्वि०ग० बोलना
де́лать (де́лаю, де́лаешь) प्र०ग० करना
но लेकिन
петь (пою́, поёшь) प्र०ग० गाना
писа́ть (пишу́, пи́шешь) प्र०ग० लिखना
понима́ть (понима́ю, понима́ешь) प्र०ग० समझना, जानना
уме́ть (уме́ю, уме́ешь) प्र०ग० सकना
четы́рнадцать 14 चौदह
чита́ть (чита́ю, чита́ешь) प्र०ग० पढना

Произношение उच्चारण

मोटे टाइप मे मुद्रित स्वरों तथा व्यंजनों के उच्चारणों को ध्यान मे रखिये:

е → [и]: чита́ешь, чита́ет, чита́ем, чита́ете
изуча́ешь, изуча́ет, изуча́ем, изуча́ете
е → [и]: не͡ чита́ю, не͡ понима́ю, не͡ уме́ю
о → अस्पष्ट [а]: говорю́, хорошо́, понима́ю, по-ру́сски
ш: говори́шь, понима́ешь, пи́шешь, чита́ешь

टिप्पणी: **-ешь, -ишь** प्रत्ययों में **ь** अक्षर यह नही सूचित करता कि **ш** व्यजन का मृदु उच्चारण होता है।

वाक्य के शब्दों का उच्चारण सुसंबद्ध रीति से करना चाहिये:

Я͡ уме́ю͡ говори́ть͡ по-ру́сски.
Мы͡ хорошо́͡ понима́ем͡ по-хи́нди.

УПРАЖНЕНИЯ अभ्यास

१. (क) निम्नलिखित वाक्यों को पढ़िये;

(ख) हिन्दी में उनका अनुवाद कीजिये;

(ग) वर्तमानकालिक क्रियाओं के पुरुष तथा वचन बताइये:

1. Вы **чита́ете** по-ру́сски. 2. Мы **говори́м** по-англи́йски. 3. Ве́ра и Ко́ля **говоря́т** по-англи́йски. 4. Вы **уме́ете** петь? 5. Да, **уме́ю.** 6. Что **де́лает** това́рищ Ивано́в? 7. Он **рабо́тает.** 8. Что **де́лаешь** ты? 9. Я **чита́ю.** 10. Кто здесь хорошо́ **понима́ет** по-ру́сски? 11. Мы **понима́ем** хорошо́. 12. Я **понима́ю** по-ру́сски, а он нет. 13. Как **рабо́тают** това́рищ Ивано́в и Никитин? 14. Они́ **рабо́тают** хорошо́. 15. Что вы **де́лаете?** 16. Мы **чита́ем.**

२. (क) निम्नलिखित वाक्यों को पहले विधान के लहजे में (बाईं ओर का स्तंभ) और बाद में प्रश्न के लहजे में (दाहिनी ओर का स्तंभ) पढ़िये;

(ख) हिन्दी में उनका अनुवाद कीजिये (बारहवाँ अध्याय देखिये);

१.	(क) Вы понима́ете по-ру́сски.	(ख) Вы понима́ете по-ру́сски?
२.	(क) Това́рищ Ивано́в чита́ет.	(ख) Това́рищ Ивано́в чита́ет?
३.	(क) Вы уме́ете петь.	(ख) Вы уме́ете петь?

३. उपर्युक्त वाक्यों को निषेधवाचक बनाइये और उनको पढ़िये:

उदाहरण: Вы чита́ете. — Вы не чита́ете.

४. Уме́ть क्रिया के योग्य रूपों का उपयोग करते हुए रिक्तपूर्ति कीजिये:

1. Я ... чита́ть. 2. Ты ... петь. 3. Мы ... чита́ть. 4. Вы ... петь. 5. Они́ ... говори́ть по-ру́сски.

५. Рабо́тать (प्रथम गण) काम करना तथा говори́ть (द्वितीय गण) बोलना क्रियाओं के रूप चलाइये।

६. रूसी में अनुवाद कीजिये:

(१) आप क्या कर रहे हैं? हम काम कर रहे हैं। (२) साथी इवानोव क्या कर रहा है? वह पढ़ रहा है। (३) क्या वह रूसी पढ़ रहा है? जी नहीं, वह अंग्रेजी पढ़ रहा है। (४) क्या कोल्या और वेरा गा सकते हैं? कोल्या गा सकता है लेकिन वेरा नहीं (गा सकती)। (५) यहाँ अंग्रेजी कौन जानता है? साथी निकितिन और मैं।

УРОК 14[6]

ТЕКСТ

I

Я инди́ец. Я **говорю́** на хи́нди. Тепе́рь я **изуча́ю** ру́сский язы́к. Я уже́ немно́го понима́ю и говорю́ по-ру́сски.

Ты то́же **изуча́ешь** ру́сский язы́к. Тепе́рь ты то́же немно́го **понима́ешь** и **говори́шь** по-ру́сски.

Мой брат хорошо́ **говори́т** по-англи́йски, он **уме́ет** чита́ть по-неме́цки. Моя́ сестра́ уме́ет говори́ть по-францу́зски.

— А вы **говори́те** по-францу́зски? — Нет, не говорю́, но понима́ю.

II

— Това́рищи, что вы сейча́с **де́лаете?**

— **Чита́ем.**

— Вы чита́ете по-англи́йски?

— Нет, по-ру́сски. Мы изуча́ем ру́сский язы́к

— Вы уже́ понима́ете по-ру́сски?

— Да, немно́жко.

— Вы зна́ете, как по-ру́сски сло́во मातृभूमि?

— Зна́ю. Это «ро́дина» и́ли «оте́чество».

— А как по-ру́сски сло́во साथी?

— По-ру́сски э́то «това́рищ».

III

Вот фа́брика. Здесь **рабо́тает** това́рищ Ивано́в. Он рабо́тает по-но́вому.

Рабо́тница Ники́тина то́же рабо́тает по-но́вому. Това́рищи Ивано́в и Ники́тина **рабо́тают** по-но́вому.

СЛОВАРЬ शब्दसंग्रह

немно́го कुछ
немно́жко कुछ
оте́чество (नपुं०) पितृभूमि
по-англи́йски अंग्रेज़ी, अंग्रेजी में
по-неме́цки जर्मन, जर्मन में
по-но́вому नई पद्धति से
по-францу́зски फ़्रेंच, फ़्रेंच में
тепе́рь अब

УПРАЖНЕНИЯ अभ्यास

१. इस अध्याय के पाठ में जिन क्रियाओं के प्रत्यय मोटे टाइप में छपे हुए हैं उन्हे फिर से लिखिये। उनके पुरुष, वचन तथा गण बताइये।

२. पुरुषवाचक सर्वनामों के योग्य रूपों से रिक्तपूर्ति करते हुए निम्नलिखित वाक्यों को फिर से लिखिये:

1. ... понима́ешь по-ру́сски? 2. ... рабо́таем. 3. ... чита́ют 4. ... понима́ете по-англи́йски. 5. ... зна́ете, как по-ру́сски сло́во भाषा? 6. ... зна́ете, как по-хи́нди сло́во «страна́»?

३. योग्य प्रत्यय जोडकर निम्नलिखित वाक्यों को फिर से लिखिये:

1. Я понима́- по-ру́сски. 2. Мы говор- по-англи́йски. 3. Мой това́рищ уме́- чита́ть по-ру́сски. 4. Моя́ сестра́ хорошо́ понима́- по-францу́зски. 5. Что де́ла- сейча́с де́ти?

४. निम्नलिखित वाक्य में понима́ть क्रिया के रूप चलाइये:

Я понима́ю по-ру́сски.

५. निम्नलिखित वाक्य में говори́ть क्रिया के रूप चलाइये:

Я говорю́ по-англи́йски.

६. निम्नलिखित वाक्यों का रूसी में अनुवाद कीजिये:

(१) मेरी बहन रूसी बोलती है। (२) हम रूसी सीख रहे हैं। (३) विद्यार्थी चद्रा और नारायण जर्मन अच्छी तरह बोलते हैं। (४) आप रूसी तथा फ़्रेंच पढ़ सकते हैं। (५) विद्यार्थी पावलोव तथा निकितिन हिन्दी जानते हैं।

УРОК 15ª

व्याकरण :

क्रिया का साधारण रूप (क्रमशः)

क्रिया का वर्तमान काल (क्रमशः)

आज्ञार्थ

प्रश्नवाचक क्रियाविशेषण где? और кудá?

स्थानवाचक क्रियाविशेषण

ГРАММАТИКА व्याकरण

१. क्रिया का साधारण रूप (क्रमशः)

कुछ क्रियाओं के साधारण रूप के अंत में **-ти** अक्षर होते हैं। **идти́** 'जाना, चलना' क्रिया उनमें से एक है।

२. क्रिया का वर्तमान काल (क्रमशः)

१. प्रथम गण की कई क्रियाओं में वर्तमान काल उत्तम पुरुष एकवचन में **-у** प्रत्यय लगता है: **Я** иду́ मैं जाता-ती हूं, जा रहा-ही हूं; और अन्य पुरुष बहुवचन में **-ут** प्रत्यय लगता है: Они́ иду́т वे जाते-ती हैं; जा रहे-ही हैं।

क्रिया का साधारण रूप: **идти́** I जाना, चलना

वर्तमान काल		
पुरुष	एकवचन	बहुवचन
उत्तम	я иду́ मैं जाता-ती हूं, जा रहा-ही हूं	мы идём हम जाते-ती हैं, जा रहे-ही हैं
मध्यम	ты идёшь तू जाता-ती है, जा रहा-ही है	вы идёте तुम जाते-ती हो, जा रहे-ही हो, आप जाते-ती हैं, जा रहे-ही हैं
अन्य	он, она́, оно́ идёт वह जाता-ती है, जा रहा-ही है	они́ иду́т वे जाते-ती हैं, जा रहे-ही हैं
प्रत्यय: -у́, -ёшь, -ёт, -ём, -ёте, -у́т (हमेशा बलसहित)		

ऊष्म वर्ण ж, ч, ш, щ के बाद उत्तम पुरुष एकवचन के लिये हमेशा -у प्रत्यय रहता है пишу́, अन्य पुरुष बहुवचन के लिये -ут प्रत्यय रहता है (ऊष्म वर्णोत्तर स्वरों के लेखन सम्बन्धी नियम देखिये)।

क्रिया का साधारण रूप: **писа́ть** I लिखना

वर्तमान काल				
पुरुष	एकवचन		बहुवचन	
उत्तम	я пишу́	मैं लिखता-ती हूं, लिख रहा-ही हूं	мы пи́шем	हम लिखते-ती हैं, लिख रहे-ही हैं
मध्यम	ты пи́шешь	तू लिखता-ती है, लिख रहा-ही है	вы пи́шете	तुम लिखते-ती हो, लिख रहे-ही हो
अन्य	он, она́, оно́ } пи́шет	वह लिखता-ती है, लिख रहा-ही है	они пи́шут	आप लिखते-ती हैं, लिख रहे-ही हैं वे लिखते-ती हैं, लिख रहे-ही हैं
प्रत्यय: -у́, -ешь, -ет, -ем, -ете, -ут (बलरहित)				

Писа́ть क्रिया के साधारण रूप के मूल रूप में हमें с व्यजन दिखाई देता है जब कि वर्तमान काल के मूल रूप में ш (пишу́) व्यंजन दिखाई देता है। ऐसी कुछ क्रियाएं हैं जिनके रूपों को चलाते समय с और ш व्यंजनों में अदल-बदल होता है।

२. द्वितीय गण की कुछ क्रियाओं के उत्तम पुरुष में भी -у प्रत्यय लगता है: я учу́ मैं सीखता-ती हूं, सीख रहा-ही हूं; और अन्य पुरुष बहुवचन में -ат प्रत्यय लगता है: они́ у́чат वे सीखते-ती हैं, सीख रहे-ही हैं।

क्रिया का साधारण रूप: учи́ть II सीखना

वर्तमान काल				
पुरुष	एकवचन		बहुवचन	
उत्तम	я учу́	मैं सीखता-ती हूं, सीख रहा-ही हूं	мы у́чим	हम सीखते-ती हैं, सीख रहे-ही हैं
मध्यम	ты у́чишь	तू सीखता-ती है, सीख रहा-ही है	вы у́чите	तुम सीखते-ती हो, सीख रहे-ही हो
अन्य	он, она́, оно́ }	वह सीखता-ती है, सीख रहा-ही है	они́ у́чат	आप सीखते-ती हैं, सीख रहे-ही हैं वे सीखते-ती हैं, सीख रहे-ही हैं
प्रत्यय: -у́, -ишь, -ит, -им, -ите, -ат				

क्रिया का साधारण रूप сиде́ть II बैठना

वर्तमान काल				
पुरुष	एकवचन		बहुवचन	
उत्तम	я сижу́	मैं बैठता-ती हूं, बैठ रहा-ही हूं	мы сиди́м	हम बैठते-ती हैं, बैठ रहे-ही हैं
मध्यम	ты сиди́шь	तू बैठता-ती है, बैठ रहा-ही है	вы сиди́те	तुम बैठते-ती हो, बैठ रहे-ही हो
अन्य	он, она́, оно́ } сиди́т	वह बैठता-ती है, बैठ रहा-ही है	они́ сидя́т	आप बैठते-ती हैं, बैठ रहे-ही हैं वे बैठते-ती हैं, बैठ रहे-ही हैं
प्रत्यय: -у́, -и́шь, -и́т, -и́м, -и́те, -я́т				

Сидéть क्रिया के साधारण रूप के मूल रूप में д व्यंजन है किन्तु वर्तमान काल के मूल रूप में ж और д दोनों हैं: сиж-у́, сид-и́шь। कुछ रूसी क्रियाओं के रूप चलाते समय д-ж-д व्यजनों में इस प्रकार अदल-बदल होता है।

३. आज्ञार्थ

रूसी में आज्ञार्थ के सर्वसाधारण रूप मध्यम पुरुष के एकवचन तथा बहुवचन के रूप होते हैं।

एकवचन		बहुवचन	
чита́й	पढ़	чита́йте	पढो, पढिये
пой	गा	по́йте	गाओ, गाइये
иди́	जा	иди́те	जाओ, जाइये
говори́	बोल	говори́те	बोलो, बोलिये
гото́вь	तैयार कर	гото́вьте	तैयार करो, तैयार कीजिये

प्रथम तथा द्वितीय गण की क्रियाओं का आज्ञार्थ वर्तमान काल के मूल रूप से बनाया जाता है। आज्ञार्थ एकवचन का रूप प्राप्त करने के लिए वर्तमान काल मध्यम पुरुष एकवचन (या अन्य पुरुष बहुवचन) का प्रत्यय हटा दीजिये और वर्तमान काल के मूल रूप में निम्नलिखित अक्षरों में से उपयुक्त अक्षर जोड दीजिये:

(क) स्वरो के बाद — अक्षर й:

чита́(ешь) + й — чита́й पढ़

по(ёшь) + й — пой गा

(ख) व्यजनो के बाद, प्रत्यय -и:

ид(ёшь) + и — иди́ जा

говор(и́шь) + и — говори́ बोल

у́ч(ишь) + и — учи́ सीख

(ग) कुछ क्रियाओं के अत में ь अक्षर आता है:

гото́в(ишь) + ь — гото́вь तैयार कर

आज्ञार्थ के बहुवचन रूप के लिये उसके एकवचन रूप में -те प्रत्यय लगाया जाता है:

чита́й + те — чита́йте	говори́ + те — говори́те
пой + те — по́йте	учи́ + те — учи́те
иди́ + те — иди́те	

४. प्रश्नवाचक क्रियाविशेषण где? और куда́?

स्थानवाचक क्रियाविशेषण

रूसी क्रियाविशेषण где? और куда́? हिन्दी 'कहाँ' के समानार्थक है। उदाहरणार्थ:

Где вы рабо́таете?	तुम कहाँ काम करते हो?
Куда́ вы идёте?	तुम कहाँ (किधर) जा रहे हो?

जिस स्थान मे वस्तु स्थित है उस स्थान से सम्बन्धित प्रश्नों में प्रश्नवाचक क्रियाविशेषण где? का उपयोग किया जाता है।

Где? के साथ पूछे गये प्रश्न का उत्तर здесь यहाँ या там वहाँ शब्द से दिया जाता है:

Где он сиди́т?	वह कहाँ बैठा है?
Он сиди́т там.	वह वहाँ बैठा है।

Куда́? का उपयोग क्रिया की दिशा से सम्बन्धित प्रश्नों में किया जाता है।

Куда́? शब्द के साथ पूछे गये प्रश्न का उत्तर туда́ वहाँ (उधर) या сюда́ यहाँ (इधर) शब्द से दिया जाता है:

Куда́ он идёт?	वह कहाँ जा रहा है?
Он идёт туда́.	वह वहाँ जा रहा है।

Где, куда́, туда́, сюда́, здесь, там स्थानवाचक क्रियाविशेषण है।

СЛОВАРЬ शब्दसंग्रह

гото́вить II* (гото́влю, гото́вишь) तैयार करना	сиде́ть II (сижу́, сиди́шь) बैठा होना
идти́ I (иду́, идёшь) जाना, चलना	сюда́ क्रियावि० यहाँ, इधर
куда́ क्रियावि० कहाँ	туда́ क्रियावि० वहाँ, उधर
пожа́луйста कृपया	учи́ть II (учу́, у́чишь) सीखना, सिखाना, पढ़ाना
пятна́дцать 15 पंद्रह	

* I — प्रथम गण; II — द्वितीय गण

УПРАЖНЕНИЯ अभ्यास

१. (क) निम्नलिखित वाक्यों को पढ़िये तथा हिन्दी में उनका अनुवाद कीजिये।

(ख) क्रियाओं के पुरुष, वचन तथा गण बताइये।

1. Я **иду́** домо́й. 2. Това́рищи Ивано́в и Па́влов **рабо́тают** здесь. 3. Вы хорошо́ **пи́шете** по-ру́сски. 4. Мы **чита́ем**. 5. Я немно́го **понима́ю** и **говорю́** по-ру́сски. 6. Что вы **у́чите**? 6. Кто **зна́ет**, как по-ру́сски сло́во шэр? 8. Что ты **де́лаешь**?

२. निम्नलिखित क्रियाओं को बहुवचन में लिखिये:

उदाहरण: он чита́ет — они́ чита́ют

1. Я пишу́ по-ру́сски. Мы ... по-ру́сски.
2. Он идёт домо́й. Они́ ... домо́й.
3. Ты поёшь хорошо́. Вы ... хорошо́.
4. Я сижу́ и чита́ю. Мы ... и ... .
5. Куда́ ты идёшь? Куда́ вы ...?
6. Что она́ де́лает? Что они́ ...?
7. Ма́ша говори́т по-англи́йски. Ма́ша и Та́ня . . по-англи́йски.
8. Он сиди́т и пи́шет. Они́ ... и ... .
9. Я понима́ю по-ру́сски. Мы ... по-ру́сски.
10. Това́рищ идёт и поёт. Това́рищи ... и ... .

३. निम्नलिखित क्रियाओ के आज्ञार्थ एकवचन तथा बहुवचन के रूप दीजिये:

उदाहरण: чита́й — чита́йте

ты рабо́таешь, ты у́чишь, ты сиди́шь, ты пи́шешь

४. रूसी में अनुवाद कीजिये:

(१) यह पुस्तक है, कृपया पढिये। (२) यह कलम तथा काग़ज हैं, कृपया लिखिये। (३) तुम कहाँ जा रहे हो? (४) यहाँ बैठो। (५) तुम वहाँ क्या कर रहे हो? यहाँ आओ। (६) वह कहाँ है? वह घर पर है।

УРОК 15

ТЕКСТ

Здесь идёт уро́к. Мы изуча́ем ру́сский язы́к. Мы чита́ем, пи́шем и говори́м по-ру́сски. Наш преподава́тель спра́шивает уро́к. Това́рищ Гупта отвеча́ет хорошо́. Мы все отвеча́ем хорошо́. Пото́м преподава́тель объясня́ет пра́вило. Он говори́т ме́дленно, гро́мко и я́сно. Все студе́нты сидя́т и внима́тельно слу́шают. Я уже́ хорошо́ понима́ю по-ру́сски. Мои́ това́рищи то́же хорошо́ понима́ют по-ру́сски.

— Това́рищ Чандра, чита́йте, пожа́луйста! — говори́т преподава́тель. Това́рищ Чандра чита́ет бы́стро, но о́чень ти́хо.

Преподава́тель говори́т:

— Чита́йте, пожа́луйста, гро́мко и не так бы́стро.

Наш това́рищ чита́ет ещё раз с нача́ла. Тепе́рь он чита́ет гро́мко и ме́дленно. Пото́м чита́ю я.

— Дово́льно! — говори́т преподава́тель. — Вы все уже́ чита́ете хорошо́. Вы де́лаете успе́хи. Тепе́рь пиши́те дикта́нт.

Мы пи́шем дикта́нт. Преподава́тель дикту́ет гро́мко и я́сно. Все внима́тельно слу́шают и пи́шут. Пото́м преподава́тель говори́т:

— Да́йте, пожа́луйста, все тетра́ди сюда́.

Он задаёт уро́к и говори́т:

— Гото́вьте уро́ки до́ма. Повторя́йте всё. А тепе́рь пора́ конча́ть уро́к, мо́жно идти́ домо́й. До свида́ния.

कहावत: Уче́нье — свет, неуче́нье — тьма.

ज्ञान प्रकाश है, अज्ञान अंधेरा।

РАЗГОВОР

— Здра́вствуйте, това́рищ Ивано́в!
— Здра́вствуй, Ко́ля!
— Как вы пожива́ете?
— Спаси́бо, хорошо́. А ты? Как ты пожива́ешь?
— Благодарю́, я то́же хорошо́.
— Ты идёшь домо́й?
— Нет, я иду́ на уро́к.
— Будь здоро́в! Извини́, я спешу́.
— До свида́ния.

благодари́ть II (благодарю́, благодари́шь) आभार मानना; благодарю́ (मैं) आपका आभार मानता हूँ

здоро́в, здоро́вы ठीक हूँ, है, हैं

внима́тельно क्रियावि० ध्यानपूर्वक

все सब (हर कोई)

всё सब कुछ (हर चीज)

гро́мко क्रियावि० जोर से, उच्च स्वर में

да́йте आज्ञार्थ — दो, दीजिये

дикта́нт (पु०) लेखन

диктова́ть I (дикту́ю, дикту́ешь) लिखाना

дово́льно बस

до свида́ния नमस्ते, (शब्दश: अच्छा, फिर मिलेंगे)

ещё раз फिर से

здра́вствуйте नमस्ते (शब्दश:, खुश रहिये)

извини́, извини́те आज्ञार्थ —मुझे क्षमा कीजिये, मुझे खेद है

конча́ть I (конча́ю, конча́ешь) समाप्त करना

ме́дленно क्रियावि० धीरे

мо́жно सकना

на уро́к पाठ के लिए

неуче́нье (नपु०) अज्ञान

объясня́ть I (объясня́ю, объясня́ешь) स्पष्ट करना

отвеча́ть I (отвеча́ю, отвеча́ешь) उत्तर देना

повторя́ть I (повторя́ю, повторя́ешь) दोहराना

пожива́ть I (пожива́ешь, пожива́ет) चल रहना, समय कटना

по-китайски क्रियावि० चीनी, चीनी में

пора́ (का) समय हुआ है

пото́м क्रियावि० तब, फिर

преподава́тель (पु०) अध्यापक

раз एक बार

разгово́р (पु०) संभाषण

свет (पु०; ब० व० नहीं) प्रकाश

слу́шать I (слу́шаю, слу́шаешь) सुनना

с нача́ла आरंभ से

спаси́бо धन्यवाद

спеши́ть II (спешу́, спеши́шь) जल्दी में होना

спра́шивать I (спра́шиваю, спра́шиваешь) पूछना

ти́хо क्रियावि० कोमल (कोमलता से), हल्के स्वर में

тьма (स्त्री०) अंधकार

успе́х (पु०) प्रगति, सफलता

уче́нье (नपु०) ज्ञान (शब्दश: अध्ययन)

---

* शब्दसंग्रह में संज्ञाओं के बहुवचन रूप तथा क्रियाओं की काल-रचना के विभिन्न रूप तभी दिये गये हैं जब उनमें कुछ विशेषता होती हो।

Выражения कुछ वाक्व्यवहार

Идёт урóк पाठ चल रहा है
Дéлать успéхи प्रगति करना
Как ты пожива́ешь? तू कैसा है?
Как вы пожива́ете? तुम कैसे हो? / आप कैसे है?
Будь здоро́в=до свида́нья. नमस्ते, विदा (शब्दश: स्वस्थ रहो)

Примечания टिप्पणियाँ:

१. **Изуча́ть** और **учи́ть** दोनों क्रियाए सीखना तथा अध्ययन करना के अर्थ मे व्यवहार की जाती है, लेकिन **учи́ть** क्रिया का अर्थ पढ़ाना भी है।

२. **Все** सब (हर कोई) और **всё** सब (हर चीज) सर्वनामों का फ़र्क ध्यान में रखिये।

Произношение उच्चारण

Всё और **все** सर्वनामों में **в** का उच्चारण [ф] जैसा होता है।

मोटे टाइप में छपे स्वरों तथा व्यजनों का उच्चारण ध्यान में रखिये:

й [й] чита́й, стой, дай, чита́йте, по́йте, рабо́тайте

о [а] бы́стро, гро́мко, ти́хо, ме́дленно

н [нь] до свида́ния

УПРАЖНЕНИЯ अभ्यास

१. निम्नलिखित वाक्यों को पढ़िये तथा उनका हिन्दी में अनुवाद कीजिये:

1. Я **иду́** на уро́к. 2. Мы **изуча́ем** ру́сский язы́к. 3. Учи́тель **дикту́ет**. 4. Он **говори́т** ме́дленно. 5. Мы **слу́шаем** внима́тельно. 6. Я всё **понима́ю**. 7. Все де́ти **сидя́т** и **пи́шут**. 8. Ты **пи́шешь** хорошо́. 9. Мы **уме́ем** чита́ть и писа́ть по-ру́сски.

२. उपर्युक्त अभ्यास में मोटे टाइप में छपी क्रियाओ का आगे की तरह विश्लेषण कीजिये:

क्रिया	प्रत्यय	पुरुष	वचन	गण
изуча́ем	-ем	I	बहुवचन	I

३. निम्नलिखित वाक्यों को फिर से लिखिये और खाली जगहों में ऐसे क्रिया-विशेषण लिखिये जो बाई ओर के स्तंभ में मोटे टाइप मे छपे क्रियाविशेषणों के विरुद्ध अर्थवाले हों:

1. Я чита́ю **гро́мко**. Ты чита́ешь ....
2. Вы идёте **бы́стро**. Он идёт ....
3. Мы пи́шем **хорошо́**. Они́ пи́шут ....

४. नीचे दी गई क्रियाओं के वर्तमान काल के विविध रूपों तथा विभिन्न क्रियाविशेषणों का उपयोग करते हुए तीस वाक्य लिखिये।

उदाहरण: Я понима́ю по-ру́сски.
Он чита́ет хорошо́ (хорошо́ чита́ет).
Ко́ля идёт домо́й.

क्रियाएं: рабо́тать, чита́ть, понима́ть, уме́ть, идти́, стоя́ть, сиде́ть, говори́ть, спра́шивать, отвеча́ть, петь, писа́ть

क्रियाविशेषण: хорошо́, гро́мко, ти́хо, ме́дленно, бы́стро, там, туда́, домо́й, по-кита́йски, по-францу́зски

५. निम्नलिखित क्रियाओं के आज्ञार्थ रूप दीजिये:

(क) उदाहरण: чита́й — чита́йте

чита́ешь, отвеча́ешь, стои́шь, рабо́таешь, слу́шаешь, поёшь

(ख) उदाहरण: говори́ — говори́те

говори́шь, сиди́шь, пи́шешь, идёшь

यह स्पष्ट कीजिये कि (क) में आज्ञार्थ एकवचन के अंत में *й* क्यों होता है और (ख) में आज्ञार्थ एकवचन के अंत में *и* क्यों होता है।

६. निशान लगा कर यह दिखाइये कि आपके द्वारा लिखे गये क्रियाओं के आज्ञार्थ रूपों में बल कहाँ है।

७. रूसी में अनुवाद कीजिये:

(१) तुम हल्के स्वर में गाते हो। ऊंचे स्वर में गाओ। (२) तुम धीरे चल रहे हो। तेज चलो! (३) तुम चीनी अच्छी तरह पढ़ते हो। अब रूसी पढ़ो!

८. निम्नलिखित वाक्यों में मोटे टाइप में छपे शब्दों के बारे में कोष्ठक में दिये गये प्रश्नों में से कौनसा प्रश्न लागू होगा?

(кто?, что?, как?, где?, куда́?, что он де́лает?, что они́ де́лают?)

उदाहरण:

Это мой **брат.** Кто́ это?
Он **рабо́тает.** Что́ он де́лает?

1. Это **ко́мната.** 2. Здесь **учи́тель даёт** уро́к. 3. Он говори́т **ме́дленно** и **гро́мко.** 4. Ученики́ **слу́шают.** 5. Они́ слу́шают **внима́тельно.** 6. **Мой това́рищ** пи́шет. 7. **Доска́** стои́т там. 8. Мы сиди́м **здесь.** 9. Чандра и Гупта иду́т **домо́й.** 10. Мой брат **рабо́тает.**

УРОК 16ª

व्याकरण :
स्वामित्व-सूचक सर्वनाम
(सर्वनाम का सबंध-कारक रूप)
प्रश्नवाचक सर्वनाम чей?

ГРАММАТИКА व्याकरण

१. स्वामित्व-सूचक सर्वनाम

(क) रूप तथा उपयोग

१. उत्तम तथा मध्यम पुरुष स्वामित्व-सूचक सर्वनाम **мой** मेरा, **твой** तेरा, **наш** हमारा, **ваш** तुम्हारा-आपका के रूप लिंग वचनानुसार बदलते है। एकवचन में लिंगानुसार इनके तीन रूप होते है जब कि बहुवचन में सभी लिंगों के लिये एक ही समान रूप होता है :

पुल्लिंग	स्त्रीलिंग	नपुंसक-लिंग	बहुवचन (तीनों लिंगों के लिये)
мой मेरा	моя́ मेरी	моё मेरा, मेरी	мои́ मेरे, मेरी
твой तेरा	твоя́ तेरी	твое तेरा, तेरी	твои́ तेरे, तेरी
наш हमारा	на́ша हमारी	на́ше हमारा, हमारी	на́ши हमारे, हमारी
ваш { तुम्हारा / आपका }	ва́ша { तुम्हारी / आपकी }	ва́ше { तुम्हारा, तुम्हारी आपका, आपकी }	ва́ши { तुम्हारे, तुम्हारी आपके, आपकी }

Мой, твой, наш, ваш स्वामित्व-सूचक सर्वनाम सम्बन्धित संज्ञा के लिंग वचनानुसार रहते है याने उनके तथा सम्बन्धित संज्ञा के लिंग-वचन समान रहते है।

पुल्लिंग	स्त्रीलिंग	नपुसक-लिंग	बहुवचन (तीनों लिंगों के लिये)
мой брат	моя́ сестра́	моё сло́во	мои́ кни́ги
твой оте́ц	твоя́ кни́га	твоё ме́сто	твои́ тетра́ди
наш го́род	на́ша учи́тель-ница	на́ше письмо́	на́ши пи́сьма
ваш сад	ва́ша дочь	ва́ше перо́	ва́ши журна́лы

Ваш सर्वनाम हिन्दी 'आपका' की तरह एक व्यक्ति के लिये आदर-सूचक सबोधन के रूप में प्रयोग किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में रूसी पत्र-व्यवहार में **ваш** सर्वनाम को बड़े प्रथमाक्षर के साथ लिखने की प्रथा है **Ваш, Ва́ша, Ва́ше, Ва́ши**।

२. अन्य पुरुष स्वामित्व-सूचक सर्वनामों के रूप **его́, её, их** सबधित वस्तु के लिंग वचनानुसार परिवर्तित नहीं होते। इनमें से प्रत्येक का एक ही रूप होता है:

पुल्लिंग	स्त्रीलिंग	बहुवचन
его́ стол	её стол	их стол
его́ кни́га	её кни́га	их кни́га
его́ письмо́	её письмо́	их письмо́
его́ газе́ты	её газе́ты	их газе́ты

अन्य पुरुष स्वामित्व-सूचक सर्वनाम का रूप पुल्लिंग तथा नपुसक-लिंग के लिये एक ही है: **его́**।

रूसी में अन्य पुरुष स्वामित्व-सूचक सर्वनाम का लिंग उस सज्ञा के लिंग के अनुसार रहता है जो सम्बन्धित वस्तु के स्वामी की सूचक होती है। हिन्दी की तरह संबधित वस्तु की सूचक संज्ञा पर यह निर्भर नहीं करता।

(ख) वाक्य में स्वामित्व-सूचक सर्वनाम का कार्य तथा स्थान

१. वाक्य में स्वामित्व-सूचक सर्वनाम का उपयोग विशेषण और विधेय के रूप में किया जा सकता है।

२. विशेषण की तरह उपयोग किया गया स्वामित्व-सूचक सर्वनाम का रूप हिन्दी के समान सामान्यत: विशेष्य के पहले रखा जाता है:

Моя́ кни́га там. मेरी पुस्तक वहाँ है।

लेकिन यह सबधित सज्ञा के बाद भी रखा जा सकता है:

Кни́га **моя́** там. पुस्तक मेरी वहाँ है।

३. विधेय के रूप में प्रयुक्त स्वामित्व-सूचक सर्वनाम का रूप (यदि कुछ रुक कर, सही लहजे के साथ बोला जाय तो) सामान्यत: सज्ञा के बाद रखा जाता है: Кни́га — **моя́.** पुस्तक मेरी है।

(ग) संक्षिप्त उत्तरों में स्वामित्व-सूचक सर्वनाम

संक्षिप्त उत्तरों में केवल स्वामित्व-सूचक सर्वनाम का उपयोग किया जा सकता है, सबधित सज्ञा के उल्लेख की वहाँ आवश्यकता नहीं होती:

— Это твоя́ кни́га? क्या यह तेरी पुस्तक है?
— **Моя́.** हाँ, मेरी है।

उपर्युक्त उत्तर मे **кни́га** शब्द अध्याहृत है और इसी लिये **моя́** सर्वनाम स्त्रीलिग में है।

२. प्रश्नवाचक सर्वनाम чей?

प्रश्नवाचक सर्वनाम **чей?** किसका? के एकवचन में लिगानुसार तीन रूप है जब कि बहुवचन में तीनों लिगों के लिये एक ही रूप है:

पुल्लिंग	स्त्रीलिग	नपुसक-लिग	बहुवचन
чей किसका	чья किसकी	чье —	чьи किसके, किसकी किनके, किनकी

स्वामित्व-सूचक सर्वनामों से पूछे गये प्रश्नों में **чей?** प्रश्नवाचक सर्वनाम का उपयोग किया जाता है। उसके लिंग-वचन सम्बन्धित सज्ञा के अनुसार रहते है। प्रश्नवाचक वाक्यों में **чей?** सर्वनाम के साथ **э́то** शब्द भी प्रयोग किया जा सकता है:

पुल्लिंग	स्त्रीलिंग	नपुमक-लिंग	बहुवचन
Чей э́то журна́л? यह किसकी पत्रिका है?	**Чья э́то** кни́га? यह किसकी पुस्तक है?	**Чьё э́то** перо́? यह किसका निब है?	**Чьи э́то** кни́ги? ये किसकी किताबें हैं?

СЛОВАРЬ शब्दसग्रह

его́ उसका, उसकी, उसके, उसकी
её उसका, उसकी, उसके, उसकी
их उनका, उनकी, उनके, उनकी
чей? किसका, किसकी, किसके, किसकी
шестна́дцать16 सोलह

Произношение उच्चारण

१. **его́** शब्द में **г** का उच्चारण [в] जैसा होता है।

२. **его́** शब्द का [йиво] जैसा उच्चारण कीजिए;
её शब्द का [йийо] जैसा उच्चारण कीजिये;
их शब्द का [йих] जैसा उच्चारण कीजिये।

३. निम्नलिखित ध्वनियों तथा ध्वनि-संयोगों के उच्चारण ध्यान में रखिये:

й [й]: **мой, твой, чей**
я [йа]: **моя́, твоя́, чья** [майя́, твайя́, чйа]
ё [йо]: **моё, твоё, чьё** [майо́, твайо́, чйо]

УПРАЖНЕНИЯ अभ्यास

१. निम्नलिखित वाक्यों को पढिये। मोटे टाइप में छपे शब्दों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये। यह बताइये कि सज्ञा के अनुरूप होने के लिये स्वामित्व-सूचक सर्वनाम कौन से लिग में होना चाहिये:

1. Это **на́ша шко́ла**. 2. Это **наш класс**. 3. Это **на́ша учи́тельница**. 4. Это **на́ше ме́сто**. 5. Это **мой каранда́ш**. 6. Это **твоё перо́**. 7. Это **ва́ша па́рта**. 8. Это **твой журна́л**. 9. Это **моя́ кни́га**. 10. Это **на́ша рабо́та**.

२. Чей э́то?, чья э́то?, чьё э́то? का उपयोग करते हुए ऐसे प्रश्न बनाइये जिनके उत्तर प्रथम अभ्यास के स्वामित्व-सूचक सर्वनाम होंगे।

३. निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये और его́, её, их सर्वनामों का उपयोग स्पष्ट कीजिये:

1. Ми́ша Ивано́в — мой това́рищ. Его́ сестра́ хорошо́ говори́т по-англи́йски. 2. Студе́нты Ивано́в и Ники́тин чита́ют. Что де́лает **их** това́рищ? Он пи́шет. 3. Вот на́ша учи́тельница. **Её** брат — инжене́р.

४. निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये। чей? प्रश्नवाचक सर्वनाम के रूपों को स्पष्ट कीजिये:

1. **Чьи́** э́то кни́ги? Мои́. 2. **Чья́** э́то тетра́дь? Твоя́. 3. **Чьё** э́то ме́сто? Ва́ше. 4. **Чей** э́то журна́л? Наш.

५. प्रथम स्तंभ की खाली जगहों में мой सर्वनाम के और द्वितीय स्तंभ की खाली जगहों में ваш सर्वनाम के वे रूप रखिये जो संबंधित संज्ञाओं के अनुरूप हों:

I	II
1. ... брат — врач.	1. Воло́дя — ... това́рищ.
2. ... сестра́ — студе́нтка.	2. Вот ... кни́га.
3. Вот ... журна́л.	3. Где ... оте́ц?
4. Ве́ра — ... учени́ца.	4. Вот ... ка́рта.
5. Вот ... перо́.	5. Здесь ... ме́сто.
6. ... и́мя Ни́на.	6. Как ... фами́лия?

६. खाली जगहों में पहले его́ सर्वनाम का तथा बाद में её और их सर्वनाम का उपयोग कीजिये:

1. Вот ... кни́га. 3. Здесь ... това́рищи.
2. Там ... газе́ты. 4. Где ... письмо́?

७. Чей? सर्वनाम के संज्ञा के अनुरूप रूपों का उपयोग करते हुए रिक्तपूर्ति कीजिये:

1. ... э́то стол? 4. ... э́то ка́рта?
2. ... э́то перо́? 5. ... э́то уче́бник?
3. ... э́то газе́ты? 6. ... э́то каранда́ш?

८. निम्नलिखित प्रश्नवाचक वाक्यों की संज्ञाओं तथा सर्वनामों को एकवचन में लिखिये:

1. Чьи э́то тетра́ди? — Мои́.
2. Чьи э́го пи́сьма? — На́ши.
3. Чьи э́то словари́? — Ва́ши

УРОК 16[6]

शब्द-साधन

रूसी नाम तथा पितृवाचक नाम

ДОМА

Сего́дня пра́здник. На́ша семья́ до́ма. Все отдыха́ют. У нас сего́дня го́сти: Никола́й Па́влович и его́ жена́ Ве́ра Васи́льевна Ивано́вы, а та́кже их де́ти: сын и дочь.

Никола́й Па́влович и мой оте́ц бесе́дуют и ку́рят. Ве́ра Васи́льевна, моя́ сестра́ и её муж смо́трят телеви́зор. Де́ти игра́ют.

Моя́ мать говори́т: «Как хорошо́: сего́дня мы обе́даем все вме́сте. Та́ня, накрыва́й на стол: обе́д гото́в».

РАЗГОВОР

— Вы инди́ец?
— Да. Моя́ ро́дина — Индия.
— Как ва́ше и́мя?
— Моё и́мя Чандра. А вы ру́сский?
— Да, я ру́сский.
— Как ва́ша фами́лия?
— Ивано́в.
— А ва́ше и́мя и о́тчество?
— Михаи́л Никола́евич.
— А ва́ша жена́ то́же ру́сская?
— Нет, она́ армя́нка.

СЛОВАРЬ शब्दसंग्रह

армяни́н (पु०) आरमेनियन (पुरुष)
армя́нка (स्त्री०) आरमेनियन (स्त्री)
бесе́довать I (бесе́дую, бесе́дуешь) बोलना, संभाषण करना
вме́сте क्रियावि० साथ
гото́в तैयार है
жена́ (स्त्री०) पत्नी
игра́ть I (игра́ю, игра́ешь) खेलना
кури́ть II (курю́, ку́ришь) धूम्रपान करना, बीड़ी, सिगरेट पीना
муж (पु०) (ब०व०—мужья́) पति
накрыва́ть I (накрыва́ю, накрыва́ешь) ढाँकना
обе́дать I (обе́даю, обе́даешь) दोपहर का (मुख्य) भोजन करना
отдыха́ть I (отдыха́ю, отдыха́ешь) विश्राम करना

о́тчество (नपुं०) पितृवाचक नाम
пра́здник (पु०) पर्व, त्योहार
сего́дня क्रियावि० आज
смотре́ть II (смотрю́, смо́тришь) देखना
та́кже क्रियावि० भी
телеви́зор (पु०) टेलीविजन सेट, **смотре́ть телеви́зор** टेलीविजन देखना

Выражения कुछ वाक्व्यवहार

Как хорошо́! क्या बढ़िया है!
Накрыва́ть на стол. मेज पर भोजन परोसना

Примечание टिप्पणी:

फ़र्क़ ध्यान में लीजिये: **дома́** बहुवचन घर, **до́ма** क्रियावि० घर पर।

Произношение उच्चारण

१. **сего́дня** शब्द में **го** का उच्चारण [во] जैसा होता है।

२. **здн** वर्णसंयोग में **д** का उच्चारण नहीं किया जाता है। उदाहरणार्थ, **пра́здник** शब्द का उच्चारण [пра́зник] होता है।

СЛОВООБРАЗОВАНИЕ शब्द-साधन

रूसी नाम तथा पितृवाचक नाम

रूसी में प्रौढ़ व्यक्तियों को उनके अपने नाम तथा पितृवाचक नाम से आम तौर पर पुकारा जाता है:

Никола́й Ива́нович	(निकोलाई; इवान का पुत्र)
Ви́ктор Никола́евич	(विक्तर; निकोलाई का पुत्र)
Мари́я Ива́новна	(मारिया; इवान की पुत्री)
Ве́ра Никола́евна	(वेरा; निकोलाई की पुत्री)

जब कभी व्यक्तिवाचक नाम के अंत में कठोर व्यंजन होता है तब **-ович** (पुरुष के लिये) या **-овна** (स्त्री के लिये) प्रत्यय लगाया जाता है:

Ива́н { +ович Ива́нович (पु०)
{ +овна Ива́новна (स्त्री०)

जब कभी पिता के व्यक्तिवाचक नाम के अंत में **-й** अक्षर होता है तब उसको हटा कर **-евич** (पुरुष के लिये) या **-евна** (स्त्री के लिये) प्रत्यय लगाया जाता है:

Никола́/й { +евич Никола́евич (पु०)
+евна Никола́евна (स्त्री०)

जब कभी पिता के व्यक्तिवाचक नाम के अंत में **-а** या **-я** अक्षर होता है तब उसको हटा कर **-ич** (पुरुष के लिये) या **-иничнa, -ичнa** (स्त्री के लिये) प्रत्यय लगाया जाता है:

Ники́т/а { +ич Ники́тич (पु०)
+ична Ники́тична (स्त्री०)

Иль/я́ { +ич Ильи́ч (पु०)
+иничнa Ильи́ничнa (स्त्री०)

УПРАЖНЕНИЯ अभ्यास

१. मोटे टाइप में छपे शब्दों के बहुवचन दीजिये:

1. Это **мой карандáш**. 2. Где **твоя́ книга?** 3. Вот **нáша машúна**. 4. **Чьё** э́то **письмó?** 5. **Чей** э́то **ученúк?** 6. Где **ваш товáрищ?** 7. Это **наш сад**. 8. **Чья** э́то **тетрáдь?** 9. Это **нáше мéсто**. 10. Это **вáша газéта?**

२. सज्ञा के लिग-वचनानुसार स्वामित्व-सूचक सर्वनाम ваш के रूपों से रिक्तपूर्ति कीजिये:

1. Кто ... отéц? Он инженéр. 2. Кто ... сестрá? Онá учúтельница. 3. Где ... карандáш? Он здесь. 4. Где ... книга? Онá там. 5. Где ... перó? Вот онó. 6. ... брат врач? Нет, он студéнт. 7. ... мать агронóм? Нет, онá врач. 8. Где ... объявлéние? Вот онó.

३. दाहिनी ओर के स्तभ मे दिये गये नामों से पुरुषों तथा स्त्रियों के पितृवाचक नाम बनाइये। इनको बाई ओर के स्तभ मे दिये गये नामों के साथ लिखिये:

नाम	पिता का नाम
Влади́мир, Ве́ра	Михаи́л
Ви́ктор, Мари́я	Никола́й
Ива́н, Татья́на	Влади́мир
Михаи́л, Со́фья	Ива́н
Васи́лий, Еле́на	Ники́та
Никола́й, Ни́на	Васи́лий

४. रूसी मे अनुवाद कीजिये:

(क) (१) मे भारतीय महिला हूँ। मेरा नाम तारा है। (२) मेरा भाई विद्यार्थी है। उसका नाम कमलाकान्त है। (३) हमारी माताजी अध्यापिका है। उनका नाम शामा देवी है। (४) यह मेरा मित्र है। उसका नाम रमेश है; उसका कुलनाम गुप्ता है।

(ख) (१) तुम्हारी पुस्तके कहाँ है? वे वहाँ पडी है। (२) ये कौन है? ये हमारे छात्र है। (३) ये क्या है? ये तुम्हारी पेन्सिले है। (४) ये बहियाँ किनकी है? हमारी।

УРОК 17ª

व्याकरण:

गुणवाचक तथा सम्बन्ध-दर्शक विशेषण
विशेषणों का लिंग तथा वचन
"कठोर" तथा "मृदु" अन्तवाले विशेषण
वाक्य में विशेषणों का कार्य तथा स्थान
प्रश्नवाचक सर्वनाम **какóй?**
निश्चयवाचक सर्वनाम **э́тот.**

ГРАММАТИКА व्याकरण

१. गुणवाचक तथा सबध-दर्शक विशेषण

रूसी विशेषण गुणवाचक तथा सबध-दर्शक विशेषणों में विभाजित है। गुणवाचक विशेषण अन्य किसी वस्तु से सबध रखे बिना सीधे विशेष्य का गुण सूचित करते है:

молодóй товáрищ	युवक साथी
нóвый журнáл	नई पत्रिका
интерéсный урóк	रोचक पाठ

सम्बन्ध-दर्शक विशेषण अन्य वस्तुओं के साथ विशेष्य के संबध द्वारा उसका गुण सूचित करते है:

рýсский язы́к	रूसी भाषा (रूसी — जाति से सबंध)
москóвский завóд	मास्को (का) कारख़ाना (मास्को — स्थान से सम्बन्ध)
стальнóй мост	इस्पात (का) पुल (इस्पात—पदार्थ से सम्बन्ध)

गुणवाचक तथा सम्बन्ध-दर्शक विशेषण सामान्यत: **какóй? какóй э́то?** क्या? प्रश्ना क उत्तर देते है।

२. विशेषणों का लिंग तथा वचन

हिन्दी विशेषणों की तरह रूसी विशेषण विशेष्य के अनुरूप रहते है याने उनके लिंग-वचन विशेष्य के अनुसार रहते है। एकवचन में लिंग की दृष्टि से उनके तीन रूप है जब कि बहुवचन में तीनों लिंगों के लिये एक ही समान रूप है।

विशेषणों की विभक्तियाँ "कठोर" तथा "मृदु" में विभाजित है।

(क) "कठोर" विभक्ति वाले विशेषण

कठोर विभक्ति वाले विशेषणों में अन्त्याक्षर के पहले а, о, ы आते है। इस प्रकार उनकी विभक्तियाँ -ой, -ый, -ая, -ое, -ые है:

पुल्लिंग	स्त्रीलिंग	नपुंसक-लिंग	बहुवचन
-ой, -ый	-ая	-ое	-ые (तीनों लिंगों के लिए)
молодо́й челове́к युवा पुरुष, युवक	молода́я де́вушка युवा लड़की, युवती	молодо́е расте́ние तरुण (नया) पौधा	молоды́е лю́ди युवा लोग
но́вый дом नया घर	но́вая кни́га नई पुस्तक	но́вое сло́во नया शब्द	новые газе́ты ताजे समाचारपत्र

टिप्पणी: पुल्लिंग विभक्ति -ой हमेशा बलसहित रहती है।
पुल्लिंग विभक्ति -ый हमेशा बलरहित होती है।

(ख) "मृदु" विभक्ति वाले विशेषण

मृदु विभक्ति वाले विशेषणों में अन्त्याक्षर के पहले я, е, и आते है। इस प्रकार उनकी विभक्तियाँ -ий, -яя, -ее, -ие है:

पुल्लिंग	स्त्रीलिंग	नपुंसक-लिंग	बहुवचन
-ий	-яя	-ее	-ие (तीनों लिंगों के लिए)
си́ний каранда́ш नीली पेन्सिल	си́няя ва́за नीला गुलदान	си́нее не́бо नीला आकाश	си́ние каранда́ши नीली पेन्सिलें

इस प्रकार के बहुतांश विशेषणों में विभक्ति के पहले मृदु व्यंजन н रहता है।

३. वाक्य मे विशेषण का कार्य तथा स्थान

१. वाक्य में विशेषण का उपयोग गुण सूचक के या विधेय के रूप में किया जाता है।

२. गुण सूचक के रूप मे प्रयुक्त विशेषण सामान्यत: विशेष्य के पहले आता है, उदाहरणार्थ **но́вый** журна́л नया समाचारपत्र।

फिर भी अर्थ पर जोर देने की दृष्टि से विशेषण विशेष्य के बाद भी रखा जा सकता है।

३. विधेय के रूप में प्रयुक्त विशेषण सामान्यत· विशेष्य के बाद आता है और बोलते समय कुछ रुक कर उसे विशेष्य से पृथक् रखा जाता है:

Этот журна́л **но́вый.** यह पत्रिका नई है।

निम्नलिखित उदाहरणों के अनुवाद की तुलना कीजिये:

Интере́сная (गुण सूचक) кни́га. रोचक पुस्तक।

Кни́га интере́сная (विधेय). पुस्तक रोचक है।

४. प्रश्नवाचक सर्वनाम **како́й?**

विशेषण से सम्बन्धित प्रश्न, प्रश्नवाचक सर्वनाम **како́й?** कौनसा? के साथ बनाया जा सकता है। विशेषण की तरह यह सर्वनाम लिंग तथा वचन की दृष्टि से सम्बन्धित सज्ञा के अनुरूप रहता है.

पुल्लिंग	स्त्रीलिग	नपुसक-लिग	बहुवचन
Како́й (э́то) дом?	Кака́я (э́то) у́лица?	Како́е (э́то) зда́ние?	Каки́е (э́то) города́?
कौनसा घर?	कौनसी सडक?	कौनसी इमारत?	कौनसे शहर?

Како́й? सर्वनाम विस्मयादिबोधक के रूप में भी प्रयोग किया जाता है। ऐसे उदाहरणों में वह प्रश्नवाचक नहीं रहता है और केवल विस्मयादिबोधक को जोरदार बनाने का काम करता है:

Кака́я больша́я река́! कैसी बड़ी नदी है!

५. निश्चयवाचक सर्वनाम э́тот

निश्चयवाचक सर्वनाम э́тот 'यह' के एकवचन में लिंग के अनुसार तीन रूप है और बहुवचन में तीनों लिंगों के लिये एक समान रूप है:

पुल्लिग	स्त्रीलिग	नपुसक-लिग	बहुवचन (तीनों लिंगों के लिये)
э́тот каранда́ш यह पेन्सिल	э́та кни́га यह पुस्तक	э́то перо́ यह निब	э́ти тетра́ди ये बहियाँ

उपर्युक्त उदाहरणों से स्पष्ट होता है कि निश्चयवाचक सर्वनाम э́тот लिंग तथा वचन की दृष्टि से सम्बन्धित सज्ञा के अनुरूप रहता है।

निश्चयवाचक सर्वनाम का नपुंसक-लिग रूप э́то 'यह है', 'वह (नपु०) है' के अर्थ में प्रयोग किया जा सकता है, भले ही सम्बन्धित संज्ञा का लिंग तथा वचन कुछ भी हो।

'यह' के अर्थ में प्रयुक्त э́то तथा 'यह है', 'वह (नपु०) है' के अर्थ मे प्रयुक्त э́то शब्द का उपयोग ध्यान मे रखिये। निम्नलिखित उदाहरणों के अनुवाद की तुलना कीजिये:

Это перо́. यह निब है।

Это перо́ здесь. यह निब यहाँ है।

СЛОВАРЬ शब्दसंग्रह

англи́йск||ий, -ая, -ое; -ие अंग्रेजी

больш||о́й, -а́я, -о́е; -и́е बड़ा, विशाल

де́рево (нпу०) (дере́вья — в० в०) पेड़

зда́ние (нпу०) इमारत

интере́сн||ый, -ая, -ое; -ые रोचक

как||о́й, -а́я, -о́е; -и́е क्या ही, कैसा, कौनसा

кра́сн||ый, -ая, -ое; -ые लाल

лежа́ть II (лежу́, лежи́шь) पड़ना, लेटना

ма́леньк||ий, -ая, -ое; -ие छोटा

мно́го क्रियावि० बहुत (कुछ)

молод||о́й, -а́я, -о́е; -ы́е तरुण, युवक

моско́вск||ий, -ая, -ое; -ие मास्को गुणवाचक

но́в||ый, -ая, -ое; -ые नया

прекра́сн||ый, -ая, -ое; -ые सुंदर

расте́ние (नपुं०) पौधा

ру́сск||ий, -ая, -ое; -ие रूसी

семна́дцать 17 सत्रह

си́н||ий -яя, -ее; -ие नीला

стальн||о́й, -а́я, -о́е; -ы́е इस्पात का (गुणवाचक)

челове́к (पु०; ब० व० лю́ди) व्यक्ति

э́тот (पु०), э́та (स्त्री०), э́то (नपुं०), э́ти (ब० व०) यह; ये

Примечания टिप्पणी

१. **Ру́сский, англи́йский** तथा अन्य विशेषणों और **по-ру́сски, по-англи́йски** आदि क्रियाविशेषणों का फर्क ध्यान में रखिये।

देखिये:

Вот ру́сский (विशेषण) журна́л. यह रूसी पत्रिका है।

Я чита́ю по-ру́сски (क्रियावि०). मैं रूसी पढता हूँ।

२. **Ки́ев** — उक्रइनी सोवियत समाजवादी जनतंत्र की राजधानी।

Произношение उच्चारण

१. विशेषण की विभक्तियों मे ы स्वर की ध्वनि अत्यत अस्पष्ट रहती है:

но́вый, интере́сный но́вые, интере́сные

२. निम्नलिखित शब्दों में मृदु н का उच्चारण ध्यान में रखिये:

н = [нь]: день, не́бо, си́ний, си́няя, си́нее, си́ние

УПРАЖНЕНИЯ अभ्यास

१. निम्नलिखित वाक्यों को फिर से लिखिये। सज्ञाओं के तथा विशेषणों के लिंग और वचन सूचित कीजिये और हिन्दी में उनका अनुवाद कीजिये:

1. Это **на́ша кни́га.** Чита́йте, здесь **интере́сные статьи́.** 2. Сюда́ идёт наш **но́вый учи́тель.** 3. Что де́лает э́тот **молодо́й инжене́р?**

Он чита́ет. 4. Ве́ра — **молода́я учи́тельница.** 5. Ва́ше **но́вое перо́** лежи́т здесь. 6. Вот на́ши **но́вые маши́ны.** 7. Каки́е э́то **газе́ты?** 8. Где **но́вые газе́ты?** 9. Куда́ иду́т э́ти **молоды́е лю́ди?** 10. Како́е э́то **сло́во?** Это сло́во **«Ро́дина».**

२. (क) स्तंभ की खाली जगहों में молодо́й शब्द तथा (ख) स्तभ की खाली जगहो में но́вый शब्द प्रयोग कीजिये। ध्यान रखिये कि लिग तथा वचन की दृष्टि से विशेषण सम्बन्धित सज्ञाओं के अनुरूप हों।

(क) 1. Вот ... врач.
2. Здесь ... учи́тельница.
3. Это ... лю́ди.
4. Это ... де́рево.

(ख) 1. Вот ... газе́та.
2. Там ... текст.
3. Здесь ... журна́лы.
4. Это ... сло́во.

३. **Како́й?** शब्द के योग्य रूपों से रिक्तपूर्ति कीजिये:

1. ... э́то дом?
2. ... э́то река́?
3. ... там кни́ги?
4. ... там шко́ла?
5. ... здесь класс?
6. ... э́то го́род?
7. ... э́то сло́во?
8. ... здесь газе́ты?

४. हिन्दी में अनुवाद कीजिये:

1. Это но́вый журна́л. Этот журна́л но́вый.
2. Это ма́ленькая ко́мната. Эта ко́мната ма́ленькая.
3. Это интере́сное письмо́. Это письмо́ интере́сное.

५. निश्चयवाचक सर्वनाम э́тот के योग्य रूपों से रिक्तपूर्ति कीजिये:

1. ... това́рищ мно́го чита́ет. 2. ... де́вушка хорошо́ говори́т по-ру́сски. 3. Как ... сло́во по-хи́нди? 4. Что де́лают сейча́с ... ученики́? 5. Куда́ идёт ... инжене́р? 6. ... газе́ты лежа́т здесь. 7. ... фа́брика но́вая.

६. यह बताइये कि निम्नलिखित विशेषण गुणवाचक है या सम्बन्ध-दर्शक?

но́вый, ру́сский, интере́сный, си́ний, молодо́й, моско́вский, прекра́сный, англи́йский, стально́й

७. उपर्युक्त विशेषणों के साथ योग्य संज्ञाएं लिखिये।

८. रूसी मे अनुवाद कीजिये:

(क) (१) यह रोचक पुस्तक है। (२) यह युवक अध्यापक है। (३) यह कैसा घर है? यह हमारा नया स्कूल है। (४) यह इस्पात का निब है। (५) मेरी नीली पेन्सिल कहाँ है? (६) तुम्हारी नयी पुस्तके यहाँ है। (७) यह युवती बहुत अच्छा गाती है। (८) यह नीला गुलदान किसका है? (९) कैसा सुदर नीला आकाश! (१०) नीली तथा लाल पेन्सिले यहाँ पडी है।

(ख) उपर्युक्त वाक्यो के विशेषणों की विभक्तियो को रेखाकित कीजिये और यह सूचित कीजिये कि उनमे से कौनसी विभक्तियाँ कठोर है तथा कौनसी मृदु।

९. रूसी मे अनुवाद कीजिये:

(१) यह कैसा घर है? यह नया घर है। यह घर नया है।

(२) ये कैसी पुस्तके है? ये रोचक पुस्तके है। ये पुस्तके रोचक है।

(३) यह कैसा यत्र है? यह नया यत्र है। यह यत्र नया है।

(४) यह कैसा निब है? यह इस्पात का निब है।

УРОК 17[6]

ТЕКСТ

I

Вот мой но́вый кра́сный каранда́ш. Вот на́ша но́вая чёрная ру́чка. Здесь но́вое золото́е перо́. Там на́ши но́вые чёрные, си́ние и кра́сные каранда́ши.

Како́й э́то каранда́ш? Кра́сный.

Кака́я э́го ру́чка? Чёрная.

Како́е э́то перо́? Но́вое золото́е.

Каки́е э́то каранда́ши? Но́вые кра́сные и чёрные.

Вот си́няя ва́за. Здесь стоя́т ро́зы и ли́лии. Эта ро́за кра́сная.

Этот цвето́к голубо́й. Это голубо́й цвето́к.

Эта ро́за кра́сная. Это кра́сная ро́за.

Это расте́ние зелёное. Это зелёное расте́ние.

Эти цветы́ бе́лые. Это бе́лые цветы.

Цвету́т ра́зные цветы́: кра́сные и жёлтые тюльпа́ны, голубы́е незабу́дки, бе́лые ла́ндыши, лило́вые фиа́лки.

II

Сего́дня прекра́сный ле́тний день. Ярко све́тит со́лнце. Не́бо си́нее. Ме́дленно плыву́т бе́лые облака́.

Трава́ зелёная. Всю́ду цветы́: бе́лые, кра́сные и жёлтые ро́зы, бе́лые и жёлтые ли́лии, кра́сные и ро́зовые гвозди́ки.

III

Вот фру́кты. Это я́блоки, гру́ши и виногра́д.

Этот виногра́д чёрный. Это чёрный виногра́д.

Эта гру́ша жёлтая. Это жёлтая гру́ша.

Это я́блоко кра́сное. Это кра́сное я́блоко.

Эти фру́кты спе́лые. Это спе́лые вку́сные фру́кты.

СЛОВАРЬ शब्दसंग्रह

бе́л||ый, -ая, -ое; -ые सफ़ेद
весна́ (स्त्री०) वसंत ; весно́й वसंत में
виногра́д (पु०) (ब० व० नहीं) अंगूर
вку́сн||ый, -ая, -ое, -ые स्वादिष्ट, मजेदार
гвозди́ка (स्त्री०) एक फूल का नाम
голуб||о́й, -а́я, -о́е; -ы́е नीला
гру́ша (स्त्री०) नाशपाती
жёлт||ый, -ая, -ое, -ые पीला
зелён||ый, -ая, -ое, -ые हरा
золот||о́й, -а́я, -о́е; -ы́е सुवर्ण (गुणवाचक), सुनहरा
ла́ндыш (पु०) एक फूल का नाम
ле́тн||ий, -яя, -ее, -ие ग्रीष्म का
ли́лия (स्त्री०) कोई
лило́в||ый, -ая, -ое; -ые बकाइन वर्ण
незабу́дка (स्त्री०) एक फूल का नाम, (शब्दशः 'मुझे न भूलो')
о́блако (नपुं०) (ब० व० облака́) बादल
плыть I (плыву́, плывёшь) तैरना
ра́зн||ый, -ая, -ое; -ые विविध
ро́зов||ый, -ая, -ое; -ые गुलाबी
свети́ть II (свечу́, све́тишь) चमकना
спе́л||ый, -ая, -ое; -ые पक्व
ста́р||ый, -ая, -ое; -ые पुराना, बुड्ढा
тюльпа́н (पु०) एक फूल का नाम
фиа́лка (स्त्री०) बनफ़सा
цвести́ I (цвету́, цветёшь) खिलना
цвето́к (पु०) (ब० व० цветы́) फूल
чёрн||ый, -ая, -ое; -ые काला

Произношение उच्चारण

विशेषणों की विभक्ति में ы का उच्चारण अस्पष्ट a जैसा होता है: зелёные, чёрные, но́вые, ста́рые, кра́сные, жёлтые жёлтый, чёрный, зелёный, кра́сный

УПРАЖНЕНИЯ. अभ्यास

१. संज्ञा तथा विशेषण की निम्नलिखित जोड़ियों को लिंग के अनुसार अलग अलग खाने में लिखिये:

उदाहरण:

एकवचन			बहुवचन (तीनों लिंगों के लिये)
पुल्लिंग	स्त्रीलिंग	नपुंसक-लिंग	
но́вый дом	но́вая фа́брика	но́вое расте́ние	но́вые заво́ды

кра́сный каранда́ш, чёрная ру́чка, но́вые газе́ты, золото́е перо́, кра́сная ро́за, голубы́е незабу́дки, бе́лый ла́ндыш, лило́вые фиа́лки, си́няя ва́за

२. निम्नलिखित शब्दसमूहों मे э́тот सर्वनाम के योग्य रूप जोडिये.

молодо́й кузне́ц, интере́сная газе́та, но́вый журна́л, ста́рая кни́га, си́нее не́бо, прекра́сный день

३. ऊपर के द्वितीय अभ्यास मे बनाये गये शब्दसमूहो को वहुवचन में लिखिये।

४. हिन्दी मे अनुवाद कीजिये:

1. Это голубо́й цвето́к.	Этот цвето́к голубо́й.
2. Это жёлтый тюльпа́н.	Этот тюльпа́н жёлтый.
3. Это зелёное расте́ние.	Это расте́ние зелёное.
4. Это бе́лые цветы́.	Эти цветы́ бе́лые.

५. योग्य विशेषण तथा सज्ञा की जोडी के साथ निम्नलिखित पक्तियो में रिक्तपूर्ति कीजिये·

उदाहरण Голуба́я незабу́дка и жёлтый тюльпа́н. Ста́рый журна́л и но́вая кни́га и т. д.

1. Но́вая фа́брика и ... .
2. Зелёное расте́ние и ... .
3. Бе́лый ла́ндыш и ... .
4. Голуба́я река́ и ... .
5. Лило́вые фиа́лки и ... .

६. रूसी मे अनुवाद कीजिये

१. यह पेन्सिल है। वह लाल है। यह नई पेन्सिल नही है लेकिन पुरानी है। यह कागज है। वह सफेद है। वह पीला कागज नही है लेकिन सफेद है।

२. हमारा बगीचा वहाँ है। वहाँ हरी घास तथा लाल, पीले, और सफ़ेद फूल है। वे वसत मे खिलते है।

७. इस अध्याय के पाठ मे दिये गये वाक्यो की क्रियाओ के पुरुष, वचन तथा गण बताइये।

УРОК 18ª

व्याकरण :
विशेषणो का लिंग तथा वचन (क्रमश:)।
मिश्र विभक्तिवाले विशेषण
विशेषणो का संज्ञाओं जैसा उपयोग
संक्षिप्त उत्तरों मे विशेषण

ГРАММАТИКА व्याकरण

१. विशेषणों का लिंग तथा वचन (क्रमश.)

मिश्र विभक्ति वाले विशेषण

रूसी मे मिश्र विभक्ति वाले विशेषणो के दो प्रकार है: अशत: "कठोर" और अंशत: "मृदु"।

(क) г, к, х के बाद मे

जब विशेषण के मूल रूप के अंत मे г, к, या х होता है तब उसकी विभक्तियाँ निम्न जैसी होती है :

पुल्लिग	स्त्रीलिग	नपुसक-लिग	बहुवचन (तीनों लिगों के लिये)
-ой, -ий	-ая	-ое	-ие
дорогóй друг प्रिय मित्र рýсский язык रूमी भाषा	дорогáя книгá महगी पुस्तक рýсская газéта रूसी समाचारपत्र	дорогóе перó महगा निब рýсское слóво रूसी शब्द	дорогúе книги महंगी पुस्तके рýсские словá रूसी शब्द

विभक्ति **-ой** हमेशा बलसहित रहती है।
विभक्ति **-ий** हमेशा बलरहित रहती है।

(ख) ж, ч, ш, щ के बाद में

जब विशेषण के मूल रूप के अत में **ж, ч, ш, щ** होता है तब उसकी विभक्तियाँ निम्न जैसी होती है:

पुल्लिग	स्त्रीलिग	नपुंसक-लिंग	बहुवचन (तीनों लिंगों के लिये)
-ой, -ий	**-ая**	**-ое, -ее**	**-ие**
большо́й колхо́з बड़ा सामूहिक फार्म	больша́я страна́ बडा देश	большо́е по́ле बड़ा खेत	больши́е колхо́зы बडे सामूहिक फ़ार्म
хоро́ший день अच्छा दिन	хоро́шая кни́га अच्छी पुस्तक	хоро́шее ме́сто अच्छा स्थान	хоро́шие поля́ अच्छे खेत

२. विशेषणों का संज्ञाओं जैसा उपयोग

रूसी में कुछ ऐसे विशेषण है जिन्हे संज्ञाओं के रूप मे प्रयोग किया जा सकता है।

Вот наш **рабо́чий** (विशेषण) стол. यह हमारी काम की मेज है।	Това́рищ Ивано́в — **рабо́чий** (सज्ञा)। साथी इवानोव कामगार है।
Мы изуча́ем **ру́сский** (विशेषण) язы́к. हम रूसी भाषा सीखते है।	Наш учи́тель — **ру́сский** (सज्ञा)। हमारे अध्यापक रूसी है।

३. संक्षिप्त उत्तरों में विशेषण

संक्षिप्त उत्तरों में विशेष्य के बिना विशेषण का उपयोग किया जा सकता है:

Это интере́сная кни́га? { Нет, не интере́сная. / Да, интере́сная.

उपर्युक्त उत्तर में кни́га शब्द अध्याहृत है। यह स्त्रीलिंग शब्द है और इसलिये विशेषण का स्त्रीलिंग रूप रखा गया है।

СЛОВАРЬ शब्दसंग्रह

весе́нн||ий, -яя, -ее; -ие वसत गुणवाचक
восемна́дцать 18 अठारह
городск||о́й, -а́я, -о́е; -и́е नागरिक (गुणवाचक)
горя́ч||ий -ая, -ее; -ие उष्ण, गरम
дорог||о́й, -а́я, -о́е; -и́е महगा; प्रिय
зи́мн||ий, -яя, -ее; -ие शिशिर (गुणवाचक)
настоя́щ||ий, -ая, -ее; -ие सही
пого́да (स्त्री०) हवा, मौसिम
сове́тск||ий, -ая, -ое; -ие सोवियत (गुणवाचक)
стро́г||ий, -ая, -ое; -ие कठोर, कड़ा
ти́х||ий, -ая, -ое; -ие शांत
хоро́ш||ий, -ая, -ее; -ие अच्छा, सुदर
чуж||о́й, -а́я, -о́е; -и́е विदेशी (गुणवाचक)
шахтёр (पु०) खनिक

Произношение उच्चारण

यह न भूलिये कि विशेषण की विभक्तियों के स्वरों का अस्पष्ट उच्चारण किया जाता है।

УПРАЖНЕНИЯ अभ्यास

१. निम्नलिखित विशेषणों की मृदु तथा कठोर विभक्तियाँ सूचित कीजिये। विभक्तियों के प्रयोग के कारण दीजिये:

1. **Интере́сные ру́сские** кни́ги. 2. **Хоро́шие ле́тние** дни. 3. **Большо́е зелёное** по́ле. 4. **Но́вые сове́тские** города́. 5. **Голубо́й ле́тний** цвето́к. 6. **Больша́я си́няя** кни́га. 7. **Хоро́шее горя́чее** со́лнце. 8. **Прекра́сный зи́мний** день. 9. **Но́вые ру́сские** слова́.

२. निम्नलिखित संज्ञा तथा विशेषण सयोगों का लिग के अनुसार वर्गीकरण कीजिये (17ª अध्याय का प्रथम अभ्यास देखिये)।

ру́сский рабо́чий, инди́йские журна́лы, ру́сско-хи́нди слова́рь, инди́йский го́род, ста́рый шахтёр, стро́гая учи́тельница, ру́сские слова́, но́вая жизнь, молода́я мать, большо́е по́ле

३. दाहिनी ओर दिये गये विशेषणों मे से योग्य विशेषणों के साथ रिक्तपूर्ति कीजिये। ध्यान रखिये कि ये विशेषण लिंग तथा वचन की दृष्टि से विशेष्य के अनुरूप हों। विशेषणों की मृदु विभक्तियों को रेखांकित कीजिये।

उदाहरण: но́вый самолёт

... самолёт, ... го́род, ... река́, ... цветы́, ... мост, ... трава́, ... сады́, ... день, ... пого́да, ... колхо́зы, ... не́бо, ... расте́ния, .. гора́, ... со́лнце, ... челове́к, ... колхо́зница, ... това́рищи, ... студе́нты	большо́й, ру́сский, но́вый, молодо́й, краси́вый, зелёный, си́ний, голубо́й, инди́йский, ле́тний, хоро́ший, интере́сный

४. (क) हिन्दी मे अनुवाद कीजिये। (ख) सज्ञाओ को उनके विशेषणो के साथ लिखिये; उनकी विभक्तियों को रेखाकित कीजिये और उनके लिंग बताइये·

1. **Этот студе́нт** хорошо́ говори́т по-ру́сски. 2. Здесь лежи́т **но́вый ру́сский журна́л**. 3. Там стои́т **си́няя ва́за**. 4. **Ваш но́вый учени́к** отвеча́ет хорошо́. 5. **Эта но́вая кни́га** о́чень интере́сная. 6. **Мой това́рищ** изуча́ет ру́сский язы́к. 7. **Эта молода́я де́вушка** хорошо́ поёт. 8. Куда́ идёт **э́тот молодо́й челове́к?** 9. Что де́лает **ваш ста́рый това́рищ?**

५. चौथे अभ्यास में मोटे टाइप में छपे शब्दो को बहुवचन में लिखिये और उनके अनुसार क्रियाओ के रूप परिवर्तित कीजिये

उदाहरण: Этот учени́к хорошо́ чита́ет. Эти ученики́ хорошо́ чита́ют.

६. निम्नलिखित प्रश्नो के संक्षिप्त उत्तर दीजिये:

1. Ва́ша ко́мната больша́я? 2. Эта кни́га чужа́я? 3. Это ме́сто хоро́шее? 4. Эти фру́кты спе́лые? 5. Сего́дня не́бо си́нее?

УРОК 18[6]

शब्द-साधन

विशेषण प्रत्यय -ск- तथा -н-.

ВЕСЕННИЙ ДЕНЬ

Весна́. Све́тит я́ркое со́лнце. Не́бо си́нее. Стои́т хоро́шая весе́нняя пого́да.

Вот больша́я ру́сская дере́вня. Широ́кие у́лицы, но́вые дома́, больши́е фрукто́вые сады́. Здесь колхо́з «Но́вый путь». Вот мо-ло́чная фе́рма. Ря́дом краси́вая но́вая шко́ла.

Каки́е больши́е поля́ вдали́! Это колхо́зная земля́. Колхо́зники стара́тельно рабо́тают. Они́ па́шут и се́ют.

Здесь и там стуча́т но́вые тра́кторы.

Хорошо́ рабо́тает колхо́зная гидроста́нция.

Звучи́т бо́драя пе́сня.

Но вот идёт больша́я чёрная ту́ча. Греми́т пе́рвый весе́нний гром. Идёт си́льный дождь.

Ско́ро гроза́ прохо́дит. Опя́ть не́бо си́нее. Како́е хоро́шее, я́ркое весе́ннее со́лнце! Колхо́зники рабо́тают. Всю́ду звуча́т бо́дрые пе́сни. Како́й хоро́ший весе́нний день!

СЛОВАРЬ शब्दसग्रह

бо́др||ый, -ая, -ое; -ые प्रसन्न, पुष्टिकर

вдали́ क्रियावि० दूरी पर

вот идёт अब आ रहा है

гидроста́нция (स्त्री०) पनबिजली घर

треме́ть II (**гремлю́, греми́шь**) गरजना

гроза́ (स्त्री०) (ब०व० **гро́зы**) बिजली तथा गडगड़ाहट के साथ वाली आँधी

дере́вня (स्त्री०) देहात

дождь (पु०) (ब०व० **дожди́**) वर्षा

звуча́ть II (**звучи́т**) सुनाई देना, आवाज करना

колхо́зн||ый, -ая, -ое; -ые सामूहिक फार्म का

краси́в||ый, -ая, -ое; -ые सुंदर

ле́том क्रियावि० ग्रीष्म में

моло́чн||ый, -ая, -ое; -ые दूध का; **моло́чная фе́рма** दुग्धशाला का फ़ार्म

опя́ть क्रियावि० पुनः, फिर से

паха́ть I (**пашу́, па́шешь**) जोतना

пе́рв||ый, -ая, -ое; -ые प्रथम

пе́сня (स्त्री०) गीत

проходи́ть II (**прохожу́, прохо́дишь**) समाप्त होना

ря́дом क्रियावि० समीप, पास में, पास-पास

се́ять I (**се́ю, се́ешь**) बोना

си́льн||ый, -ая, -ое, -ые जोरदार; **си́льный дождь** भारी वर्षा

ско́ро क्रियावि० शीघ्र

стара́тельно क्रियावि० दीर्घ प्रयास से, परिश्रम से, तत्परता से

стуча́ть II (**стуч||у́, -и́шь**) पटपटाना

тра́ктор (पु०) ट्रैक्टर

ту́ча (स्त्री०) बादल

фе́рма (स्त्री०) फार्म, खेत

фруктов||ый, -ая, -ое; -ые फल का, फलदार

широ́к||ий, -ая, -ое; -ие चौड़ा

я́рк||ий, -ая, -ое; -ие उज्ज्वल

Выражения वाक्व्यवहार

Стои́т хоро́шая пого́да. हवा अच्छी हो रही है।

Идёт дождь. वर्षा होती है; वर्षा हो रही है।

Примечание टिप्पणी

Весна́ (संज्ञा) वसन्त, **весе́нний** (गुणवाचक) वासन्तिक तथा **весно́й** (क्रियावि०) वसन्त में और **ле́то** (संज्ञा) ग्रीष्म, **ле́тний** (गुणवाचक) ग्रीष्म-कालीन तथा **ле́том** (क्रियावि०) ग्रीष्म में का फ़र्क ध्यान में रखिये।

Весна́.	अब वसन्त (ऋतु) है।	**Ле́то.**	अब ग्रीष्म (ऋतु) है।
Весе́нний день.	वासन्तिक दिन।	**Ле́тний день.**	ग्रीष्म (का) दिन।
Весно́й хорошо́.	वसन्त में (बड़ा) अच्छा रहता है।	**Ле́том хорошо́.**	ग्रीष्म में (बड़ा) अच्छा रहता है।

СЛОВООБРАЗОВАНИЕ शब्द-साधन

विशेषण प्रत्यय -ск- तथा -н-

विशेषण बनाने के लिये -ск- तथा -н- प्रत्ययों का उपयोग किया जाता है।

१) प्रत्यय -ск-:		२) प्रत्यय-н-:	
ру́сский	रूसी	интере́сный	रोचक
сове́тский	सोवियत	кра́сный	लाल
инди́йский	भारतीय	зелёный	हरा
англи́йский	अंग्रेजी	ле́тний	ग्रीष्म का (गुणवाचक)
америка́нский	अमरीकी	стально́й	इस्पाती (गुणवाचक)

УПРАЖНЕНИЯ अभ्यास

१. पाठ के वाक्यों में से विशेषण चुन लीजिये। उनके विशेष्य सूचित कीजिये तथा लिंग और वचन बताइये।

२. (क) निम्नलिखित संज्ञाओं, क्रियाओं तथा विशेषणों का बहुवचन दीजिये:

1. Хоро́ший весе́нний день. 2. Вдали́ зелёный лес. 3. Вот большо́е колхо́зное по́ле. 4. Здесь рабо́тает но́вый тра́ктор. 5. Хорошо́ па́шет но́вый плуг. 6. Хорошо́ рабо́тает но́вая гидроста́нция.

(ख) उपर्युक्त वाक्य फिर से लिखिये। विशेषणों की मृदु विभक्तियों को रेखांकित कीजिये।

३. «Весе́нний день» शीर्षक पाठ में आई हुई क्रियाओं का पुरुष, वचन तथा गण सूचित कीजिये।

४. रूसी में अनुवाद कीजिये:

यह शिशिरकालीन अच्छा दिन है। चारों ओर सफ़ेद हिम (फैला हुआ) है। दूरी पर एक बड़ा जगल तथा एक चौडी नदी है। सूर्य उज्ज्वलता से जगमगाता है, हिम चमकता है।

५. यह बताइये कि रिक्त स्थानों में कौनसा अक्षर रखा जाय ы या и?

1. Здесь стоя́т больш...е дома́. 2. Как...е хоро́ш...е сады́ вокру́г! 3. Вот но́в...е сове́тск...е маши́ны. 4. Стоя́т хоро́ш...е ле́тн...е дни.

६. पाँचवे अभ्यास में दिये गये वाक्यों के बहुवचन रूपों को एकवचन मे लिखिये।

७. रूसी में अनुवाद कीजिये। रेखांकित शब्दों का शब्दभेद बताइये

१. यह रूसी पुस्तक है। विद्यार्थी निकितिन रूसी है।

२. ये रूसी विद्यार्थी हे। रूसी यहां काम करते हे।

३. कामगार इवानोव रूसी है। यह रूसी सामूहिक (फार्म का) किसान है।

४. हम रूसी अच्छी तरह बोलते हे।

५. मेरे पिताजी कामगार हे। ये रूसी कामगार हे।

६. यह हमारा काम का कमरा है।

७. आप भारतीय हे। आपकी पत्नी भारतीय महिला है।

८. मै रूसी भाषा पढ रहा हूं।

८. निम्नलिखित विशेषणों के प्रत्ययों को रेखांकित कीजिये:

колхо́зный, си́льный, прекра́сный, весе́нний

УРОК 19*

व्याकरण :

विशेषणों का संक्षिप्त रूप

-о, -ому, -ски प्रत्ययान्त क्रियाविशेषण

гарм है — тепло́ जैसे अकर्तृक या भावकर्तृक वाक्य

быть (есть) क्रिया का अन्य पुरुष एकवचन

वाक्यांश у меня́ और у меня́ есть.

ГРАММАТИКА व्याकरण

१. विशेषणों का संक्षिप्त रूप

(क) विशेषणों के सक्षिप्त रूपों की रचना

पहले के अध्यायों में विशेषणों के जिन रूपों की चर्चा की गई वे पूर्ण रूप कहलाते है लेकिन गुणवाचक विशेषणों के संक्षिप्त रूप भी होते है।

पुल्लिंग एकवचन विशेषण का सक्षिप्त रूप प्राप्त करने के लिये संबंधित गुणवाचक विशेषण के पूर्ण रूप से विभक्ति को हटाना चाहिये।

पुल्लिंग एकवचन विशेषणों के सक्षिप्त रूप में कोई विभक्ति नही होती और यह रूप उसके मूल रूप जैसा ही होता है।

स्त्रीलिग एकवचन विशेषणों के सक्षिप्त रूप के लिये शब्द के मूल रूप में -а विभक्ति लगायी जाती है; नपुसक-लिंग एकवचन विशेषणों के लिये शब्द के मूल रूप में -о विभक्ति लगायी जाती है; और बहुवचन विशेषणों के संक्षिप्त रूप के लिये शब्द के मूल रूप में -ы विभक्ति लगायी जाती है:

लिग तथा वचन	पूर्ण रूप		सक्षिप्त रूप
पुल्लिग	молодо́й	युवा	мо́лод
स्त्रीलिंग	молода́я		молод + а́
नपुसक-लिंग	молодо́е		мо́лод + о
बहुवचन	молоды́е		мо́лод + ы

पूर्ण रूप	Молодо́й рабо́чий.	युवा कामगार।
संक्षिप्त रूप	Рабо́чий мо́лод.	कामगार युवा है।
पूर्ण रूप	Интере́сные кни́ги.	रोचक पुस्तकें।
संक्षिप्त रूप	Кни́ги интере́сны.	पुस्तकें रोचक हैं।

जब कभी विशेषणों के पूर्ण रूप की विभक्ति के पहले दो व्यंजन होते हैं तब पुल्लिंग एकवचन विशेषणों के संक्षिप्त रूप के लिये सामान्यत: उक्त दो व्यंजनों के बीच में **o, e** या **ё** स्वर रखा जाता है (इससे उच्चारण में सुविधा होती है) चूँकि **ло́вкий (-вк-)** कुशल, **интере́сный (-сн-)** रोचक और **у́мный (-мн-)** चतुर विशेषणों में विभक्ति के पहले दो व्यंजन हैं इसलिये इन विशेषणों का संक्षिप्त रूप उपर्युक्त पद्धति से होगा:

लिंग तथा वचन	पूर्ण रूप		संक्षिप्त रूप
पुल्लिंग	ло́вкий	कुशल	ло́вок
स्त्रीलिंग	ло́вкая		ловк + а́
नपुंसक-लिंग	ло́вкое		ло́вк + о
बहुवचन	ло́вкие		ло́вк + и
पुल्लिंग	у́мный	चतुर	умён
स्त्रीलिग	у́мная		умн + а́
नपुंसक-लिग	у́мное		умн + о́
बहुवचन	у́мные		умн + ы́
पुल्लिंग	интере́сный	रोचक	интере́сен
स्त्रीलिग	интере́сная		интере́сн + а
नपुंसक-लिंग	интере́сное		интере́сн + о
बहुवचन	интере́сные		интере́сн + ы

(ख) संक्षिप्त विशेषणों तथा संज्ञाओं की अनुरूपता

एकवचन में संक्षिप्त विशेषण लिंग की दृष्टि से विशेष्य के अनुरूप रहता है। बहुवचन में तीनों लिंगों के लिये एक ही समान रूप है।

पुल्लिंग	Этот спортсме́н ло́вок.	यह खिलाड़ी कुशल है।
स्त्रीलिंग	Его́ сестра́ умна́ и краси́ва.	उसकी बहन चतुर तथा सुंदर है।
नपुंसक-लिंग :	Это упражне́ние интере́сно.	यह अभ्यास रोचक है।
बहुवचन :	Мои́ това́рищи ещё мо́лоды.	मेरे साथी अभी युवा है।

(ग) वाक्य में विशेषण के संक्षिप्त रूप का स्थान तथा कार्य

संक्षिप्त विशेषण विशेष्य के पहले या बाद में रखा जा सकता है। उदाहरणार्थ :

Как ещё мо́лоды ва́ши това́рищи! } कैसे युवा है अब भी
Как ва́ши това́рищи ещё мо́лоды! } आपके साथी!

बहुतांश मामलों में संक्षिप्त विशेषण विशेष्य के बाद आता है। जब अर्थानुसार संक्षिप्त विशेषण पर बल देना आवश्यक होता है तब वह विशेष्य के पहले रखा जाता है।

संक्षिप्त विशेषण विशेष्य के पहले आये या बाद में, वह हमेशा विधान रूप रहता है जबकि विशेषण का पूर्ण रूप गुणवाचक या विधान रूप हो सकता है।

२. -о, -ски, -ому प्रत्ययान्त क्रियाविशेषण

१. बहुतांश रूसी क्रियाविशेषण विशेषण के मूल रूप में -о, -ски, -ому प्रत्यय जोड़ कर बनाये जाते है।

२. **хорошо́** 'अच्छा', **бы́стро** 'शीघ्रतापूर्वक', **краси́во** 'सुंदरतापूर्वक' जैसे क्रियाविशेषण गुणवाचक विशेषणों के मूल रूप में -о प्रत्यय जोड़ कर बनाये गये है :

хоро́ш-ий अच्छा	хорош+о́—хорошо́	अच्छी तरह, अच्छा
бы́стр-ый शीघ्र	бы́стр+о—бы́стро	शीघ्रतापूर्वक, तेज
краси́в-ый सुंदर	краси́в+о—краси́во	सुंदरतापूर्वक, सुंदर रीति से

क्रियाविशेषण का यह रूप नपुसक-लिंग एकवचन विशेषण के संक्षिप्त रूप के समान है। अत: यह नही भूलना चाहिये कि विशेषण सज्ञा के साथ चलता है और क्रियाविशेषण क्रिया के साथ :

Не́бо краси́во. (विशेषण) आकाश सुदर है।
Он говори́т краси́во. (क्रियावि०) वह सुदर बोलता है।

-о प्रत्ययान्त क्रियाविशेषण तथा **-ому** प्रत्ययान्त क्रियाविशेषण (**по-** उपसर्ग सहित) उदाहरणार्थ, **по-но́вому** (नई पद्धति से) सामान्यत: क्रिया की पद्धति सूचित करते हैं। उनसे **как?** कैसे? प्रश्न का उत्तर मिलता है:

Он хорошо́ чита́ет (как он чита́ет?).

Вы говори́те бы́стро (как вы говори́те?).

ये क्रियाविशेषण हमेशा क्रिया के पहले आते है फिर भी अर्थ पर बल देने की दृष्टि से उन्हे क्रिया के बाद भी रखा जा सकता है, उदाहरणार्थ:

Как он чита́ет?—Он чита́ет **хорошо́.**

Как вы говори́те?—Я говорю́ **бы́стро.**

Как он рабо́тает?—Он рабо́тает **по-но́вому.**

३. **по-ру́сски** रूसी, रूसी में, **по-англи́йски** अंग्रेज़ी, अंग्रेजी में, जैसे क्रियाविशेषणों से संबंधित भाषा सूचित होती है:

Он говори́т по-ру́сски.	वह रूसी बोलता है।
Мы говори́м по-англи́йски.	हम अंग्रेजी बोलते हे।

ये क्रियाविशेषण सामान्यत: क्रिया के बाद रखे जाते हे, फिर भी जब क्रियाविशेषण पर बल देने की आवश्यकता होती है तब उन्हें क्रिया के पहले भी रखा जा सकता है:

По-ру́сски она́ уме́ет чита́ть, а **по-англи́йски** —нет.

४. **по-** उपसर्गसहित क्रियाविशेषण सामान्यत: हाइफन के साथ लिखे जाते हे।

३. अकर्तृक या भावकर्तृक वाक्य

रूसी में कई प्रकार के अकर्तृक या भावकर्तृक वाक्य होते हे जिनमें व्याकरण की दृष्टि से व्यक्त कर्ता नहीं होता है। एक प्रकार में विधेय के लिये गुणवाचक विशेषण का **-о** प्रत्ययान्त संक्षिप्त रूप आता है, उदाहरणार्थ:

хорошо́	अच्छा है
тепло́	गरम है
интере́сно	रोचक है
Сего́дня тепло́.	आज (हवा) गरम है।

४. Быть (есть) क्रिया का अन्य पुरुष एकवचन

वर्तमान काल में **быть** होना क्रिया आम तौर पर सहकारी क्रिया के रूप में प्रयोग नहीं की जाती है। केवल कुछ वाक्यांशों में अन्य पुरुष एकवचन का **есть** रूप 'है, हे' के अर्थ में प्रयोग किया जाता है:

Здесь **есть** лес. यहाँ एक जंगल है।
Есть здесь и река́. यहाँ एक नदी भी है।

५. वाक्यांश **у меня́ есть**, आदि

एकवचन:	उत्तम पुरुष	у меня́ (у меня́ есть)	मेरे पास है
	मध्यम पुरुष	у тебя́ (у тебя́ есть)	तेरे पास है
	अन्य पुरुष (पु०)	у него́ (у него́ есть)	उसके पास है
	अन्य पुरुष (स्त्री०)	у неё (у неё есть)	उसके पास है
	अन्य पुरुष (नपुं०)	у него́ (у него́ есть)	उसके पास है
बहुवचन:	उत्तम पुरुष	у нас (у нас есть)	हमारे पास है
	मध्यम पुरुष	у вас (у вас есть)	तुम्हारे पास है
	अन्य पुरुष	у них (у них есть)	उनके पास है

у меня́ (у меня́ есть) आदि रूसी वाक्यांश हिन्दी के निम्नलिखित शब्दसमूहों के समानार्थक है:

मेरे पास . . . . . हैं
मेरे यहाँ . . . . . है
मुझे . . . . . हैं

(इनका शब्दश: अनुवाद नही किया जा सकता)

इन वाक्यांशों में **есть** क्रिया का उपयोग तब किया जाता है जब किसी वस्तु पर किसी व्यक्ति का स्वामित्व बल के साथ कहना आवश्यक होता है:

У меня́ есть каранда́ш. मेरे पास पेन्सिल है।
У меня́ есть кра́сный каранда́ш. मेरे पास लाल पेन्सिल है।

जब किसी वस्तु पर किसी व्यक्ति का स्वामित्व ज्ञात रहता है और केवल उस वस्तु के किसी विशिष्ट पहलू पर बल देना आवश्यक होता है तब **есть** क्रिया सामान्यत: हटाई जाती है:

У меня́ кра́сный каранда́ш. मेरे पास लाल पेन्सिल है।

У вас वाक्यांश एक या अधिक व्यक्तियों के लिये प्रयोग किया जा सकता है:

Това́рищ, каки́е **у вас** кни́ги? साथी, तुम्हारे पास कौनसी पुस्तकें हैं?
Това́рищи, каки́е у вас кни́ги? साथियो, तुम्हारे पास कौनसी पुस्तकें हैं?

У меня́ आदि वाक्यांशों का अर्थ मेरे यहाँ अथवा मेरे पास हो सकता है:

Това́рищ Ивано́в сейча́с **у меня́**. साथी इवानोव मेरे साथ है (मेरे यहाँ)।
Сего́дня **у нас** го́сти. आज हमारे यहाँ मेहमान हैं।

У меня́ तथा **у меня́ есть** इत्यादि वाक्यांशों से **у кого́ (есть)**? किसके पास? प्रश्न का उत्तर मिलता है:

У кого́ (есть) ру́сская газе́та? — किसके पास रूसी समाचारपत्र है?
У меня́. मेरे पास।

СЛОВАРЬ शब्दसंग्रह

бы́стро क्रियावि० शीघ्रता से, जल्द, तेज
бы́стр||ый, -ая, -ое; -ые जल्द, शीघ्र
быть I (अन्य पुरुष **есть**) होना
девятна́дцать 19 उन्नीस
есть है, हैं **у меня́ есть** मेरे पास है (व्याकरण देखिये) **у кого́ есть?** किसके पास है?
ло́вк||ий, -ая, -ое; -ие कुशल
па́хнуть I (**па́хнет**) सूँघना
спортсме́н (पु०) खिलाड़ी, **спортсме́нка** (स्त्री०) खिलाड़ी महिला
у́мн||ый, -ая, -ое; -ые चतुर; संक्षिप्त रूप **умён**

УПРАЖНЕНИЯ अभ्यास

१. निम्नलिखित वाक्यों को पढ़िये, हिन्दी में उनका अनुवाद कीजिये और वाक्यों की प्रत्येक जोड़ी के अनुवाद का फ़र्क समझाइये:

1. Вот мой **ста́рый** оте́ц. Мой оте́ц **стар**. 2. Чита́йте! Это **интере́сная** кни́га. Эта кни́га **интере́сна**. 3. Вот **но́вые** журна́лы. Эти журна́лы не **но́вы**. 4. Каки́е **хоро́шие** весе́нние цветы́! Как **хороши́** весе́нние цветы́! 5. Во́лга — **широ́кая** река́. Река́ Во́лга **широка́**. 6. Эта бума́га о́чень **бе́лая**. Бума́га о́чень **бела́**.

२. निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये। यह सूचित कीजिये कि समान रूप वाले शब्द कहाँ क्रियाविशेषण हे और कहाँ नपुंसक-लिंग एकवचन में संक्षिप्त विशेषण हैं:

1. а) Не́бо я́сно. б) Вы говори́те я́сно. 2. а) Это сло́во но́во. б) Это звучи́т не но́во. 3. а) Хорошо́ в по́ле ле́том. б) Колхо́зники рабо́тают хорошо́. 4. а) Всё я́рко вокру́г. б) Со́лнце све́тит я́рко.

३. पहले अभ्यास के पूर्ण तथा संक्षिप्त विशेषणों को अपने अपने विशेष्यों सहित लिखिये और उनका लिग तथा वचन बताइये।

उदाहरण: ста́рый оте́ц, оте́ц стар (पु०; एकवचन)

४. अर्थ के अनुसार विशेषण хоро́ший या क्रियाविशेषण хорошо́ से रिक्तपूर्ति कीजिये:

1. а) Това́рищ Ивано́в — ... рабо́чий. б) Он рабо́тает ....
2. а) Вот ... перо́. б) Оно́ ... пи́шет.
3. а) Эти цветы́ ... па́хнут. б) Это ... цветы́.
4. а) Мой брат ... говори́т по-ру́сски. б) Он ... студе́нт.
5. а) Ва́ши ученики́ ... отвеча́ют. б) Это ... ученики́.

५. हिन्दी में अनुवाद कीजिये:

1. У вас есть учёбник. 2. У вас но́вый учёбник. 3. У меня́ газе́та «Пра́вда». 4. Сего́дня у нас уро́к. 5. У тебя́ хоро́шая тетра́дь. 6. Колхо́зники па́шут, у них но́вые маши́ны. 7. Где Ве́ра? У неё моя́ тетра́дь. 8. У кого́ есть хи́нди-ру́сский слова́рь? У меня́.

६. खाली जगहों में हिन्दी 'मेरे पास ... है, मेरे ... है' के समानार्थक रूसी वाक्यांश लिखिये। यह करते समय प्रथम उपवाक्य में सूचित पुरुष को ध्यान में रखिये:

उदाहरण: **Мы** чита́ем по-ру́сски, **у нас** ру́сская кни́га.

1. Я изуча́ю ру́сский язы́к, у ... есть но́вый учёбник. 2. Де́ти пи́шут, у ... но́вые ру́чки и тетра́ди. 3. Моя́ сестра́ учи́тельница, у ... интере́сная рабо́та. 4. Мы говори́м по-ру́сски, сейча́с у ... уро́к. 5. Мой това́рищ де́лает успе́хи, у ... хоро́ший учи́тель.

УРОК 19[6]

МОЙ БРАТ, МОЯ СЕСТРА И Я

Я студе́нт. У меня́ есть брат и сестра́. Мой брат Ви́ктор и моя́ сестра́ Ве́ра то́же студе́нты. Мой брат гео́лог, я фи́зик, а моя́ сестра́ — фило́лог. Заня́тия у нас иду́т успе́шно.

Мы все спортсме́ны. Брат мой — альпини́ст. Он ло́вок, силён и смел. Моя́ сестра́ хорошо́ игра́ет в те́ннис, хорошо́ пла́вает и бе́гает. Я же игра́ю в футбо́л. Футбо́л — мой люби́мый спорт. Кро́ме того́, брат и я игра́ем в ша́хматы.

Мой брат о́чень высо́кий, у него́ тёмные во́лосы, а глаза́ се́рые, как у меня́. У него́ у́мное, энерги́чное, серьёзное лицо́. Сестра́ на́ша краси́ва: у неё све́тлые во́лосы и больши́е си́ние глаза́. Ве́ра хорошо́ поёт. У неё хоро́ший го́лос. Она́ всегда́ весела́ и остроу́мна.

Мой брат и моя́ сестра́ — хоро́шие студе́нты. Заня́тия у них, как и у меня́, — гла́вная цель. Мы мно́го чита́ем. У нас всегда́ есть но́вые кни́ги и журна́лы.

Мой брат, моя́ сестра́ и я о́чень дружны́.

СЛОВАРЬ शब्दसंग्रह

альпини́ст (पु०), **альпини́стка** (स्त्री०) पर्वतारोही

бе́гать I (**бе́гаю, бе́гаешь**) दौडना

весёл||ый, -ая, -ое; -ые (संक्षिप्त रूप **ве́сел, -á, -о, -ы**) आनंदी

во́лосы (ब० व०) बाल, केश

всегда́ क्रियावि० हमेशा

высо́к||ий, -ая, -ое; -ие ऊँचा

гео́лог (पु०) भूतत्त्व शास्त्रज्ञ

гла́вн||ый, -ая, -ое, -ые मुख्य, प्रमुख, प्रधान

глаз (पु०) (ब० व० **глаза́**) आँख

го́лос (पु०) (ब० व० **голоса́**) आवाज़

дру́жн||ый, -ая, -ое; -ые (संक्षिप्त रूप **дру́жен, дружна́, дру́жно, дружны́**) मैत्रीपूर्ण

заня́тие (नपुं०) व्यवसाय; पाठ; (ब० व० **заня́тия**) अध्ययन, विद्याभ्यास

кро́ме того́ (के) अलावा
лицо́ (नपुं०) (ब० व० ли́ца) चेहरा
люби́м||ый, -ая, -ое; -ые प्रिय
остроу́мн||ый, -ая, -ое; -ые परिहास-जनक, ठिठोलिया
пла́вать I (пла́ва||ю, -ешь) तैरना
све́тл||ый, -ая, -ое; -ые प्रकाशमान; све́тлые во́лосы सुनहरे बाल
се́р||ый, -ая, -ое; -ые भूरा
серьёзн||ый, -ая, -ое; -ые गंभीर
сме́л||ый, -ая, -ое; -ые शूर
тёмн||ый, -ая, -ое; -ые अंधकारपूर्ण
те́ннис (पु०) टेनिस
успе́шно क्रियावि० सफलतापूर्वक
фило́лог (पु०) भाषाशास्त्रज्ञ
цель (स्त्री०) लक्ष्य
ша́хматы (ब० व०) शतरंज
энерги́чн||ый, -ая, -ое; -ые उत्साही

Выражения वाक्व्यवहार

заня́тия иду́т успе́шно अध्ययन में हम अच्छी प्रगति कर रहे हैं।
игра́ть в ша́хматы शतरंज खेलना
игра́ть в футбо́л फुटबॉल खेलना
игра́ть в те́ннис टेनिस खेलना

Произношение उच्चारण

в → [ф]: всегда́, все
л "कठोर": ло́вок, смел, ве́сел, футбо́л, журна́л, фило́лог, гео́лог, го́лос, глаза́, во́лосы, весела́, смела́, ловка́

УПРАЖНЕНИЯ अभ्यास

१. यह बताइये कि निम्नलिखित विधानों में से कौनसी बाते इस अध्याय के पाठ में दिये गये संबधित वाक्यों से मेल नहीं खाती:

Мой брат — футболи́ст. Он невысо́кий, у него́ све́тлые во́лосы и си́ние глаза́. Он фи́зик. Моя́ сестра́ — альпини́стка. Она́ хорошо́ игра́ет в ша́хматы. У неё чёрные во́лосы и се́рые глаза́. Я филоло́г и альпини́ст.

२. निम्नलिखित शब्दों से विशेषणों के सक्षिप्त रूप दीजिये:

उदाहरण: а) молодо́й — мо́лод, молода́, мо́лодо; мо́лоды

краси́вый, но́вый, высо́кий, хоро́ший, широ́кий, зелёный, весёлый

उदाहरण: б) кра́сный — кра́сен, красна́, красно́; красны́

я́сный, све́тлый, тёмный, чёрный, остроу́мный, энерги́чный, дру́жный, серьёзный

३. नीचे दिये गये शब्दों में से योग्य विशेषण चुन कर उनसे रिक्तपूर्ति कीजिये:

я́сно, мо́лод, остроу́мен, зе́лен, умна́, широка́, широко́, высо́к, сме́лы, краси́ва, хоро́ш

1. Мой брат ... . 2. Моя́ сестра́ ... . 3. Сего́дня не́бо ... . 4. Наш сад .... 5. Река́ Во́лга о́чень .... 6. Этот дом ... . 7. Колхо́зное по́ле .... 8. Мой това́рищ ещё .... 9. Эти лю́ди ... . 10. Весе́нний день ... .

४. विशेषणों के सक्षिप्त रूप के स्थान में पूर्ण रूप दीजिये:

उदाहरण: Его́ сестра́ умна́. Его́ сестра́ у́мная.

1. Това́рищ Ивано́в — спортсме́н, он **ло́вок** и **смел.** 2. Де́ти сего́дня **ве́селы.** 3. Эта кни́га о́чень **интере́сна.** 4. Ро́за о́чень **краси́ва.** 5. Мой брат о́чень **энерги́чен.**

५. रूसी में अनुवाद कीजिये:

(१) हमारे पास रोचक रूसी पुस्तकें हैं। (२) यहा "विज्ञान और जीवन" (नामक) पत्रिका है। (३) तुम्हारे पास कोनसा शब्दकोष है? (४) मेरे पास रूसी-हिन्दी शब्दकोष है। (५) अब हमारा पाठ चल रहा है। (६) विक्तर तथा निकोलाई बहुत कुछ पढ़ते हैं; उनके पास हमेशा ताजे समाचारपत्र तथा पत्रिकाए रहती हैं। (७) वेरा इजीनियर है; उसका काम रोचक है। (शब्दशः, उसके पास रोचक काम है)

УРОК 20ª

व्याकरण:

क्रियाविधि सूचक शब्द: **до́лжен, мо́жно, ну́жно, нельзя́; мочь, хоте́ть.**

ГРАММАТИКА व्याकरण

रूसी में संभावना, आवश्यकता, वांछनीयता आदि क्रियाविधियाँ (अर्थ) विभिन्न प्रकार से व्यक्त की जाती है।

(क) до́лжен शब्द

до́лжен अवश्य चाहिये का रूप संक्षिप्त विशेषण जैसा होता है और संक्षिप्त विशेषण की तरह लिंग तथा वचन के अनुसार उसमें परिवर्तन होता है:

एकवचन				बहुवचन			
я до́лжен, должна́	मुझे	अवश्य	चाहिये	мы должны́	हमें	अवश्य	चाहिये
ты до́лжен, должна́	तुझे	"	"	вы должны́	तुम्हें	"	"
он до́лжен	उसे	"	"	они́ должны́	उन्हें	"	"
она́ должна́ (स्त्री०)	"	"	"		"	"	"
оно́ должно́ (नपु०)	"	"	"		"	"	"

निषेध-सूचक वाक्यों में до́лжен के पहले **не** जोड़ा जाता है।

до́лжен शब्द के सभी रूपों के बाद क्रिया का साधारण रूप आता है:

Я до́лжен **рабо́тать** здесь. मुझे यहाँ अवश्य काम करना चाहिये।

Она́ должна́ **писа́ть.** उसे अवश्य लिखना चाहिये।

(ख) мо́жно, ну́жно, нельзя́ शब्द

Мо́жно सकना, संभव होना, आज्ञा पाना, **ну́жно** अवश्य चाहिये, **нельзя́** नही चाहिये शब्द हमेशा क्रिया के साधारण रूप के साथ प्रयोग किये

२. मिश्र संख्याए, जिनमें दो धातु होते है: двена́дцать 'बारह', два́дцать 'बीस', восемна́дцать अठारह, (-дцать де́сять का संक्षिप्त रूप है, उदाहरणार्थ: шестна́дцать सोलह का अर्थ है шесть на де́сять दस पर छः, оди́ннадцать ग्यारह का अर्थ है оди́н на де́сять 'दस पर एक', इत्यादि); во́семьдесят अस्सी (десят—де́сять का परिवर्तित रूप है)

३. संयुक्त संख्याएं, जो दो या अधिक संख्याओं से बनती है: два́дцать оди́н 'इक्कीस', со́рок семь 'सैतालीस', сто два́дцать пять 'एक सौ पचीस'। संयुक्त संख्या के प्रत्येक पद को अलग अलग शब्दों में लिखना चाहिये।

(ग) कुछ गणनावाचक संख्याओं की विशिष्टताएं

Оди́н 'एक' सख्या के तीनों लिंगों के एकवचन में अलग अलग रूप होते है जबकि बहुवचन में तीनों लिगों के लिये एक ही रूप होता है:

оди́н पु०, одна́ स्त्री०, одно́ नपुं०, оди́н ब० व०

Два दो, о́ба दोनों—के पुल्लिग तथा नपुंसक-लिंग के लिये एक ही रूप है और स्त्रीलिग के लिये अलग रूप है две, о́бе।

२. गणनावाचक संख्याओं तथा संज्ञाओं का संयोग

१. **Одúн, однá, однó** संख्याओं का लिंग विशेष्य के अनुरूप रहता है:

одúн стол पु० одна́ кóмната स्त्री० однó окнó नपुं०

Одни́ शब्द का बहुवचन रूप उन संज्ञाओं के साथ प्रयोग किया जाता है जिनका एकवचन रूप नहीं होता:

одни́ часы́ एक घड़ी, одни́ нóжницы एक कैंची

२. **Два** दो, **три** तीन और **четы́ре** चार (जब ये समान प्रत्ययवाले कर्ता या कर्म कारक में होती है) संख्याओं की विशेष्य संज्ञाए सबंध कारक एकवचन में होती है:

पुल्लिंग		स्त्रीलिंग	
два столá	दो मेज़ें	*две* кóмнаты	दो कमरे
три столá	तीन मेज़ें	*три* кóмнаты	तीन कमरे
два часá	दो घंटे	*две* минýты	दो मिनट
четы́ре часá	चार घंटे	*четы́ре* минýты	चार मिनट

Пять पांच से लेकर बाकी सख्याओं की विशेष्य संज्ञाएं संबंध कारक बहुवचन में होती है:

пять столóв	पांच मेज़ें	*пять* кóмнат	पांच कमरे
одúннадцать столóв	ग्यारह मेज़ें	*одúннадцать* кóмнат	ग्यारह कमरे
двáдцать часóв	बीस घंटे	*двáдцать* минýт	बीस मिनट

३. संयुक्त संख्याओं की विशेष्य संज्ञा संयुक्त संख्या के अंतिम अक के अनुसार कर्ता या सबध कारक के एकवचन या बहुवचन में रहती है:

двáдцать *одúн* стол	कर्ता ए० व०	сéмьдесят *пять* минýт	संबंध ब० व०
сóрок *три* столá	संबंध ए० व०	девянóсто *два* километра	संबंध ए० व०
пятьдеся́т *четы́ре* минýты	संबंध ए० व०	сто *дéсять* километров	संबंध ब० व०

СЛОВАРЬ

гекта́р (पु०) हेक्टर

карто́фельн||ый, -ая, -ое; -ые आलू का

киломе́тр (पु०) किलोमीटर

но́жницы (ब० व०) कैंची

ноль (पु०) (संबंध **ноля́**, ब० व० **оли́**) शून्य, सिफर

о́ба (पु०, नपु०); **о́бе** (स्त्री०) दोनों, उभय

продолжа́ться I (продолжа́ется) जारी रहना, आगे चलना

счита́ть I (счита́||ю, -ешь) गिनना

ци́фра (स्त्री०) अंक

число́ (नपु०) (ब० व० **чи́сла**) संख्या, अंक

टिप्पणी — सौ तक की संख्याओं के नाम इस अध्याय के आरंभ में दिये गये हैं।

Примечание

Часы́ (जिसका एकवचन नहीं होता) याने 'घड़ी' और **часы́** याने 'घंटे' शब्दों में गड़बड़ न कीजिये। दूसरे अर्थ में **часы́** शब्द का उपयोग एकवचन में भी किया जा सकता है: **оди́н час** एक घंटा।

УПРАЖНЕНИЯ

१. रूसी में संख्याएं गिनिये: १ से १०, १० से २०, २० से ९०, १०० से १२०।

२. निम्नलिखित संख्याओं के रूसी नाम लिखिये (मृदु चिन्हों को रेखांकित कीजिये):

5, 7, 10, 15, 20, 24, 36, 49, 50, 67, 78, 98, 105, 182

३. संख्याओं के बाद संबंध कारक का उपयोग समझाइये:

1. От колхо́за «Но́вая жизнь» до колхо́за «Искра» счита́ют 25 киломе́тров. 2. От колхо́за «Искра» до МТС 3 киломе́тра, а до ме́льницы 7 киломе́тров. 3. Фе́рма в колхо́зе «Но́вая жизнь» занима́ет 95 гекта́ров, фрукто́вый сад занима́ет 164 гекта́ра, карто́фельное по́ле — 198 гекта́ров. 4. В числе́ 90 две ци́фры: де́вять и ноль. 5. В числе́ 8 — одна́ ци́фра. 6. Вот ещё число́: 131. В числе́ 131 — три ци́фры.

४. कोष्ठक में दिये गये शब्दों को आवश्यक कारक में रखिये:

во́семь (час); три (мину́та); два́дцать два (час); семь (мину́та); три́дцать две (мину́та); четы́рнадцать (час); шестьдеся́т (мину́та)

५. दाहिनी ओर की सज्ञाओं में से एक एक सज्ञा को आवश्यक कारक में रखते हुए निम्नलिखित वाक्यांशों को पूर्ण कीजिये। सख्याओ को शब्दों मे लिखिये और सज्ञाओ की सबध कारक विभक्तियो को रेखांकित कीजिये:

а) 1. В ко́мнате 3	окно́
2. На столе́ лежа́т 5 .. .	газе́та
3. В шкафу́ стоя́т 9	кни́га
4. На стене́ вися́т 2	ка́рта
5. У нас в кварти́ре 4	ко́мната
6. На́ши уро́ки начина́ются в 8	час
7. Уро́к продолжа́ется 45	мину́та
8. У нас мно́го	учи́тель
9. Наш учи́тель зна́ет 3	язы́к
б) 1. От дере́вни до го́рода 84	киломе́тр
2. От колхо́за до ме́льницы 7	киломе́тр
3. Колхо́зная фе́рма занима́ет 80 ...	гекта́р
4. Колхо́зный сад занима́ет 75	гекта́р
5. Я жил в колхо́зе 5	неде́ля
в) 1. По доро́ге е́дут 3	автомоби́ль
2. В во́здухе лета́т 9	самолет
3. В мо́ре иду́т 3 .. .	кора́бль
4. На реке́ плыву́т 4	ло́дка
г) 1. В ко́мнате стоя́т 2	стол
2. За столо́м сидя́т 8	де́ти
3. На столах стоя́т 2	ва́за
4. В ва́зах 4 ... и 15	ро́за, тюльпа́н
5. На столе́ стоя́т 8 ... и 5	таре́лки, стака́ны
6. Я беру́ 2 ... , 2 ... и 2	ви́лка, нож, ло́жка
д) 1. У нас в до́ме 92	кварти́ра
2. В гости́нице 95	ко́мната
3. Утром в зоопа́рке мно́го	посети́тель
4. В зоопа́рке живу́т 17 ... и 18	тигр, медве́дь
е) 1. В э́той фра́зе 6	сло́во
2. В сло́ве «Москва́» 6	бу́ква
3. В сло́ве «Ленингра́д» 9	бу́ква
4. В числе́ 158 3	ци́фра

УРОК 40[б]

НА ФУТБОЛЕ

Сего́дня воскресе́нье. Нема́ло москвиче́й отправля́ются на стадио́н «Дина́мо». В три часа́ бу́дет футбо́льный матч ме́жду кома́ндами «Дина́мо» и «Спарта́к».

Постепе́нно 76 ты́сяч зри́телей заполня́ют трибу́ны стадио́на. «Боле́льщики» уже́ давно́ ожида́ют нача́ла ма́тча и оживлённо обсужда́ют после́дние футбо́льные встре́чи. Одни́ «боле́ют» за «Дина́мо», други́е — за «Спарта́к».

В 2 часа́ 55 мину́т дня звучи́т гонг. Че́рез пять мину́т судья́ даёт свисто́к, и о́бе кома́нды выстра́иваются на середи́не по́ля. На спарта́ковцах кра́сные ма́йки, на дина́мовцах голубы́е. На по́ле стадио́на нахо́дятся челове́к 20 репорте́ров.

Капита́ны кома́нд пожима́ют друг дру́гу ру́ки и обме́ниваются вы́мпелами. Игра́ начина́ется. Уже́ в пе́рвые мину́ты дина́мовцы забива́ют гол в воро́та «Спартака́». На трибу́нах шум, аплодисме́нты. Дина́мовцы продолжа́ют ата́ку. Игро́к под но́мером 7 пе́рвый год выступа́ет в соста́ве кома́нды «Дина́мо». Сейча́с он уве́ренно посыла́ет мяч в воро́та «Спартака́». Но врата́рь о́чень хорошо́ берёт гру́дный мяч. На трибу́нах опя́ть шум, аплодисме́нты.

Спарта́ковцы игра́ют дру́жно. Че́рез 40 мину́т они́ забива́ют гол в воро́та «Дина́мо». В э́тот моме́нт судья́ даёт свисто́к. Пе́рвая полови́на игры́ зака́нчивается со счётом 1 : 1.



Футболи́сты покида́ют по́ле и отправля́ются в ко́мнаты о́тдыха. Одни́ ложа́тся на дива́ны, други́е сада́тся в удо́бные кре́сла. Тре́неры даю́т игрока́м поле́зные сове́ты. Че́рез 15 мину́т о́бе кома́нды сно́ва выхо́дят на футбо́льное по́ле.

В пе́рвые 25 мину́т счёт по-пре́жнему 1 : 1. Кома́нды «Спартака́» и «Дина́мо» сме́ло атаку́ют, хорошо́ защища́ются. Оба вратаря́ ло́вко беру́т тру́дные мячи́. Не́сколько мину́т у воро́т «Спартака́» продолжа́ется о́страя борьба́, наконе́ц дина́мовцы забива́ют второ́й гол. Спарта́ковцы сно́ва атаку́ют. Борьба́ продолжа́ется.

Звучи́т гонг. Остаётся пять мину́т до конца́ ма́тча. Счёт 2 : 1 в по́льзу «Дина́мо», но в после́дние мину́ты защи́тник «Дина́мо» остана́вливает мяч руко́й. Судья́ назнача́ет штрафно́й уда́р в воро́та «Дина́мо». Гол!!!

Матч зака́нчивается со счётом 2 : 2. Кома́нды опя́ть выстра́иваются на середи́не по́ля. Оба капита́на благодаря́т судью́ и пожима́ют друг дру́гу ру́ки. Зри́тели постепе́нно покида́ют трибу́ны. Они́ оживлённо обсужда́ют о́стрые моме́нты игры́

СЛОВАРЬ

аплодисме́нты (в० в०) तालियाँ

ата́ка (स्त्री०) हमला

атакова́ть I (атаку́||ю, -ешь) हमला करना

боле́льщик (पु०) (फुटबाल) शौकीन

борьба́ (स्त्री०) (в० в० नहीं) प्रतियोगिता, संघर्ष

воро́та (в० в०) फाटक

врата́рь (पु०) (संबध врата́ря, в० в० врата́ри) गोल-कीपर

встре́ча (स्त्री०) सदर्भ में: स्पर्धा, मुकाबला, मैच

втор||о́й, -а́я, -о́е; -ы́е दूसरा

вы́мпел (पु०) पताका

выстра́иваться I (выстра́ивается) कतार बनाना

гол (पु०) गोल

гонг (पु०) घंटा

дина́мовец (पु०) (संबध дина́мовца, в० в० дина́мовцы) "दिनामो" क्रीड़ा संघ का खिलाडी

забива́ть I (забива́||ю, -ешь) (फुटबाल में) गोल बनाना

заполня́ть I (заполня́||ю, -ешь) भरना

защи́тник (पु०) सदर्भ में: फुल-बैक

защища́ться I (защища́||юсь, -ешься) रक्षा करना

зри́тель (पु०) दर्शक

игро́к (पु०) (संबंध игрока́, в० в० игроки́) खिलाड़ी

капита́н (पु०) कप्तान

кома́нда (स्त्री०) टीम

ма́йка (स्त्री०) (संबंध ब० व० ма́ек) फुटबाल की कमीज गंजी

матч (पु०) मैच, स्पर्धा, मुकाबला

моме́нт (पु०) क्षण

мяч (पु०) (सबंध мяча́, ब० व० мячи́, सबध ब० व० мячёй) गेंद

назнача́ть I (назнача́||ю, -ешь) निर्धारित करना

нема́ло कम नहीं, बहुत

не́сколько कुछ, कई एक

но́мер (पु०) (ब० व० номера́) संख्या

обме́ниваться I (обме́нива||юсь, -ешься) विनिमय करना, अदल-बदल करना

ожил. ённо क्रियावि० उत्साह से

остава́ться I (оста||ю́сь, -ёшься) रहना

о́стр||ый, -ая, -ое; -ые तेज, तीक्ष्ण, तीव्र

покида́ть I (покида́||ю, -ешь) छोडना, त्यागना

поле́зн||ый, -ая, -ое; -ые उपयुक्त

полови́на (स्त्री०) आधा

по́льза (स्त्री०) (ब० व० नही) फ़ायदा, लाभ; в по́льзу के पक्ष मे

по-пре́жнему क्रियावि० पूर्ववत्, पहले की तरह

после́дн||ий, -яя, -ее; -ие सदर्भ में: पिछला

посыла́ть I (посыла́||ю, -ешь) भेजना

свисто́к (पु०) (संबंध свистка́, ब० व० свистко́) सीटी

середи́на (स्त्री०) (ब० व० नहीं) मध्य

соста́в (кома́нды) (पु०) टीम, दल, टुकड़ी

спарта́ковец (पु०) (सबंध спарта́ковца, ब० व० спарта́ковцы) "स्पर्तांक" क्रीड़ा सघ का खिलाड़ी

судья́ (पु०) (ब० व० су́дьи, सबध ब० व० суде́й) निर्णयकर्ता, पंच, अंपायर

счёт (पु०) स्कोर

тре́нер (पु०) प्रशिक्षक

трибу́на (स्त्री०) स्टैंड

тру́дн||ый, -ая, -ое; -ые कठिन

ты́сяча (स्त्री०) हजार

уве́ренно क्रियावि० आत्मविश्वास के साथ

уда́р (पु०) किक

фоторепортёр (पु०) केमरामन

футбо́л (पु०) फुटबाल; на футбо́ле फुटबाल के मुकाबले में

футболи́ст (पु०) फुटबाल-खिलाडी

футбо́льн||ый, -ая, -ое; -ые फुटबाल

штрафн||о́й, -а́я, -о́е; -ы́е पेनल्टी का, दड का, जुर्माने का

Выражения

дава́ть свисто́к	सीटी बजाना
тут же	यहीं, इसी स्थान
пожима́ть ру́ки	हाथ मिलाना
друг дру́гу	परस्पर, एक दूसरे को
забива́ть гол	गोल बनाना
счёт в по́льзу	स्कोर ... के पक्ष में है, ज्यादा स्कोर ... का हुआ है

Примечания

१. निम्नलिखित क्रियाओं में गड़बड़ न कीजिये:

(क) **забыва́ть** 'भूलना' (धातु में **ы** के साथ), **забива́ть** 'गोल बनाना' (धातु में **и** के साथ);

(ख) संज्ञाएं: **матч** 'मैच' (धातु में **а** के साथ), **мяч** 'गेंद' (धातु में **я** के साथ)

२. निम्नलिखित शब्दों के उपयोगों पर ध्यान दीजिये:

(क) **брать** लेना

Ма́льчик берёт в ру́ки мяч. — लड़का हाथ में गेंद लेता है।

Врата́рь хорошо́ берёт мяч. — गोल-कीपर गेद को अच्छी तरह से रोकता है।

(ख) **боле́ть** बीमार पड़ना, होना

Мой брат боле́ет гри́ппом. — मेरा भाई शीतज्वर से बीमार है।

Он боле́ет за «Спарта́к». — वह "स्पर्ताक" का शौक़ीन है।

३. **«Дина́мо»** (नपु०), **«Спарта́к»** (पु०) सोवियत क्रीड़ा संगठनों के नाम।

УПРАЖНЕНИЯ

१. पाठ मे से गणनावाचक संख्याओं तथा सबंध कारक की संज्ञाओं का संयोग सूचित कीजिये। यह स्पष्ट कीजिये कि कुछ उदाहरणों में संज्ञाएं सबंध कारक एकवचन में और अन्य उदाहरणों में सबध कारक बहुवचन में क्यों है।

२. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

(क) पाठ से संबधित:

1. На како́й стадио́н отправля́ются сего́дня москвичи?
2. Како́й сего́дня матч?
3. Когда́ начина́ется игра́?
4. Кто забива́ет пе́рвый гол?

5. Как зака́нчивается пе́рвая полови́на игры́?
6. Куда́ отправля́ются футболи́сты во вре́мя переры́ва?
7. Кто даёт сове́ты игрока́м?
8. Когда́ начина́ется втора́я полови́на игры́?
9. Как игра́ют ́сбе кома́нды?
10. Кому́ назнача́ет судья́ штрафно́й уда́р?
11. Как зака́нчивается матч?
12. Что обсужда́ют зри́тели?

(ख) पाठ से संबध न रखते हुए:

13. Игра́ете ли вы в футбо́л?
14. Быва́ете ли вы на стадио́не?
15 Лю́бите ли́ вы смотре́ть футбо́льные ма́тчи?

३. निम्नलिखित शब्दों को फिर से लिखिये; प्रत्ययों को रेखांकित कीजिये और यह बताइये कि उनके कारण शब्दों में क्या अर्थ आता है:

футболи́ст, защи́тник, зри́тель, певе́ц (गायक)

४. तीसरे अभ्यास में दी गई प्रत्येक संज्ञा के साथ उसी प्रत्ययवाली और एक एक संज्ञा लिखिये।

५. निम्नलिखित शब्दों के प्रत्यय बताइये:

боле́льщик, москви́ч, игро́к

६. एक ही धातुवाले शब्दों को एकत्र लिखिये:

игра́ть, ата́ка, защи́тник, боле́льщик, атакова́ть, игро́к, по́льза, боле́ть, защища́ться, поле́зный, счита́ть, больно́й, по́льзоваться, счёт

७. खेल के समय तथा स्कोर में परिवर्तन करते हुए «На футбо́ле» शीर्षक पाठ का सारांश मौखिक या लिखित रूप में बताइये।

УРОК 41

व्याकरण :

गणनावाचक संख्याएं (क्रमश:)

Мно́го, ма́ло, ско́лько, не́сколько इत्यादि शब्दों के साथ संबध कारक एकवचन तथा बहुवचन सज्ञाएं

पदार्थवाचक संज्ञाओं का सबध कारक

संबध कारक बहुवचन में कुछ पुल्लिंग सज्ञाओं का विशेष रूप

ГРАММАТИКА

१. गणनावाचक संख्याए (क्रमश:)

Со́тни सौ

100	сто एक सौ	600	шестьсо́т छ: सौ
200	две́сти दो सौ	700	семьсо́т सात सौ
300	три́ста तीन सौ	800	восемьсо́т आठ सौ
400	четы́реста चार सौ	900	девятьсо́т नौ सौ
500	пятьсо́т पांच सौ		

Ты́сячи हजार

1000	одна́ ты́сяча एक हजार	
2000	две ты́сячи दो हज़ार	
5000	пять ты́сяч पांच हज़ार	
21 000	два́дцать одна́ ты́сяча	इक्कीस हज़ार
22 000	два́дцать две ты́сячи	बाईस हज़ार
28 000	два́дцать во́семь ты́сяч	अट्ठाईस हज़ार
73 000	се́мьдесят три ты́сячи	तिहत्तर हज़ार
97 000	девяно́сто семь ты́сяч	सत्तानवे हज़ार
100 000	сто ты́сяч	एक लाख
300 000	три́ста ты́сяч	तीन लाख
500 000	пятьсо́т ты́сяч	पांच लाख

Миллио́ны दस लाख

1 000 000	оди́н миллио́н	दस लाख
2 000 000	два миллио́на	बीस लाख
5 000 000	пять миллио́нов	पचास लाख

१. २०० से ९०० तक की संख्याएं मिश्र संख्याएं है (देखिये अध्याय 40^{a}—क)।

Две́сти दो सौ, три́ста तीन सौ, пятьсо́т पांच सौ तथा इसी प्रकार बनाई गई संख्याओं में संख्यावाचक शब्द का दूसरा अवयव (हिस्सा) **-сти, -ста, -сот, сто** एक सौ संख्या का व्युत्पत्ति-साधित रूप है।

वर्णविचार (सख्याओं का लेखन): пятьсо́т पांच सौ से девятьсо́т नौ सौ तक की संख्याओं के नाम संख्यावाचक शब्द के बीच में, दो धातुओं के मध्य **ь** ("मृदु" चिन्ह) के साथ लिखे जाते है: пять + сот, шесть + сот इत्यादि।

Три́ста तीन सौ तथा четы́реста चार सौ को शब्दों में लिखते समय शब्द के अंत में **-а** लिखा जाता है।

२. Со́тня सौ, ты́сяча हज़ार, миллио́н दस लाख (मिलियन) शब्द संज्ञाएं है। फिर भी अर्थ की दृष्टि से वे संख्याओं के समान है। संज्ञाएं होने के कारण इनके लिंग तथा वचन होते है और कुछ विशेषणों के साथ इनका उपयोग किया जा सकता है:

це́лая со́тня	पूरे सौ
це́лая ты́сяча	पूरे हज़ार
це́лый миллио́н	पूरे दस लाख

साथ साथ ты́сяча और миллио́н शब्द संख्याओं की तरह संयुक्त संख्याओं का भाग हो सकते है:

ты́сяча пятьсо́т со́рок два	एक हज़ार पांच सौ बयालीस
миллио́н две́сти пятьдеся́т семь	दस लाख दो सौ सत्तावन

यद्यपि сóтня एक सौ सज्ञा "मृदु" कारक रचना के वर्ग की है तथापि यह संबंध कारक बहुवचन की विभक्ति में ь ("मृदु" चिन्ह) नहीं लेती сóтен।

३. रूसी में हज़ार, दस लाख इत्यादि संख्याओं में सौ सौ के भागों को अलग दिखाने के लिये पूर्ण विराम का उपयोग किया जाता है। उदाहरणार्थ:

1542 1.257.000

२. वाक्य के उद्देश्य (कर्ता) के रूप में संख्यावाचक वाक्यांश और उसके साथ विधेय का अन्वय

गणनावाचक संख्या तथा संबंध कारक की संज्ञा के संयोग को संख्यावाचक वाक्यांश कहते हैं। जिस वाक्य में उद्देश्य (कर्ता) संख्यावाचक वाक्यांश द्वारा प्रकट होता है उसका विधेय एकवचन या बहुवचन में होता है:

В кла́ссе **сидя́т** (या **сиди́т**) пять учеников. — कक्षा में पांच छात्र बैठे हैं।

На столе́ **лежа́т** (या **лежи́т**) три кни́ги. — मेज़ पर तीन पुस्तकें (पड़ी हुई) हैं।

इसी तरह भूत काल में भी उद्देश्य एकवचन या बहुवचन में होता है। फिर भी यदि एकवचन रूप का उपयोग किया जाय तो भूतकालिक क्रिया नपुंसक-लिंग में होती है।

В кла́ссе **сиде́ли** (या **сиде́ло**) пять учеников. — कक्षा में पांच छात्र बैठे थे।

На столе́ **лежа́ли** (या **лежа́ло**) три кни́ги. — मेज़ पर तीन पुस्तकें (पड़ी हुई) थीं।

जब किसी वाक्य का उद्देश्य (कर्ता) **мно́го, ма́ло, ско́лько, не́сколько** जैसे शब्द तथा गणनायोग्य व्यक्ति या वस्तुसूचक सज्ञा के संयोग से प्रकट होता है तब विधेय बहुधा एकवचन में होता है (लेकिन बहुवचन का भी उपयोग किया जा सकता है):

В магази́не **бы́ло** (ए० व०) не́сколько челове́к.
В магази́не **бы́ли** (ब० व०) не́сколько челове́к.
— दूकान में कई लोग थे।

उद्देश्य जब мно́го, ма́ло, не́сколько, इत्यादि शब्दों तथा संबंध कारक की ऐसी (द्रव्यवाचक) संज्ञा के संयोग से प्रकट होता है जिसके द्वारा सूचित पदार्थ की गिनती नहीं की जा सकती तब विधेय केवल एकवचन में होता है:

На столе́ бы́ло мно́го хлеба́. मेज़ पर बहुत सी रोटी थी।

३. Мно́го, ма́ло, ско́лько, не́сколько शब्दों के साथ संबंध कारक एकवचन तथा बहुवचन संज्ञाएं

१. जिन पदार्थों को नापा जा सकता है लेकिन गिना नहीं जा सकता उनकी सूचक संज्ञाओं का बहुवचन नहीं होता: свет 'प्रकाश', молоко́ 'दूध', мя́со 'मांस' इत्यादि। अत: мно́го 'बहुत', ма́ло 'कम', ско́лько? 'कितना-ने', не́сколько 'कुछ, कई' इत्यादि शब्दों के साथ तथा मापसूचक килогра́мм 'किलोग्राम', литр 'लिटर', буты́лка 'बोतल', ба́нка 'डिब्बा', па́чка 'पुड़िया, पुड़ा' आदि के बाद आने वाली सज्ञा संबंध कारक एकवचन में होती है:

ско́лько све́та!	कितना (इतना) प्रकाश!
мно́го во́здуха	बहुत हवा
ма́ло воды́	कुछ पानी
литр молока́	एक लिटर दूध
килогра́мм хле́ба	एक किलोग्राम रोटी
кусо́к са́хара	शक्कर की टिकिया
ба́нка ма́сла	मक्खन का डिब्बा
па́чка ча́я	चाय का पुड़ा
стака́н воды́	एक गिलास पानी
буты́лка вина́	एक बोतल शराब

टिप्पणी: ऊपर बताये गये शब्दों के साथ कुछ पदार्थ (द्रव्य) वाचक संज्ञाएं संबंध कारक बहुवचन में भी प्रयोग की जाती हैं जब उनसे प्रकार की विविधता सूचित होती हो:

мно́го вин कई (प्रकार की) शराबें

२. **Мно́го, ма́ло, ско́лько, не́сколько** शब्दों के साथ (जिनसे अनिश्चित मात्रा सूचित होती है) गणनायोग्य वस्तु-सूचक संज्ञाएं संबंध कारक बहुवचन में रखी जाती हैं:

мно́го книг	बहुत पुस्तकें
ма́сса люде́й	बहुत से लोग
коро́бка конфе́т	मिठाई का बक्स
не́сколько мину́т	कुछ (कई) मिनट
ско́лько уче́бников	कितनी पाठ्यपुस्तकें

४. पदार्थ (द्रव्य) वाचक संज्ञाओं का सबध कारक

जब कभी पदार्थ (द्रव्य) की कुछ मात्रा या भाग सूचित होता है तब संज्ञाएं संबंध कारक में प्रयोग की जाती हैं; संबध कारक एकवचन की पुल्लिग संज्ञाएं -у या -ю तथा साधारण विभक्ति -а, -я भी लेती हैं:

Да́йте мне, пожа́луйста, воды́.	कृपया (मुझे) पानी दीजिये।
Да́йте, пожа́луйста, ча́ю и ме́ду (ча́я и ме́да).	कृपया (हमें) कुछ चाय तथा शहद दीजिये।
Вот килогра́мм са́хару (са́хара).	यहाँ एक किलोग्राम शक्कर है।
Кусо́к сы́ру (сы́ра).	पनीर का एक टुकड़ा।

बोलचाल की भाषा में -у, -ю प्रत्यय अत्यंत प्रचलित है।

५. सबध कारक बहुवचन में कुछ पुल्लिंग संज्ञाओं का विशेष रूप

संबंध कारक में कुछ पुल्लिंग संज्ञाओं के विभक्तियाँ नहीं होती:

грамм (कर्ता ए० व०) ग्राम — гра́ммы (कर्ता ब० व०), грамм (संबंध ब० व०); килогра́мм (कर्ता ए० व०) किलोग्राम — килогра́ммы (कर्ता ब० व०), килогра́мм (संबंध ब० व०); челове́к (कर्ता ए० व०) पुरुष, व्यक्ति — челове́к (संबंध ब० व०) व्यक्ति।

СЛОВАРЬ

ба́нка (स्त्री०) (संबंध ब० व० ба́нок) डिब्बा

буты́лка (स्त्री०) (संबंध ब० व० буты́лок) बोतल

ветчина́ (स्त्री०) (ब० व० नहीं) सुअर का जंघा मांस

деся́ток (पु०) (संबध деся́тка, ब० व० деся́тки) दस, दशक

едини́ца (स्त्री०) इकाई

карма́н (पु०) जेब

килогра́мм (पु०) किलोग्राम

конфе́та (स्त्री०) मिठाई

копе́йка (स्त्री०) (संबंध ब० व० копе́ек) कोपेक

коро́бка (स्त्री०) (संबंध ब० व० коро́бок) बक्स

кусо́к (पु०) (सबंध куска́, ब० व० куски́) टुकड़ा, टिकिया

литр (पु०) लिटर

ма́сса (स्त्री०) भीड़; ढेर

миллио́н (पु०) दस लाख

па́чка (स्त्री०) (संबंध ब० व० па́чек) पुड़ा, पुड़िया

покупа́тель (पु०) ग्राहक, खरीदार

полкило́ (पु०) (अपरिवर्तनीय) आधा किलो

рубль (पु०) (सबंध рубля́, ब० व० рубле́й) रूबल

со́тня (स्त्री०) (सबंध ब० व० со́тен) एक सौ

сто́ить II (сто́‖ю, -ишь) दाम लगना

това́р (पु०) माल

це́л‖ый, -ая, -ое; -ые पूरा

टिप्पणी: 100 से 100.000.000 तक की संख्याओं के नाम अध्याय के आरभ में दिये गये है।

Произношение

मोटे टाइप में सूचित ध्वनियों के उच्चारण पर ध्यान दीजिये:

о → अत्यत अस्पष्ट [а]: мно́го, ма́ло, ско́лько, не́сколько, килограмм

л: ма́ло, килогра́мм, бутылка

л → [ль]: ско́лько, не́сколько, литр

УПРАЖНЕНИЯ

१. १०० से १००० तक के शतकों के लिये रूसी शब्द दीजिये।

२. निम्नलिखित सख्याओं को शब्दों में लिखिये। ь (मृदु चिन्ह) को रेखांकित कीजिये:

103, 117, 138, 386, 429, 693, 954, 1015, 1951, 2005, 428, 72746, 1809, 319

३. वे संज्ञाएं बताइये जिनसे (क) गणनायोग्य वस्तुए (ख) मापयोग्य पदार्थ सूचित होते हैं:

мя́со, конфе́та, вино́, сыр, ветчина́, ма́сло, я́блоко, молоко́, са́хар, чай, карто́фель, папиро́са, това́р, магази́н, покупа́тель, хлеб, свет, сад, кни́га, во́здух, вода́, цвето́к, тетра́дь, бума́га, го́род, мину́та, зе́лень

४. निम्नलिखित वाक्यांशों से वे शब्द बताइये जिनसे (क) मात्रा, (ख) माप और (ग) अनिश्चित मात्रा सूचित होती है:

ты́сяча рубле́й; литр молока́; мно́го дете́й; ба́нка ма́сла; со́тня папиро́с; па́чка бума́ги; килогра́мм са́хара; киломе́тр пути́; коро́бка конфе́т; деся́ток я́блок, гекта́р земли́; стака́н воды́; буты́лка вина́; полкило́ сы́ра; миллио́н рубле́й; таре́лка су́па

५. दाहिनी ओर के स्तंभ में दी गई संज्ञाओं के आवश्यक रूपों से रिक्तपूर्ति कीजिये:

а)	1. На Ура́ле мно́го ... и	ша́хта, завод
	2. В ша́хтах Донба́сса мно́го	у́голь
	3. На поля́х колхо́зов мно́го	пшени́ца
	4. На огоро́дах мно́го ... и	карто́фель, о́вощи
	5. На фе́рмах мно́го .. и .. .	молоко́, ма́сло
б)	1. Ско́лько ... в библиоте́ке?	кни́га
	2. Ско́лько здесь ...?	бума́га
	3. Ско́лько у вас ... в неде́лю?	уро́к
	4. Мы получа́ем не́сколько ... и ...'.	газе́та, журна́л
	5. Я зна́ю не́сколько ... о Москве́.	пе́сня
в)	1. Плати́те в ка́ссу 40	рубль
	2. Вот 3	рубль
	3. Вот ещё 1 ... 22	рубль, копе́йка
	4. Эти кни́ги сто́ят 7	рубль
	5. У меня́ в карма́не 100 ... и 25....	рубль, копе́йка
г)	1. Да́йте деся́ток ..	я́блоко
	2. Я прошу́ со́тню	папиро́са
	3. Вот ты́сяча	рубль
	4. В числе́ 49 четы́ре . . и 9	деся́ток, едини́ца
	5. В числе́ 2300 две ... и три	ты́сяча, со́тня

УРОК 41[6]

В МАГАЗИНЕ «ГАСТРОНОМ»

В Москве́ о́чень мно́го магази́нов «Гастроно́м». У нас на у́лице то́же есть больша́я и краси́вый «Гастроно́м». В магази́н непреры́вно вхо́дят покупа́тели и выхо́дят отту́да с поку́пками в рука́х.

Еле́на Никола́евна то́же сейча́с де́лает там поку́пки. Она́ всегда́ хо́дит за поку́пками в э́тот магази́н.

В «Гастроно́ме» мно́го отде́лов. Нале́во от вхо́да продаю́т мя́со, ры́бу и други́е проду́кты. Напра́во от вхо́да продаю́т бакале́ю, гастрономи́ческие това́ры, фру́кты, вино́, конфе́ты. Непреры́вно рабо́тает не́сколько касс.

За прила́вками стоя́т продавцы́ в бе́лых хала́тах. На прила́вках под стекло́м лежа́т това́ры. Вися́т ярлычки́ с це́нами. Все ви́дят, ско́лько сто́ит това́р.

Еле́на Никола́евна подхо́дит к прила́вку, где продаю́т колбасу́ и ветчину́. Здесь уже́ стои́т не́сколько покупа́телей. Оди́н покупа́ет 800 гра́ммов колбасы́, друго́й 500 гра́ммов ветчины́. Еле́на Никола́евна берёт 400 гра́ммов ветчины́. Пото́м она́ идёт за ма́слом и сы́ром. Она́ покупа́ет 400 гра́ммов ма́сла и кусо́к сы́ру в 900 гра́ммов, деся́ток яи́ц и буты́лку молока́.



В отде́ле ры́бы Еле́на Никола́евна про́сит дать икры́ и две ба́нки консе́рвов. Пото́м она́ берёт ещё 2 кило́ са́хару, две па́чки ча́ю по 50 гра́ммов, коро́бку конфе́т и деся́ток апельси́нов. Ка́жется, всё. Еле́на Никола́евна пла́тит де́ньги в ка́ссу, получа́ет сда́чу и возвраща́ется за поку́пками. Пото́м она́ идёт к вы́ходу, но тут вспомина́ет о папиро́сах для бра́та. Он ку́рит. Она́ возвраща́ется, пла́тит в ка́ссу за папиро́сы, получа́ет четы́ре па́чки, выхо́дит из магази́на и отправля́ется с поку́пками домо́й.

СЛОВАРЬ

апельси́н (पु०) नारंगी

бакале́я (स्त्री०) (ब० ब० नहीं) किराना, परचून

вы́ход (पु०) बाहर जाने का मार्ग

«Гастроно́м» (पु०) "गास्त्रोनोम" (सोवियत संघ की भोजन-सामग्री की बड़ी बड़ी दूकानों का नाम)

гастрономи́ческ||ий, -ая, -ое; -ие "गास्त्रोनोम" का

икра́ (स्त्री०) (ब० व० नहीं) मछली के अंडे

ка́жется दिखता है, मालूम होता है

кило́ (नपु०) (अपरिवर्तनीय) (= килограмм) किलो, किलोग्राम

колбаса́ (स्त्री०) (ब० व० колба́сы) मसालेदार मांस, सॉसेज

консе́рвы (ब० व०) डिब्बाबंद

непрерывно क्रियावि० सतत, लगातार

отде́л (पु०) विभाग

отту́да क्रियावि० वहाँ से

покупа́ть I (покупа́||ю, -ешь) खरीदना

поку́пка (स्त्री०) (संबंध ब० व० поку́пок) खरीद

прила́вок (पु०) (संबंध прила́вка, ब० व० прила́вки) लेन-देन की मेज़, काउंटर

продава́ть I (прода||ю, -ёшь) बेचना

продаве́ц (पु०) (संबंध продавца́, ब० व० продавцы́) दूकान का मुनीम, बेचनेवाला

проду́кт (पु०) खाद्य सामग्री

проси́ть II (прошу́, про́сишь) माँगना, पूछना

сда́ча (स्त्री०) बाक़ी पैसा, रेज़गारी

стекло́ (नपुं०) (ब० व० стёкла) शीशा, कांच

цена́ (स्त्री०) (ब० व० це́ны) क़ीमत

яйцо́ (नपुं०) (ब० व० я́йца, संबंध ब० व० я́иц) अंडा

ярлычо́к (पु०) (संबंध ярлычка́, ब० व० ярлычки́) लेबिल

Выражения

де́лать поку́пки	खरीदना
идти́, ходи́ть за поку́пками	खरीदने जाना
ско́лько сто́ит...?	...का दाम क्या है?

Примечание

Стоя́ть 'खड़े रहना' और **сто́ить** 'दाम लगना' क्रियाओं में गड़बड़ न कीजिये। ये दोनों द्वितीय गण की क्रियाएं हैं किन्तु इनके मूल रूप भिन्न है और इनमें बल भी भिन्न शब्दांशों पर है: **стоя́ть** क्रिया में बल अन्तिम शब्दांश पर है जब कि **сто́ить** क्रिया में वह पहले शब्दांश पर याने धातु पर है।

Управление глаголов. कुछ क्रियाओं के साथ आवश्यक कारक

क्रिया **отправля́ться** 'रवाना होना' जिस संबंध-सूचक के साथ प्रयोग की जाती है उसके अनुसार बाद में कर्म या करण कारक की संज्ञा आवश्यक है:

отправля́ться в + кого́ — в дом घर में (**куда́?** 'कहाँ?' — दिशा)

отправля́ться на + кого́ — на у́лицу सड़क पर (**куда́?** 'कहाँ?' — दिशा)

отправля́ться за + кого́ — за поку́пками खरीद के लिये जाना (**за чем?** 'किस लिए?' — कारण)

УПРАЖНЕНИЯ

१. सबध कारक की संज्ञाओं के लिंग तथा वचन बताइये। उनकी विभक्तियों तथा सबध कारक की आवश्यकतावाले शब्दों को रेखांकित कीजिये।

उदाहरण: У меня́ в карма́не сто два́дцать **два** рубля́ (पु० ए० व०).

На столе́ мно́го книг (स्त्री० ब० व०).

а) 1. Покупа́тель пла́тит в ка́ссу три́дцать четы́ре рубля́ два́дцать семь копе́ек. 2. Он пла́тит в ка́ссу пятьдеся́т рубле́й и две моне́ты (सिक्का) по пятна́дцать копе́ек и получа́ет сда́чу — шестна́дцать рубле́й и три копе́йки.

б) 1. Това́рищ Ивано́в про́сит жену́ купи́ть ма́сла и сы́ру. 2. Она́ принóсит из магази́на та́кже ветчины́ и колбасы́.

в) 1. На столе́ лежи́т деся́ток я́блок и не́сколько груш. 2. В коро́бке мно́го са́хару.

२. क्रियाओं के योग्य वर्तमानकालिक रूपों से रिक्तपूर्ति कीजिये:

1. Два покупа́теля ... к ка́ссе.	подходи́ть
2. За прила́вками ... не́сколько продавцо́в.	стоя́ть
3. Ско́лько ... э́ти я́блоки?	сто́ить
4. На столе́ ... три апельси́на.	лежа́ть
5. По у́лице ... мно́го автомоби́лей.	е́хать
6. В во́здухе ... мно́го самолётов.	лете́ть
7. По реке́ ... не́сколько парохо́дов.	идти́
8. В по́ле ... не́сколько тра́кторов.	рабо́тать
9. В саду́ ... 5 пионе́ров.	бе́гать
10. Около до́ма ... не́сколько дете́й.	игра́ть
11. Здесь ... мно́го цвето́в.	расти́
12. В зоопа́рке ... мно́го звере́й.	жить
13. В пруду́ ... ста́я лебеде́й.	пла́вать
14. Ле́том на парохо́дах ... мно́го люде́й.	отдыха́ть
15. По ра́дио ... мно́го арти́стов.	выступа́ть
16. Ско́лько челове́к ... в хо́ре?	петь

३. दूसरे अभ्यास में लिखे गये वाक्यों को पढिये और उन्हे भूतकालिक रूप दीजिये। जहाँ एकवचन तथा बहुवचन दोनों चल सकते है वहाँ वैसा सूचित कीजिये।

उदाहरण: В кла́ссе сиде́ло (сиде́ли) 25 ученико́в.

На столе́ лежа́ло мно́го бума́ги.

४. एक ही धातुवाले शब्दो को एकत्र लिखिये:

ходи́ть, покупа́ть, дава́ть, выходи́ть, продава́ть, поку́пка, продаве́ц, вы́ход, находи́ться, вход, сда́ча, подходи́ть, поку́патель

५. पाठ से सबधित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

1. Куда́ хо́дит Еле́на Никола́евна за поку́пками?
2. Где нахо́дится магази́н «Гастроно́м»?
3. Что продаю́т в магази́не нале́во от вхо́да?
4. Что продаю́т в магази́не напра́во от вхо́да?
5. Где стоя́т продавцы́?
6. Где лежа́т това́ры?
7. Что покупа́ет Еле́на Никола́евна в магази́не?
8. Куда́ она́ отправля́ется из магази́на?

६. अपने शहर की किसी दूकान का वर्णन कीजिये।

УРОК 42

चौथे भाग का सारांश (३२ वे अध्याय से ४१ वें अध्याय तक)

शब्द-साधन:

संज्ञा-प्रत्यय -ств-о

СТОЛИЦА СССР

Столи́ца СССР — Москва́.

Москва́ — се́рдце Сове́тской страны́. К Москве́ устремля́ются все мы́сли и чу́вства наро́дов СССР.

Столи́ца СССР располо́жена на Москве́-реке́. Краси́вые мосты́ соединя́ют о́ба её бе́рега.

Пять море́й: Бе́лое и Балти́йское на се́вере, Чёрное, Азо́вское и Каспи́йское на ю́ге, соединя́ются со столи́цей че́рез систе́му рек и кана́лов. Кана́л и́мени Москвы́ соединя́ет Москву́-реку́ с Во́лгой.



В Москве́ схо́дятся желе́зные доро́ги и возду́шные тра́ссы, они́ соединя́ют с Москво́й са́мые да́льние райо́ны. В Москве́ мно́го вокза́лов и больши́е аэродро́мы.

Москва́ — дре́вний ру́сский го́род.

В це́нтре Москвы́ — Кремль и Кра́сная пло́щадь. Кремль — замеча́тельный па́мятник архитекту́ры и иску́сства. В Кремле́ дре́вние дворцы́ и собо́ры, стари́нные па́мятники иску́сства. Здесь ка́ждый ка́мень говори́т об исто́рии наро́да и его́ страны́.

Очень краси́вы сте́ны и ба́шни Кремля́. Ве́чером на ба́шнях я́рко горя́т кра́сные звёзды.

В Кремле́ собира́ется Верхо́вный Сове́т СССР. В Кремле́ жил и рабо́тал В. И. Ле́нин.

Ря́дом с Кремлём Кра́сная пло́щадь. Здесь у стены́ Кремля́ стои́т Мавзоле́й Ле́нина и Ста́лина. Это краси́вое и стро́гое по фо́рме сооруже́ние из мра́мора и грани́та. Лю́ди со всех концо́в ми́ра посеща́ют Мавзоле́й Ле́нина и Ста́лина.

Москва́ — кру́пный промы́шленный центр. Здесь больши́е фа́брики и заво́ды.

Москва́ — нау́чный центр страны́. Здесь нахо́дится Акаде́мия нау́к СССР и Моско́вский госуда́рственный университе́т — старе́йший в стране́. В Москве́ мно́жество ву́зов, школ и библиоте́к. Моско́вская консервато́рия — лу́чшая в стране́. Госуда́рственная библиоте́ка СССР и́мени Ле́нина насчи́тывает бо́лее десяти́ милли́онов книг и занима́ет по коли́честву книг второ́е ме́сто в ми́ре.

В столи́це нахо́дится Акаде́мия худо́жеств СССР, Госуда́рственная Третьяко́вская галере́я и 116 музе́ев.

В Москве́ не́сколько деся́тков теа́тров. Большо́й теа́тр, его́ арти́сты, хор и орке́стр изве́стны за рубежо́м.

В Москве́ мно́жество стадио́нов, в том числе́ огро́мный стадио́н и́мени Ле́нина.

На у́лицах Москвы́ большо́е движе́ние. По у́лицам непреры́вно дви́жутся автомоби́ли, авто́бусы, тролле́йбусы, трамва́и. Моско́вское метро́ соединя́ет разли́чные райо́ны го́рода. Ста́нции метро́ — краси́вые и све́тлые, настоя́щие подзе́мные дворцы́.

Населе́ние Москвы́ непреры́вно растёт. Жи́тели столи́цы получа́ют но́вые удо́бные кварти́ры, но́вые магази́ны, но́вые культу́рные учрежде́ния.

Осо́бенно краси́ва Москва́ ле́том. Зелёные дере́вья вдоль у́лиц украша́ют го́род. В скве́рах и сада́х, на бульва́рах мно́го зе́лени и цвето́в.

В Москве́ не́сколько па́рков культу́ры и о́тдыха. Центра́льный парк культу́ры и о́тдыха и́мени Го́рького располо́жен вдоль бе́рега Москвы́-реки́. Он занима́ет почти́ 300 гекта́ров.

Ка́ждый год Москву́ посеща́ет мно́го люде́й со всех концо́в страны́.

СЛОВАРЬ

авто́бус (पु०) बस

акаде́мия (स्त्री०) अकादमी, **Акаде́мия нау́к СССР** सोवियत सघ की विज्ञान अकादमी, **Акаде́мия худо́жеств СССР** सोवियत सघ की कला अकादमी

бо́лее अधिक, ज़्यादा

бульва́р (पु०) वृक्षाच्छादित मार्ग

верхо́вн||ый, -ая, -ое; -ые सर्वोच्च

возду́шная тра́сса हवाई मार्ग, विमान मार्ग, व्योम मार्ग

галере́я (स्त्री०) बरामदा; चित्रशाला

горе́ть II **(гор||ю, -и́шь)** जलना

госуда́рственн||ый, -ая, -ое; -ые राज्य (गुणवाचक), राज्यीय

да́льн||ий, -яя, -ее; -ие बहुत दूर का; **са́мый да́льний** दूरतम

дворе́ц (पु०) (सबध **дворца́, в० в० дворцы́**) महल

желе́зная доро́га (स्त्री०) रेलवे

жи́тель (पु०) निवासी, बासिंदा

изве́стн||ый, -ая, -ое; -ые (सु)विख्यात; लघु रूप **изве́стен, изве́стна, изве́стно; изве́стны** सुविख्यात

иску́сство (नपु०) कला

коли́чество (नपु०) मात्रा, सख्या

консервато́рия (स्त्री०) संगीत महाविद्यालय

культу́рн||ый, -ая, -ое; -ые सुसंस्कृत, शिष्ट, सांस्कृतिक

ме́тро (नपुं०) (अपरिवर्तनीय) मेत्रो, भूमिगत (रेलवे)

мно́жество (नपु०) समूह, भीड़

мысль (स्त्री०) विचार

настоя́щ||ий, -ая, -ее; -ие सच्चा, शुद्ध; मौजूदा, वर्तमान

насчи́тывать I **(насчи́тыва||ю, -ешь)** संख्या (में) होना, ... का होना

орке́стр (पु०) आर्केस्ट्रा, वादक-समूह

подзе́мн||ый, -ая, -ое; -ые भूमिगत

райо́н (पु०) जिला

рубе́ж (पु०) (सबंध कारक **рубежа́, в० в० рубежи́**) सीमा, **за рубежо́м** विदेश में

са́м||ый, -ая, -ое; -ые सर्वनाम (विशेषण सहित) सबसे

систе́ма (स्त्री०) प्रणाली

собира́ться I **(собира́||юсь, -ешься)** संदर्भ में: इकट्ठा होना, मिलना

собо́р (पु०) गिरजाघर

соединя́ться I **(соединя́||юсь, -ешься)** मिलना

сооруже́ние (नपु०) इमारत, निर्माण, रचना, बनावट

старе́йш||ий, -ая, -ее; -ие वृद्धतम, प्राचीनतम

схо́диться II **(схо́димся, схо́дитесь)** मिलना, एकत्र होना

трамва́й (पु०) ट्राम गाड़ी
тролле́йбус (पु०) ट्रालीबस
устремля́ться I (**устремля́||юсь, -ешься**) केंद्रित होना, दौड़ना
учрежде́ние (नपुं०) संस्था, कार्यालय, प्रतिष्ठान
центра́льн||ый, -ая, -ое; -ые केंद्रीय
чу́вство (नपु०) भावना

Выражения

в том числе́ सहित, इनमें
всё прекра́снее सुदर से सुंदर

Примечания

१. **Верхо́вный Сове́т** 'सर्वोच्च सोवियत'। सोवियत समाजवादी जनतंत्र संघ की सर्वोच्च सोवियत, सोवियत समाजवादी जनतंत्र सघ के शासन-यंत्र का सर्वश्रेष्ठ अग तथा सर्वश्रेष्ठ वैधानिक अंग है; हर चार साल बाद इसका चुनाव होता है।

२. **Стари́нный** 'पुराना, प्राचीन' तथा **дре́вний** 'प्राचीन' दोनों शब्दों का अर्थ प्राय: एक ही है। जब हम उम्र में बड़े लोगों की बात करते हे तब **ста́рый** 'वृद्ध' शब्द ही उचित है।

Управление глаголов

Соединя́ть(ся) मिलना क्रिया जब सबध-सूचक **с** के साथ प्रयोग की जाती है तब करण कारक लेती है: **с** + करण **соединя́ться** मिलना, जोड़ना (**с кем?** 'किस (व्यक्ति) के साथ?' **с чем?** 'किस (वस्तु) के साथ?')

СЛОВООБРАЗОВАНИЕ

सज्ञा प्रत्यय **-ств-о**

कई भाववाचक संज्ञाओं में **-ств-о** प्रत्यय होता है

чу́вство भावना
иску́сство कला

УПРАЖНЕНИЯ

१. «**На у́лицах Москвы́ большо́е движе́ние**» शब्दों से (पाठ के अन्त में) आरंभ करते हुए सभी कारकों (कर्ता कारक को छोड़ कर) की एकवचन तथा बहुवचन संज्ञाओं का निम्नलिखित प्रकार से विश्लेषण कीजिये:

कारक की आवश्यकता वाले शब्द सहित संज्ञा	कर्ता कारक एकवचन	लिंग	पाठ में शब्द का वचन	पाठ में शब्द का कारक
на у́лицах	у́лица	स्त्री०	ब० व०	संबंध-सूचकीय
на у́лицах Москвы́	Москва́	स्त्री०	ए० व०	संबंध

संज्ञाओं की विभक्तियों को रेखांकित कीजिये।

२. वे संज्ञाएं बताइये जिनसे निम्नलिखित विशेषण बने हैं:

сове́тский, наро́дный, верхо́вный, моско́вский, желе́зный, госуда́рственный, центра́льный, культу́рный

३. **Иску́сство** शब्द के साथ कई वाक्य लिखिये।

४. निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये:

1. Вот ко́мната **това́рища Ивано́ва.** Здесь мно́го **све́та.** В ко́мнате два **окна́.** Окна **ко́мнаты** выхо́дят на у́лицу. На сте́нах не́сколько **карти́н.** В шкафа́х мно́го **книг.** На столе́ я не ви́жу **календаря́.**

2. На столе́ мно́го **фру́ктов** и коро́бка **конфе́т.** В ва́зе пятна́дцать **груш,** деся́ток **я́блок** и четы́ре **апельси́на.** Вот **кило́ мёду** (мёда) и литр **молока́.** Да́йте, пожа́луйста, **ча́ю** (ча́я). Я не **люблю́ молока́.**

५. निम्नलिखित वाक्यों में करण कारक का कार्य बताइये:

1. В лесу́ стуча́ли **топора́ми.** 2. В по́ле **колхо́зники** убира́ли **хлеб комба́йном.** 3. Они́ занима́лись **убо́ркой** (कटाई) пшени́цы. **4.** Колхо́зники бы́ли дово́льны **урожа́ем.** 5. Агроно́м руководи́л **рабо́тами** в по́ле. 6. Ва́ся управля́л **маши́ной.**

६. (क) यह बताइये कि निम्नलिखित संबध-सूचक किन कारकों के साथ प्रयोग किये जाते हैं। उन संबंध-सूचकों को रेखांकित कीजिये जो दो कारक ले सकते हैं।

उदाहरण: без + संबंध; в (во) + कर्म और संबंध-सूचकीय

без, в (во), вдоль, вокру́г, для, до, за, из, из-за, к, ме́жду, ми́мо, на, над, о (об), о́коло, от, пе́ред, по, под, посереди́не, по́сле, при, про́тив, с, среди́, у, че́рез

(ख) उपर्युक्त संबंध-सूचकों को निम्नांकित सारणी के अनुसार लिखिये:

संबंध	संप्रदान	कर्म	करण	संबंध-सूचकीय
без, आदि	к (ко), आदि,	в आदि,	за, आदि,	в (во) आदि

७. प्रत्येक वाक्य का हिन्दी में अनुवाद कीजिये। यह सूचित कीजिये कि क्या у, по और за संबंध-सूचकों का अनुवाद निम्नलिखित उदाहरणों में एक ही प्रकार से किया जाता है:

1. Студе́нт Ми́ша был у профе́ссора Ники́тина. У профе́ссора Ники́тина мно́го книг. Его́ пи́сьменный стол стои́т у окна́.

2. Мы рабо́таем по пла́ну. Я занима́юсь грамма́тикой ка́ждый день по ча́су. Ива́н — мой това́рищ по шко́ле. Ива́н и Никола́й беру́т в библиоте́ке по кни́ге. По вечера́м мы слу́шаем ра́дио из Москвы́. По у́лице е́дет автомоби́ль.

3. За стено́й игра́ет му́зыка. Я иду́ в библиоте́ку за кни́гами. Мы сиди́м за столо́м.

८. कोष्ठक में दी गई संज्ञाओं को अर्थ के अनुसार संबंध या करण कारक में उपयोग करते हुए निम्नलिखित वाक्यों को फिर से लिखिये:

1. С (шум) бегу́т ре́ки с (гора́). 2. Пассажи́ры схо́дят с (парохо́д) с (ве́щи). 3. С (мо́ре) ду́ет ве́тер. 4. С (у́тро) колхо́зники рабо́тали в по́ле. 5. Ве́чером с (земля́) поднима́лся тума́н. 6. Де́вушки с (пе́сни) возвраща́лись с (по́ле). 7. Я сажу́сь с (лётчик) в самолёт. 8. Самолёт поднима́ется с (аэродро́м). 9. Мы лети́м с (се́вер) на юг. 10. По кома́нде я сме́ло пры́гаю с (самолёт) вниз.

९. यहाँ कौनसा संबंध-सूचक आवश्यक है:

(क) из या от?

1. Я ча́сто получа́ю пи́сьма ... това́рищей. 2. Спортсме́ны е́дут ... Москвы́ в Ленингра́д. 3. ... кого́ вы зна́ете о конце́рте? 4. Я зна́ю э́то ... газе́т. 5. ... Москвы́ до Ленингра́да 600 киломе́тров. 6. Я выхожу́ ... магази́на. 7. Мы идём ... институ́та домо́й. 8. ... па́рка идёт доро́га к колхо́зу. 9. ... фа́брики до го́рода 2 киломе́тра. 10. Де́ти иду́т ... шко́лы.

(ख) в, на या по?

1. ... не́бу плыву́т облака́. 2. ... не́бе ни о́блака. 3. Мы е́хали ... доро́ге. 4. ... лесу́ бы́ло ти́хо. 5. Де́ти бе́гали ... траве́. 6. Я люблю́ сиде́ть ... траве́. 7. ... го́роду мча́тся автомоби́ли. 8. ... Москве́ мно́го троллейбусов.

१०. कोष्ठक में दी गई संज्ञाओं को आवश्यक कारक में रखते हुए निम्नलिखित वाक्यों को फिर से लिखिये :

1. Мы е́дем на (парохо́д) по (Во́лга). 2. Парохо́д идёт вверх по (река́), про́тив (тече́ние). 3 Наступа́ет ве́чер. На (не́бо) нет ни (звёзды) ни (луна́). 4. Пассажи́ры прово́дят вре́мя на (па́луба) и любу́ются (Во́лга). 5. Днём за (парохо́д) летя́т бе́лые ча́йки. 6. Наш парохо́д остана́вливается в (Улья́новск). 7. Мы посеща́ем (музе́й) Ле́нина и осма́триваем го́род. 8. Пото́м мы возвраща́емся на (парохо́д) и продолжа́ем путеше́ствие. 9. Вот уже́ с (парохо́д) ви́ден го́род Го́рький. 10. Го́род Го́рький располо́жен на (склон) (гора́). 11. Мы с (това́рищи) сади́мся на друго́й парохо́д и плывем по (Во́лга) да́льше, вверх по (тече́ние). 12. Здесь у (Во́лга) краси́вые зелёные берега́. 13. Мы е́дем в (Москва́). 14. Наш парохо́д прохо́дит че́рез Моско́вское мо́ре и плывет по (кана́л) и́мени Москвы́. 15. Мы приближа́емся к (столи́ца). 16. Вот краси́вый Моско́вский вокза́л на (кана́л). 17. Пассажи́ры схо́дят с (парохо́д). 18. Мы ра́ды (Москва́).

अभ्यासों की कुंजी

पहला भाग

Урок 1 — पहला अध्याय

चौथा अभ्यास

1. Дом тут. 2. Мост там. 3. Вот дом. 4. Вот мост.

Урок 2 — दूसरा अध्याय

तीसरा अभ्यास

ла́мпа, ва́за, ра́ма, па́рта, трава́.

चौथा अभ्यास

фа́за, фра́за, фо́рма, завод́, рабо́та, страна́, сла́ва, футбо́л, и́ва, трава́, ра́ма, труба́, но́та, сно́ва, луна́.

पाँचवाँ अभ्यास

इस पुस्तक के अन्त में दिया हुआ शब्द-सग्रह देखिये।

छठा अभ्यास

Вот ла́мпа, стул и стол. Там па́рта. Тут план.

Урок 3 — तीसरा अध्याय

तीसरा अभ्यास

э́то, Москва́, вода́, хло́пок, фонта́н, вокза́л, потоло́к, окно́, доска́, сло́во.

पाँचवाँ अभ्यास

1. Это ка́рта. Тут Во́лга. Вот кана́л. Там мост. Вот бу́хта. Вот Баку́. 2. Это класс. Тут доска́, ка́рта и ла́мпа. Тут уро́к. Вот сло́во «завод́».

Урок 4 — चौथा अध्याय

चौथा अभ्यास

पुल्लिंग: стул, рот.

स्त्रीलिग: страна́, ла́мпа, рука́, ка́рта.

नपुसक-लिग: сло́во, я́блоко.

पाँचवाँ अभ्यास

мой стул, мой рот.
моя́ страна́, моя́ ла́мпа, моя́ рука́, моя́ ка́рта.
моё сло́во, моё я́блоко.

छठा अभ्यास

Это ко́мната. Это класс. Тут я даю́ уро́к. Там зал. Там поёт мой брат Юра. Это ка́рта. Тут Во́лга, а там Дон.

Урок 5 — पाँचवाँ अध्याय

तीसरा अभ्यास

(मृदु व्यजन मोटे टाइप में छपे हुए हैं)

да — дя́дя; она́ — Со́ня; тётя — там; мир — мост; ва́за — газе́та; фа́брика — фи́зик; мост — ме́сто; страна́ — кни́га; здесь — нос; кана́л — Ню́ра.

चौथा अभ्यास

й + स्वर: маяк, каю́та, е́ду, ёлка.

मृदु व्यजन: зна́мя, Ню́ра, мел, тётя.

सातवाँ अभ्यास

Студе́нтка Со́ня говори́т: «Мой дя́дя — профе́ссор. Мой брат — колхо́зник. Я студе́нтка. Я говорю́ по-ру́сски».

Урок 6 — छठा अध्याय

दूसरा अभ्यास

पुल्लिग: самолёт, лес, мел.

स्त्रीलिंग: сестра́, река́, стена́, ня́ня.

नपुसक-लिंग: по́ле, сло́во.

तीसरा अभ्यास

(क) самолёт, твоя́, она́.

(ख) лети́т, се́вер, впереди́, река́, сестра́, рабо́тает.

Урок 7 — सातवाँ अध्याय

तीसरा अभ्यास

1. Я те́хник. Моя́ мать — рабо́тница. Мой брат — офице́р. Вы студе́нт.
2. Вот цех. Здесь рабо́тает мой сын. Он кузне́ц.
3. Там высоко́ лети́т самолёт. Он лети́т бы́стро.

Урок 8 — आठवाँ अध्याय

तीसरा अभ्यास

पुल्लिंग: (क) шкаф, журна́л, уче́бник, цех, уро́к. (ख) каранда́ш, врач.

स्त्रीलिंग: (क) шко́ла, (ख) кни́га, ру́чка, вещь.

नपुंसक-लिंग: (क) по́ле, (ख) ме́сто.

चौथा अभ्यास

(क) на́ша шко́ла, наш шкаф, наш журна́л, наш уче́бник, наш цех, на́ше по́ле, наш уро́к.

(ख) ва́ша кни́га, ва́ша ру́чка, ваш каранда́ш, ва́ше ме́сто, ва́ша вещь, ваш врач.

पाँचवाँ अभ्यास

1. Вот шко́ла. На́ша мать — учи́тельница.
2. Вот ша́хта. Там ваш оте́ц. Ваш оте́ц — рабо́чий.
3. Кто́ это? Это това́рищ Щу́кин. Он граждани́н СССР.
4. Мой брат ещё ученик. Ваш брат уже́ инжене́р.

Урок 9 — नवाँ अध्याय

दूसरा अभ्यास

(घोष व्यंजन मोटे टाइप में छपे हुए हैं)

дом, газе́та, жизнь, шко́ла, фа́брика, ла́мпа.

तीसरा अभ्यास

клуб [п], съезд [т], колхо́з [с], заво́д [т].

चौथा अभ्यास

पुल्लिंग: хлеб, ко́фе, мёд, обе́д, у́жин, клуб, съезд.
नपुसक-लिंग: ма́сло, молоко́, ко́фе, мя́со, объявле́ние.

Урок 10 — दसवां अध्याय

पहला अभ्यास

мать (т + ь), ро́дина (и के पहले д), о́чень (н + ь), лёд (ё के पहले л), снег (е के पहले н), тепло́ (е के पहले т), дядя (я के पहले दोनों д वर्ण).

दूसरा अभ्यास

й + स्वर: маяк, он поёт, я зна́ю, моя́, е́ду, я́хта, ёлка.
मृदु व्यंजन: самолёт, де́ти, лю́ди.

तीसरा अभ्यास

ग) клуб [п], колхо́з [с], сад [т], хлеб [п], Ивано́в [ф], мёд [т], снег [к].

चौथा अभ्यास

жизнь, маши́на, чай, часы́.

पाँचवाँ अभ्यास

Со́лнце све́тит я́рко. Моро́з. Снег блести́т.

Урок 11 — ग्यारहवाँ अध्याय

दूसरा अभ्यास

Алта́й, Архáнгельск, Байка́л, Баку́, Во́лга, Дон, Кавка́з, Ленингра́д, Москва́, Оде́сса, Памир, Ри́га, Сталингра́д, Тбили́си, Ульяновск, Ура́л, Эльбру́с, Ялта.

तीसरा अभ्यास

Анна, Ви́ктор, Екатери́на, Ива́н, Мари́я, Михаи́л, Со́фья, Юрий.

चौथा अभ्यास

ж, ч, ш, щ

पाँचवाँ अभ्यास

е, ё, ю, я

छठा अभ्यास

е, ё, и, ю, я के पहले।

सातवाँ अभ्यास

१. यह घर, आंगन तथा बग़ीचा है। यह स्कूल है। यह कमरा है। यह कक्षा है। यहाँ मेरा पुत्र मिशा इवानोव है। साथी श्चुकिन अध्यापक है। वह पाठ दे रहा है।

२. यहाँ पुस्तक, समाचारपत्र तथा पत्रिका है। वहाँ एक पेन्सिल और काग़ज़ है। यहाँ नक़्शा है। यहाँ मास्को शहर है। मास्को सोवियत सघ की राजधानी है।

३. हवाई जहाज़ दक्षिण की ओर उड़ रहा है। अब वहां गरमियों के दिन हैं। सूरज प्रखरता से चमक रहा है। वहाँ गरमी, खूब गरमी है। आगे ओदेसा शहर और बंदरगाह है।

दसवाँ अभ्यास

три, семь, пять, два, во́семь, шесть, де́вять, четы́ре, де́сять, двена́дцать.

दूसरा भाग

Урок 12[a]

पहला अभ्यास

(क) शब्दसंग्रह के अनुसार अनुवाद को जाँच लीजिये।

(ख) प्राणिवाचक संज्ञाएं: учени́к, ры́ба, колхо́зница, оте́ц, де́вушка, сын, това́рищ, дя́дя, врач, мать, студе́нтка.

पदार्थवाचक तथा भाववाचक संज्ञाएं: ша́хта, ды́ня, ме́сто, самолёт, по́ле, лес, река́, клуб, страна́, нау́ка, не́бо, земля́, фа́брика, заво́д, сло́во, хлеб, ма́сло, чай, са́хар. ко́фе, молоко́, кни́га, бума́-

га, зна́ние, план, уро́к, бу́ква, столи́ца, объявле́ние, жизнь, ночь, журна́л, каранда́ш, рожь, карти́на, зима́, ле́то, май, статья́, бу́хта, пол, стена́, потоло́к.

दूसरा अभ्यास

पुल्लिंग (он — वह)	स्त्रीलिंग (она́ — वह)	नपुसक-लिग (оно́ — वह)
учени́к	ша́хта	ме́сто
самоле́т	ры́ба	по́ле
лес	ды́ня	не́бо
клуб	река́	сло́во
оте́ц	колхо́зница	ма́сло
заво́д	страна́	ко́фе (पुल्लिंग में भी प्रयुक्त है)
хлеб	нау́ка	молоко́
чай	земля́	зна́ние
са́хар	де́вушка	объявле́ние
ко́фе	фа́брика	ле́то
план	кни́га	
уро́к	бума́га	
сын	бу́ква	
това́рищ	столи́ца	
дя́дя	жизнь	
врач	ночь	
журна́л	рожь	
каранда́ш	карти́на	
май	мать	
пол	зима́	
потоло́к	статья́	
	студе́нтка	
	бу́хта	
	стена́	

तीसरा अभ्यास

1. Это шко́ла? Да. 2. Это фа́брика? Нет. Это не фа́брика, а шко́ла. 3. Това́рищ Щу́кин не рабо́чий? Нет, он рабо́чий. 4. Это не журна́л? Нет, э́то журна́л. 5. Вы учи́тель? Нет, я не учи́тель, я инжене́р.

चौथा अभ्यास

1. Товарищ Ивано́в (Ники́тин) — инжене́р. Това́рищ Ивано́ва (Ники́тина) — инжене́р. 2. Ве́ра Ивано́ва (Ники́тина) — студентка. 3. Вот мой брат Никола́й Ивано́в (Ники́тин). 4. Со́ня Иванова (Ники́тина) — рабо́тница. 5. Ви́тя Ивано́в (Ники́тин) — мой това́рищ.

Урок 12[6]

पहला अभ्यास

англича́нин — англича́нка, америка́нец — америка́нка, кита́ец — китая́нка, не́мец — не́мка, комму́нист — комму́нистка, комсомо́лец — комсомо́лка пионе́р — пионе́рка, учени́к — учени́ца, крестья́нин — крестья́нка, колхо́зник — колхо́зница, журнали́ст — журнали́стка.

दूसरा अभ्यास

पुल्लिंग	स्त्रीलिंग	नपुसक-लिंग
дива́н	ко́мната	окно́
шкаф	дверь	зна́ние
стол	ла́мпа	письмо́
журна́л	нау́ка	сча́стье
труд	жизнь	
уче́бник	газе́та	
рома́н	пра́вда	
мир	война́	
	по́весть	
	кни́га	
	тетра́дь	

तीसरा अभ्यास

1. Кто́ э́то? Это това́рищ Ивано́в. Что́ э́то? Это наш уче́бник.

2. Это журна́л? { Да. / Нет, э́то уче́бник. / Э́то не журна́л, а уче́бник.

3. Как ва́ше и́мя? Моё и́мя Арун Гупта. А как ва́ше и́мя? Моё и́мя Ива́н. Моя́ фами́лия Ники́тин.

चौथा अभ्यास

1) сло́во, слова́рь — слов-, 2) дом, до́ма, домо́й — дом-; 3) уче́бник, изуча́ю — уч-.

Урок 13[а]

पहला अभ्यास

(क) столи́цы, пла́ны, самолёты, колхо́зы, шко́лы, маши́ны, кни́ги, нау́ки, фа́брики, уро́ки, зна́ния, но́вости, но́чи, ла́мпы, фами́лии.

(ख) ученики́, сады́, дворы́, мосты́, слова́, места́, поля́, моря́, леса́, дома́.

(ग) ре́ки, зе́мли, го́ры, о́кна.

दूसरा अभ्यास

е

तीसरा अभ्यास

англича́не, крестья́не

चौथा अभ्यास

1. Ивано́вы. 2. Ники́тины. 3. Щу́кины. 4. Жи́лины.

Урок 13[б]

पहला अभ्यास

१. у́лицы — у́лица स्त्री०, пло́щади — пло́щадь स्त्री०, фа́брики — фа́брика स्त्री०, заво́ды — заво́д पु०, институ́ты — институ́т पु०, шко́лы — шко́ла स्त्री०, теа́тры — теа́тр पु०, музе́и — музе́й पु०, города́-геро́и — го́род-геро́й पु०, моря́ — мо́ре नपु०, ре́ки — река́

स्त्री०, го́ры — гора́ स्त्री०, доли́ны — доли́на स्त्री०, озёра—о́зеро नपुं०, поля́ — по́ле नपुं०, леса́ — лес पु०, города́ — го́род पु०, колхо́зы — колхо́з पु०, ша́хты—ша́хта स्त्री०.

२. о́кна — окно́ नपु०, две́ри — дверь स्त्री०, кни́ги — кни́га स्त्री०, тетра́ди — тетра́дь स्त्री०, ру́чки — ру́чка स्त्री०, те́ксты — текст पु०, словари́ — слова́рь पु०, упражне́ния — упражне́ние नपु०.

३. студе́нты—студе́нт पु०, сёстры—сестра́ स्त्री०, учи́тельницы—учи́тельница स्त्री०, колхо́зники — колхо́зник पु०.

दूसरा अभ्यास

1. Где уче́бник? Он здесь. 2. Где письмо́? Оно́ там. 3. Где газе́та? Вот она́.

तीसरा अभ्यास

заво́ды и фа́брики, институ́ты и шко́лы, теа́тры и музе́и, ре́ки и озёра, города́ и дере́вни, леса́ и поля́, у́лицы и пло́щади, кни́ги и тетра́ди, те́ксты и словари́, брат и сестра́.

Урок 14[a]

पहला अभ्यास:

(ख) १. तुम रूसी पढते (पढ़ रहे) हो। २. हम अंग्रेजी बोलते (बोल रहे) हैं। ३. वेरा और कोल्या अंग्रेज़ी बोलते (बोल रहे) हैं। ४. क्या तुम गा सकते हो? ५. जी हाँ, मैं (गा) सकता हूँ। ६. साथी इवानोव क्या कर रहा है? ७. वह काम कर रहा है। ८. तुम क्या कर रहे हो? ९. मैं पढ़ रहा हूँ। १०. यहाँ रूसी अच्छी तरह कौन समझता (जानता) है? ११. हम रूसी अच्छी तरह समझते हैं। १२. मैं रूसी समझता हूँ और (लेकिन) वह नहीं (समझता)। १३. साथी इवानोव तथा साथी निकितिन कैसा काम करते हैं? १४. वे अच्छा काम करते हैं। १५. तुम क्या कर रहे हो? १६. हम पढ़ रहे हैं।

ग) 1. чита́ете — मध्यम पु० ब० व०, 2. говори́м — उत्तम पु० ब० व०, 3. говоря́т — अन्य पु० ब० व०, 4. уме́ете — मध्यम पु० ब० व०, 5. уме́ю — उत्तम पु० ए० व०, 6, 7. де́лает, рабо́тает अन्य पु० ए० व०, 8. де́лаешь — मध्यम पु० ए० व०, 9. чита́ю — उत्तम पु० ए० व०,

10. понима́ет — अन्य पु० ए० व०, 11. понима́ем उत्तम पु० ब० व०, 12. понима́ю — उत्तम पु० ए० व०, 13, 14. рабо́тают अन्य पु० ब० व०, 15. де́лаете — मध्यम पु० ब० व०, 16. чита́ем उत्तम पु० ब० व०।

दूसरा अभ्यास

१. (क) तुम रूसी समझते हो। (ख) तुम रूसी समझते हो?

२. (क) साथी इवानोव पढ़ रहा है। (ख) साथी इवानोव पढ़ रहा है?

३. (क) तुम गा सकते हो। (ख) तुम गा सकते हो?

तीसरा अभ्यास

1. Вы не понима́ете по-ру́сски. 2. Това́рищ Ивано́в не чита́ет. 3. Вы не уме́ете петь.

चौथा अभ्यास

1. уме́ю 2. уме́ешь 3. уме́ем 4. уме́ете 5. уме́ют.

पाँचवाँ अभ्यास

рабо́таю, рабо́таешь, рабо́тает, рабо́таем, рабо́таете, рабо́тают; говорю́, говори́шь, говори́т, говори́м, говори́те, говоря́т.

छठा अभ्यास

1. Что вы де́лаете? Мы рабо́таем. 2. Что де́лает това́рищ Ивано́в? Он чита́ет. 3. Он чита́ет по-ру́сски? Нет, он чита́ет по-англи́йски. 4. Ко́ля и Ве́ра уме́ют петь? Ко́ля уме́ет, а Ве́ра нет. 5. Кто здесь понима́ет по-англи́йски? Това́рищ Ники́тин и я.

Урок 14[б]

पहला अभ्यास

говорю́ — उत्तम पु० ए० व०, द्वि० गण; изуча́ю, понима́ю — उत्तम पु० ए० व०, प्र० गण; изуча́ешь, понима́ешь मध्यम पु० ए० व० प्र० गण; говори́шь — मध्यम पु० ए० व०, द्वि० गण; говори́т अन्य पु० ए० व०, द्वि० गण; уме́ет — अन्य पु० ए० व०, प्र० गण; говори́те — मध्यम पु० ब० व०, द्वि० गण; де́лаете — मध्यम पु० ब० व०, प्र० गण; чита́ем — उत्तम पु० ब० व०, प्र० गण; рабо́тает — अन्य पु० ए० व०, प्र० गण; рабо́тают — अन्य पु० ब० व० प्र० गण।

दूसरा अभ्यास

1. ты, 2. мы, 3. они́, 4. вы, 5. вы, 6. вы.

तीसरा अभ्यास

1. понима́ю, 2. говори́м, 3. уме́ет. 4. понима́ет, 5. де́лают.

छठा अभ्यास

1. Моя́ сестра́ говори́т по-ру́сски. 2. Мы изуча́ем ру́сский язы́к. 3. Студе́нты Ча́ндра и Кара́ян хорошо́ говоря́т по-неме́цки. 4. Вы уме́ете чита́ть по-ру́сски и по-францу́зски. 5. Студе́нты Па́влов и Ники́тин понима́ют по хи́нди.

Урок 15[a]

पहला अभ्यास

(क) १. मैं घर जा रहा हूं। २. साथी इवानोव तथा पावलोव यहाँ काम करते (कर रहे) हैं। ३. तुम रूसी अच्छी तरह लिखते हो। ४. हम पढ़ रहे हैं। ५. मैं रूसी कुछ समझता हूं और बोलता हूं। ६. तुम क्या पढ (अध्ययन कर) रहे हो? ७. कौन जानता है कि 'शहर' के लिये रूसी (शब्द) क्या है? ८. तुम क्या कर रहे हो?

(ख) 1. иду́ — उत्तम पु० ए० व०, प्र० गण; 2. рабо́тают अन्य पु० ब० व०, प्र० गण; 3. пи́шете — मध्यम पु० ब० व०, प्र० गण; 4. чита́ем — उत्तम पु० ब० व०, प्र० गण; 5. понима́ю — उत्तम पु० ए० व०, प्र० गण; говорю́ — उत्तम पु० ए० व०, द्वि० गण; 6. у́чите — मध्यम पु० ब० व०, द्वि० गण; 7. зна́ет — अन्य पु० ए० व०, प्र० गण; 8. де́лаешь — मध्यम पु० ए० व०, द्वि० गण।

दूसरा अभ्यास

1. пи́шем, 2. иду́т, 3. поёте, 4. сиди́м и чита́ем, 5. идёте, 6. де́лают, 7. говоря́т, 8. сидя́т и пи́шут, 9. понима́ем, 10. иду́т и пою́т.

तीसरा अभ्यास

рабо́тай — рабо́тайте, учи́ — учи́те, сиди́ — сиди́те, пиши́ — пиши́те.

चौथा अभ्यास

1. Вот кни́га, чита́йте, пожа́луйста. 2. Вот ру́чка и бума́га, пиши́те, пожа́луйста. 3. Куда́ вы идёте? 4. Сиди́те здесь. 5. Что вы там де́лаете? Иди́те сюда́! 6. Где он? Он до́ма.

Урок 15[6]

पहला अभ्यास

१. मैं पाठ के लिये जा रहा हूँ। २. हम रूसी पढ़ रहे (पढ़ते) हैं। ३. अध्यापक (इमला) लिखवा रहे हैं। ४. वह धीरे से बोल रहे हैं। ५. हम ध्यानपूर्वक सुन रहे हैं। ६. मैं सब कुछ (हर बात) समझता हूँ। ७. सभी बच्चे बैठ (कर) तथा लिख रहे हैं। ८. तुम अच्छी तरह लिखते हो। ९. हम रूसी पढ़ तथा लिख सकते हैं।

दूसरा अभ्यास

क्रिया	प्रत्यय	पुरुष	वचन	गण
иду́	-у	उत्तम	ए० व०	प्र०
изуча́ем	-ем	”	ब० व०	”
дикту́ет	-ет	अन्य	ए० व०	”
говори́т	-ит	”	”	द्वि०
слу́шаем	-е ‹	उत्तम	ब० व०	प्र०
понима́ю	-ю	”	ए० व०	”
сидя́т	-я́т	अन्य	ब० व०	द्वि०
пи́шут	-ут	”	”	प्र०
пи́шешь	-ешь	मध्यम	ए० व०	”
уме́ем	-ем	उत्तम	ब० व०	”

तीसरा अभ्यास

1. ти́хо, 2. ме́дленно, 3. пло́хо.

पाँचवाँ अभ्यास

क) отвеча́й — отвеча́йте, стой — сто́йте, рабо́тай — рабо́тайте, слу́шай — слу́шайте, пой — по́йте.

